हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 18.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 113 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### रूसी समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष ने की डोभाल से मुलाकात

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति के सहयोगी और रूसी समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष निकोले पेत्रुशेव भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारत के राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता के साथ बातचीत की। रुसी दूतावास ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। दूतावास की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि समुद्री सहयोग पर रूस-भारत परामर्श आज नई दिल्ली में होगा। दूसरी ओर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मास्को में मुलाकात प्रस्तावित है। दोनों पक्ष इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग, चल रहे राजनयिक संबंधों और भारत एवं रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से आगामी राजनीतिक पहलों की विस्तृत समीक्षा कर सकते हैं। शुक्रवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में बैठक की घोषणा की। इसमें कहा गया कि विदेश मंत्री लावरोव अपने भारतीय समकक्ष डॉ. जयशंकर से मास्को में मुलाकात करेंगे। दोनों मंत्री आगामी राजनीतिक संपर्कों, प्रमुख द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### आजम खां और अब्दुल्ला भेजे गए जेल

**रामपुर :** दो पैन कार्ड मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी करार दिया तो वहां का माहौल एकदम बदल गया। फैसला सुनते ही दोनों कुछ क्षणों तक एक-दूसरे को देखते रह गए। चेहरे पर तनाव और भविष्य की चिंता साफ झलक रही थी। जेल जाने से पहले बड़े बेटे अदीब ने आजम खां का गला चूमा और भाई अब्दुल्ला को गले लगाया। दोपहर बाद कोर्ट ने सजा सुनाते हुए आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की कैद और 50-50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। इसके बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जिला जेल भेज दिया गया। यह मामला 2019 में गंज थाने में दर्ज हुआ था। जब शहर विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम पर दो जन्म प्रमाणपत्र रखने का आरोप लगाया था।

### दिल्ली ब्लास्ट में घायल दो और लोगों की मौत

**नयी दिल्ली :** 10 नवंबर को हुए दिल्ली ब्लास्ट केस में घायल दो और लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 15 हो गया है। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती लुकमान और विनय पाटक ने दम तोड़ दिया। पिछले गुरुवार को बिलाल नाम के एक घायल की मौत हो गई थी जिससे मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 13 हो गया था। दिल्ली के भीड़भाड़ वाले लाल किला इलाके में रेड लाइट पर स्लो ट्रैफिक के बीच आई-20 कार में शाम सात बजे के करीब जबरदस्त धमाका हुआ था। धमाका इतना तेज था कि आस पास की कुछ गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। इस धमाके से पूरा देश सहम गया। बाद में केंद्र सरकार ने इसे आतंकी हमला करार दिया। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। एनआईए ने इस मामले में पहली गिरफ्तारी की। आमिर राशिद नाम के आरोपी ने जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया। आमिर पर साजिश रचकर हमले को अंजाम देने का आरोप है। आमिर को गिरफ्तार करने के बाद पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया।

# शेख हसीना को सजा-ए-मौत के बाद ढाका में भड़की हिंसा, एक्शन में सरकार



एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा सुनाई गई है। इसके बाद ढाका में हिंसा भड़क उठी है। इसको लेकर यूनुस सरकार ऐक्शन में है और विभिन्न जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गौरतलब है कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है। उन्हें यह सजा पिछले साल सरकार के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान घातक कार्रवाई के लिए सुनाई गई है। ट्रिब्यूनल ने उनके अलावा पूर्व गृह मंत्री असदोज्जमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनाई है। इन दोनों को मानवता के विरुद्ध विभिन्न अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था।

बांग्लादेश में सुरक्षा एजेंसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के राजधानी ढाका स्थित मकान को सोमवार को ध्वस्त करने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। डेली स्टार समाचार पत्र ने रमना डिवीजन पुलिस उपायुक्त मसूद आलम के हवाले से बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए तेज आवाज करने वाले कई ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया। अखबार ने बताया कि लाठीचार्ज और ईंट-पत्थर फेंकने के दौरान कई प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

अखबार के अनुसार, फैसला सुनाए जाने से पहले ही प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह ने दो खुदाई मशीनों को धानमंडी 32 की ओर ले जाने की कोशिश की, जहां रहमान का घर है। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठियां चलाईं। कुछ प्रदर्शनकारी पंथापथ पर स्क्वायर अस्पताल के पास पुनः एकत्रित हो गए, जहां कानून प्रवर्तकों ने कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे।

ढाका में मीरपुर रोड और आसपास के इलाकों में यातायात स्थगित कर दिया गया तथा पड़ोस की अधिकांश दुकानें बंद कर दी गईं। अपराह्न लगभग 2:45 बजे, प्रदर्शनकारियों के भारी दबाव के बीच कानून प्रवर्तन अधिकारी पीछे हट गए। कुछ ही मिनट बाद सेना, पुलिस और आरएबी ने लाठियों और ग्रेनेडों का इस्तेमाल शुरू कर दिया, जिससे इलाके पर फिर से पूर्ण नियंत्रण हो गया। धानमंडी डिवीजन के अतिरिक्त उपायुक्त जिसानुल हक ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति में किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं देंगे।

### हम बांग्लादेशी नागरिकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधीकरण के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हम पड़ोसी देश के नागरिकों के सर्वोत्तम हित के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि भारत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के संबंध में 'बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' के फैसले पर ध्यान दिया है। एक निकट पड़ोसी के रूप में भारत बांग्लादेश के लोगों के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें उस देश में शांति, लोकतंत्र, समावेशिता और स्थिरता शामिल है। हम इस दिशा में सभी हितधारकों के साथ हमेशा रचनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामले में मृत्यु दंड सुनाया है।

## झारखंड पैविलियन में महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद बन रहे आकर्षण का केंद्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में इस वर्ष झारखंड पैविलियन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। झारखंड सरकार इस बार मेले में महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है। राज्य के विभिन्न जिलों से आई महिला कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों ने अपने कौशल, श्रम और रचनात्मकता से तैयार उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है। इन उत्पादों के माध्यम से झारखंड की हजारों महिलाओं को न सिर्फ रोजगार मिल रहा है, बल्कि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### झारखंड का तसर उद्योग आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का स्थायी स्रोत

पैविलियन का मुख्य आकर्षण वह लाइव डेमो है, जहां तसर सिल्क कोकून से रेशम धागा निकालने की परंपरागत प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया जा रहा है। प्रशिक्षित महिला कारीगर आगंतुकों को समझाती हैं कि किस तरह प्राकृतिक तसर कोकून को उबालकर उससे धागा निकाला जाता है और फिर उसे सूत में बदला जाता है। इसी लाइव डेमो के आगे "तम्सुम" उसी धागे से कपड़ा तैयार करने की प्रक्रिया को करघे पर प्रदर्शित करती हैं। यह संपूर्ण अनुभव दर्शकों के लिए अत्यंत अनूठा है और झारखंड के तसर उद्योग की समृद्ध परंपरा के साथ-साथ उसमें महिलाओं की विशाल भूमिका को भी उजागर करता है। यह उद्योग न केवल आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का स्थायी स्रोत है, बल्कि उन्हें आधुनिक बाजारों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम भी बन रहा है। पैविलियन में लगे विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। इनमें हस्तनिर्मित वस्त्र, हस्तशिल्प उत्पाद, प्राकृतिक और जैविक सामग्रियों से तैयार उत्पाद, तसर सिल्क पर आधारित परिधान और घरेलू सजावट की वस्तुएँ शामिल हैं।

## बिहार चुनाव परिणाम के खिलाफ कोर्ट जाएगा राजद! तेजस्वी यादव चुने गए विधायक दल के नेता



एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद आज पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। पटना के एक पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर या बैठक हुई है। करीब चार घंटे तक बैठक चली। राजद नेताओं के साथ तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की। इसके बाद तेजस्वी को विधायक दल का नेता चुन गया। राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि तेजस्वी को विधानमंडल दल का नेता चुना गया है। वह विधानसभा में पार्टी के नेता होंगे। बैठक में विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी हुई है। इसीलिए ऐसा चौंकाने वाला परिणाम आया है।

राजद के महज 25 प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत पाए। मामले में राजद नेता रामानुज यादव ने बताया कि बैठक के हर एक नेता से बातचीत की गई। रिपोर्ट कार्ड देखा गया। इसके साथ ही चुनाव के परिणाम को लेकर कोर्ट जाने पर भी चर्चा हुई। इसे लेकर महागठबंधन के नेताओं की भी राय ली जाएगी। इधर, लालू परिवार जारी घमासान के बीच इस बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती भी शामिल हुईं। उनके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह बाहुबली सूरजभान सिंह, विधायक भाई वीरेंद्र समेत कई वरिष्ठ नेता पहुंचे। बताया जा रहा है कि तेजस्वी यादव ने चुनाव में जीते और हारे हुए विधायकों को बुलाया था। सभी राजद नेता अपना अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आए थे। बैठक में तेजस्वी चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से फीडबैक लिया गया। इसके बाद राजद विधायकों ने सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया गया।

## नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक में तीन प्रस्तावों पर मुहर, मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रिपरिषद की आखिरी बैठक हुई, जिसमें तीन प्रस्तावों पर मुहर लगने के बाद नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा प्रदेश के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सौंप दिया।

नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उनसे नई सरकार के गठन होने तक राज्य का कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने का आग्रह किया है। इस्तीफे से पहले नीतीश कुमार ने सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक की। बैठक में मंत्रीमंडल को भंग करने का प्रस्ताव पास हुआ।

इससे पहले नीतीश कुमार की सोमवार को संपन्न आखिरी कैबिनेट बैठक में कुल तीन प्रस्तावों पर मुहर लगी। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि आज मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल तीन प्रस्ताव पास हुए। पहले प्रस्ताव के तहत, मंत्रिमंडल ने 19 नवंबर से वर्तमान विधानसभा को भंग करने की सिफारिश की है। दूसरे प्रस्ताव में पूरे कार्यकाल के दौरान बिहार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया। तीसरे प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद ने हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिले भारी बहुमत के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी और आभार व्यक्त किया।



आज मंत्री परिषद की बैठक बुलाते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी। नीतीश कुमार अपने आवास से मंत्री विजय चौधरी और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ निकले। बैठक सचिवालय के कैबिनेट हॉल में हुई, जिसमें कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद थे। यह बैठक नीतीश कुमार सरकार की अंतिम बैठक थी, इसलिए इसमें एक धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया गया।

सूत्रों के मुताबिक 20 नवंबर को नीतीश कुमार 10वीं बार बतौर मुख्यमंत्री शपथ ले सकते हैं। उनके साथ-साथ 31 मंत्री भी पद और गोपनीयता की शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम राजधानी पटना स्थित गांधी मैदान में होगा और इस कार्यक्रम में राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो सकते हैं। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

## मदीना में बस हादसा, एक ही परिवार के 18 लोगों सहित 45 की मौत, अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सऊदी ले जाएगी सरकार

### राज्य सरकार सऊदी अरब भेजेगी पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख देगी राज्य सरकार

एजेंसी

**हैदराबाद :** सऊदी अरब में बस दुर्घटना में मारे गए लोगों में से हैदराबाद के एक ही परिवार के 18 लोगों सहित 45 की मौत हो गई। तेलंगाना सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। सरकार मारे गए लोगों का वहीं अंतिम संस्कार कराने के लिए प्रत्येक परिवार से दो सदस्यों को और मंत्री अजहरुद्दीन के साथ पांच लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब भेज रही है।

मदीना हादसे को लेकर सोमवार को राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में मदीना में सड़क हादसे में मारेगए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की गई है। मंत्रिमंडल ने



दुर्घटना प्रभावित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने सुझाव दिया है कि मंत्री अजहरुद्दीन, एमआईएम के एक विधायक और अल्पसंख्यक मोर्चा के एक अधिकारी सहित एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल तुरंत सऊदी अरब भेजा जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि शवों का अंतिम संस्कार वहां धार्मिक परंपरा के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए प्रभावित परिवार के दो सदस्यों को ले जाने की व्यवस्था सरकार कर रही है।

सऊदी अरब में हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 18 लोगों की मौत हुई है। यह परिवार हैदराबाद के विद्यानगर निवासी नजीरुद्दीन का है। नसीरुद्दीन सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी थे। वह अपने परिवार के साथ मक्का की तीर्थयात्रा पर गए थे। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही नसीरुद्दीन के रिश्तेदार और दोस्त उनके घर पहुंच गए। एक परिवार के 18 लोगों की मौत से इलाके में मातम छाया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार तड़के सऊदी अरब में मदीना के पास भारतीय श्रद्धालुओं से भरी बस एक टैंकर से टकरा गई, जिसके बस में आग गई। तेलंगाना हज समिति ने एक बयान जारी कर बताया कि इस सड़क हादसे में मरने वालों में 17 पुरुष, 18 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। ये सभी हैदराबाद के निवासी थे। उन्होंने बताया कि ये सभी इसी महीने की 9 तारीख को चार ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से उमराह के लिए निकले थे। मक्का की तीर्थयात्रा के बाद यह सभी मदीना जा रहे थे। मदीना से 25 किलोमीटर पहले उनकी बस की एक डीजल टैंकर में टक्कर हो गई।

### प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब में हुए हादसे में भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत पर दुःख जताया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब के मदीना-मक्का राजमार्ग पर हुए हादसे में भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा, मदीना में भारतीय नागरिकों से जुड़ी दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## राजभवन से हथियारों की आपूर्ति के आरोपों पर राज्यपाल ने पुलिस को दिया तलाशी का आदेश

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद कोलकाता पुलिस और केंद्रीय पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बम निरोधक इकाई को राजभवन परिसर में संयुक्त तलाशी के निर्देश दिए हैं।

कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया था कि राजभवन से भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राज्यपाल स्वयं तलाशी अभियान का नेतृत्व करेंगे। सोमवार को जारी राजभवन के बयान में कहा गया कि राज्यपाल ने अपना बाहरी दौरा छोटा कर तत्काल कोलकाता लौटने का निर्णय लिया है। उनके निर्देश पर संपूर्ण राजभवन और उसके आसपास संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जाएगा, जिसका नेतृत्व स्वयं राज्यपाल करेंगे। इस अभियान में कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस चौकी, सीआरपीएफ बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉडकी टीमों के शामिल होने की पुष्टि की गई है। राजभवन की ओर से बताया कि तलाशी अभियान में आपदा प्रबंधन विभाग और नागरिक सुरक्षा विभाग भी भाग लेंगे। पूरे अभियान का प्रत्यक्ष प्रसारण किया जाएगा, जिसमें मीडिया और नागरिक समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

इससे पहले राजभवन ने कोलकाता पुलिस को निर्देश दिया था कि कल्याण बनर्जी के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की जाए। साथ ही यह चेतावनी भी जारी की गई थी कि निर्देशों का पालन न करने पर राज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र का उपयोग कर कार्रवाई कर सकते हैं। दरअसल, शनिवार को मीडिया से बातचीत में कल्याण बनर्जी ने कहा था कि राज्यपाल पश्चिम बंगाल में "अयोग्य और पक्षपाती" भूमिका निभा रहे हैं।

## एक नजर

### पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी का निधन, लोगों ने शोक व्यक्त किया



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता सांड गांव निवासी 74 वर्षीय पूर्व प्रमुख मुरलीधर दांगी हमारे बीच नहीं रहे।सॉंड़ श्मशान घाट में इकलौते पुत्र हरिशंकर ने पिता को मुखाग्नि दी। मुरलीधर 1973 में पहली बार , दूसरी बार 1978 में मुखिया बने थे। वहीं 1973 से सीपीआई के आजीवन 52 वर्षों तक सक्रिय कार्यकर्ता बने रहे। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि इनके निधन से सामाजिक रूप से बडका गांव को काफी नुकसान हुआ है। समाज सेवा के लिए लोग याद रखेंगे। निधन पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बालेश्वर कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कोलेश्वर गंझु, अनिरुद्ध कुमार, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पंसस उपेंद्र प्रसाद ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईंया, पूर्व मुखिया भीखन महतो, सेवानिवृत डीएसपी मुकुटधरी महतो पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद , भवानी प्रसाद, गणेश महतो आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सत्संग गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बरही** : ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से शकुंतला पैलेस में सोमवार को सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार गुप्ता एवं संचालन डॉक्टर महेश प्रसाद मेहता ने किया। कार्यक्रम में ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान, माल्यार्पण एवं उद्घोष सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी राजेश कुमार तथा स्वर्वेद का अखंड पाठ समुद्री देवी ने किया। भजन कृष्ण गुप्ता, अनीता देवी, समुद्री देवी एवं कैलाश प्रसाद केशरी ने किया। वहीं प्रवचन राजेश कर एवं डॉ महेश प्रसाद ने किया। इस दौरान अनुमंडल सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने मौके पर मौजूद सभी गुरु भाई एवं बहनों को विस्तार पूर्वक ब्रह्म विद्या विहंगम योग की विशेषता को बताया। साथ ही स्वर्वेद ग्रन्थ के बारे में भी जानकारी दी। मौके मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर रविन्द्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, अनीता देवी, राजेश कुमार, कैलाश केशरी, सत्येंद्र सिंह, भारती देवी, सुनील कुमार, सोनू कुमार, मो आशिफ आदि लोग मौजूद थे।

# बरही चौक पर हवाई फायरिंग कर जय माता दी ज्वेलर्स से चार करोड़ रुपये की जेवरात एवं दो लाख नकदी की लूट

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही चौक पटना रोड स्थित जय माता दी ज्वेलर्स दुकान से अपराधियों ने चार करोड़ रुपए की जेवरात एवं दो लाख रुपए की नकदी लूट कर फरार हो गए। घटना रविवार रात लगभग नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक जय माता दी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर सुरेन्द्र कुमार पटना रोड में अपना जेवरात का दुकान चलाते है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से रोज दुकान बंद करने के पूर्व अपनी कार सारा जेवरात निकाल कर घर ले जाते थे और सुबह अपने वाहन से समान लाकर अपनी दुकान में लाकर जेवर बेचते थे। इसी तरह रविवार रात नौ बजे रोज की तरह दुकान से अपना सारा जेवरात अपनी कार में रख कर अपने भाई रविन्द्र कुमार के साथ निकलने वाले ही थे कि पहले से घात लगाए एक अपाची एवं एक पल्सर बाइक पर हेलमेट लगाए पांच लोग अचानक आ धमके और प्रोपराइटर सुरेन्द्र कुमार एवं रविन्द्र कुमार को कार की चाभी मांगी। चाभी नहीं देने पर दोनों के साथ हथियार से मारपीट की गई। दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन से अधिक राउंड हवाई फायरिंग की। इस दौरान अपराधियों ने कार का सीसा तोड़कर जेवरात लेकर अपनी पल्सर बाइक से कोडरमा की ओर भाग गए। सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के निर्देश पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस संबंध में भुगतभोगी सुरेंद्र कुमार कोनरा बरही निवासी ने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें घटना क्रम की जिक्र करते हुए लगभग चार करोड़ से अधिक रुपए की जेवरात एवं दो लाख रुपए नकदी लूटे जाने की बात कही है। दिए आवेदन में बताया है कि बैग और बोरी में 60 किलो चांदी और एक हरे रंग के बैग में 35 किलो बना हुआ चांदी का जेवरात था। सोने के जेवरात के दो बैग थे जिसमें लगभग 3 किलो 500 ग्राम बना हुआ जेवरात जिसमें टाप्स, बाली, झुमका, चेन, चूड़ी, अंगूठी, हार और अन्य सामान थे ।जो 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट के थे। सभी में उनके दुकान का पहचान चिह्न लगा हुआ है। दुबारा देखने पर वे अपने जेवरातों की पहचान कर सकते हैं। अपराधी पतले दुबले थे। उनकी लंबाई पांच फीट पांच इंच से छह फीट के बीच था। वे स्थानीय भाषा बोल रहे थे। इधर घटना के बाद बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया है। लगातार अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि अपराधी जल्द ही पकड़े जाएंगे। पुलिस अपना काम कर रही है।

## खलिहान में लगी आग लाखों का धान जलकर हुआ राख मुआवजे की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम महुदी, टोला कानौदा में मो कमरुद्दीन पिता स्व जमीर मालिक एवं मो एहसान पिता स्वर्गीय मो समसुद्दीन के खलिहान में 3 बजे शाम को अचानक आग लग गई। आग के कारण खलिहान में रखा धान धू धू कर जल गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी की आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तत्काल लोगों ने दमकल वाहन को फोन के माध्यम से सूचित कर बुलाया जिसके पश्चात दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। एक अनुमान के अनुसार लगभग 2 लाख रुपए की धान जल गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रखंड प्रशासन से नुकसान का आंकलन कर मुआवजे की मांग की है। मो एहसान पिता स्वर्गीय मो समसुद्दीन, मो कमरुद्दीन पिता स्वर्गीय जमीर मालिक, मो औबेद उल्लाह नवाजी पिता स्वर्गीय मुबारक हुसैन एवं मो सिबगत उल्लाह पिता मो कमरुद्दीन का आग के कारण काफी धान का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में अहमद रजा, खेमलाल राम, मो इमरान, मो रब्बानी, मो साहबान, मो जकीउल्लाह, मो कलाम, मो आबिद, मो अरबाज, मो शमशीर एवं मो खुर्शीद ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## बरही के मिथलेश श्रीवास्तव बने एकल अभियान के अंचल ग्राम स्वराज्य प्रभारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति का विस्तार करते हुए बरही के सामाजिक कार्यकर्ता मिथलेश कुमार श्रीवास्तव को एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति के अंचल ग्राम स्वराज्य प्रभारी बनाया गया है। इसकी घोषणा एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति के अध्यक्ष भरत यादव एवं अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। दोनों ने मिथलेश कुमार श्रीवास्तव को अंगवस्त्र एवं डायरी कलम के साथ स्वागत किया और एकल अभियान से परिचय कराया। अंचल अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा योजना के तहत काम करता है। इसमें ग्राम स्वराज्य भी पंचमुखी शिक्षा योजना का एक हिस्सा है। जिसके तहत ग्रामीण प्रतिभा को निखारने का काम किया जाता है। साथ ही ग्रामीण भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में ग्राम स्वराज्य की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने मिथलेश श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में पूरे हजारीबाग जिले में ग्राम स्वराज्य का काम बेहतर तरीके से आगे बढ़े। ऐसी उम्मीद संगठन को है। नव मनोनीत ग्राम स्वराज्य प्रभारी मिथलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। ग्राम स्वराज्य प्रभारी बनाए जाने पर श्री हरि कथा सत्संग समिति अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, सचिव कृष्णा गुप्ता, एकल अभियान प्रमुख विनोद कुमार, अंचल प्रभारी करण महतो, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार, नरेश पासवान सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## सांसद ने किया संजय सिंह स्टेडियम का निरीक्षण महिला अंडर-23 टीम से की खास मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सोमवार सुबह रामगढ़ के लिए प्रस्थान करने से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद और हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सांसद जायसवाल ने स्टेडियम की आधारभूत संरचना और ग्राउंड व्यवस्था में वृद्धि को लेकर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्टेडियम को राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने स्टेडियम में अभ्यास में जुटी हुई झारखंड अंडर-23 वीमेंस स्टेट टीम के कोच और खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सभी से यहाँ उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आतिथ्य सत्कार पर चर्चा की। टीम के सभी सदस्यों ने स्टेडियम प्रबंधन द्वारा किए गए सत्कार और व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि सराहना की। सांसद जायसवाल ने टीम के कोच शुभलक्ष्मी शर्मा, सीमा सिंह, प्रकाश मुंडा, ट्रेनर प्रमोद कुमार, फिजियो स्वस्तिका कपाड़िया, और सभी 18 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात कर उनका उत्साहवर्धन किया। सांसद सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने जल्द ही यहाँ होने वाले बीसीसीआई के प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी टूनामेंट की तैयारियों का भी गहराई से जायजा लिया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए संघ के सदस्यों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**मौके पर मौजूद पदाधिकारी**

इस निरीक्षण के अवसर पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव बंटी तिवारी, संघ से जुड़े पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, दिनेश कुमार सहित सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय यादव सेना झारखंड का प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के लिए रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : राष्ट्रीय यादव सेना झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को यदुवंशी समाज के द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर में भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर आयोजित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुआ। प्रतिनिधि मंडल में शामिल युवा प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि भारत चीन के युद्ध में यह हीरो ने झोलियां भर के शहादत दी। लेकिन दशकों से मांग होने के बाद भी आज तक भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन नहीं किया गया है। जबकि विभिन्न जातियों के नाम पर भारतीय सेना में रेजीमेंट है। हम लोग मांग करते हैं कि भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाए। संगठन मंत्री एवं गिरिडीह जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव जी ने कहा कि हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि अविलंब अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए। कोडरमा के जिला अध्यक्ष रोहित यादव ने देश के समस्त यदुवंशियों से आह्वान किया कि कल 18 नवंबर को अपने-अपने घरों में।गांव में कस्बों में धूमधाम से अहीर शौर्य दिवस मनाएं और सेना में अहीर रेजीमेंट की मांग को बुलंद करें। गिरिडीह जिला मीडिया प्रभारी सुभाष यादव ने कहा कि 18 नवंबर का दिन पूरे देश में शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज जंतर मंतर पर देश के हजारों लोग धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, साइबर गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : गुप्त सूचना पर छापेमारी कर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने 19 एटीएम कार्ड, 11 मोबाइल और 1.50 लाख नकद बरामद किया। एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में टीम ने डुमर सरौनी खुर्द जंगल के पास संदिग्ध कारों को रोककर दो आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में मिले सुराग पर दो और साइबर अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरोह कई जिलों में सक्रिय था और फर्जी बैंक दस्तावेजों के माध्यम से ठगी की राशि निकाला करता था। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## आपसी समन्वय, संवाद, सम्मान और सहयोग से होगा विश्व का कल्याण : मुकुंद साव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण** : विश्व सहिष्णुता दिवस 16 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन विविध संस्कृतियों, सभ्यताओं और लोगों के बीच सम्मान, स्वीकृति और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसे 1995 में यूनेस्को द्वारा घोषित किया गया था और 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दी।उक्त बातें विश्व सहिष्णुता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने एक बयान जारी कर कहा है, उन्होंने सहिष्णुता के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि असहिष्णुता के खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के बीच संवाद और सहयोग को प्रोत्साहित करना,सभी के प्रति सम्मान और स्वीकार्यता की भावना को बढ़ावा देना,दुनिया भर में शांति और सामंजस्य के लिए काम करने को प्रेरित करना है।सहिष्णुता विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है। यह शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों को चुनौती देता है। यह नस्लवाद, भेदभाव और हिंसा जैसे मुद्दों को समाप्त करने की ओर ध्यान केंद्रित करता है। यह आयोजन हर वर्ष 16 नवम्बर को होता है। विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं और लोगों के बीच समन्वय,सम्मान, संवाद और सहयोग को प्रोत्साहित करता है दुनिया भर में घृणा अपराधों, विदेशी-द्वेष और असमानताओं के बढ़ने के साथ, यह दिन हमें आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है,अंतराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से पूरे विश्व के लोगों को आपसी समन्वय, संवाद, सम्मान और सहयोग की दृष्टिकोण को रखते हुए आगे बढ़ने की अपील की है,ताकि विश्व का विकास हो, विश्व का कल्याण हो।

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ के रावत नाच महोत्सव में शामिल हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव



**बरही** : छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी बिलासपुर में यादव महासभा द्वारा आयोजित राज्य के सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित लोकोत्सव रावत नाच महोत्सव में इस वर्ष भी भव्यता और लोक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। विगत 47 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह महोत्सव अब राष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुका है। इस अवसर पर झारखंड के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने भी शिरकत की और मंच पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों के साथ सहभागिता निभाई। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे यदुवंशी लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर लगातार 16 घंटे तक रावत नाच के शौर्य, सौंदर्य और शस्त्र संचालन कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। कलाकारों के मनमोहक नृत्य, ताल, लय और पारंपरिक धुनों से पूरा परिसर लोकसंस्कृति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साव, राज्य सरकार के मंत्री गजेंद्र यादव, आयोजन समिति के संरक्षक डॉ. कालीचरण यादव तथा अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि हमारी लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का यह आयोजन अद्भुत है। रावत नाच न केवल यदुवंशी समाज के गौरव का प्रतीक है, बल्कि भारतीय लोककलाओं की जीवंत धरोहर भी है। उन्होंने संस्कृति और परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित करने के लिए यादव महासभा और आयोजन समिति को हार्दिक बधाई दी। महोत्सव में उमड़ी भीड़ और कलाकारों के जोश ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के कर्मियों एवं पदाधिकारीओं ने किया रक्तदान



**बड़कागांव** : एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के जीवनदीप एनएमएल अस्पताल में हजारीबाग जिला अस्पताल की टीम के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, सदर अस्पताल के डीसीएमओ डॉ. कपिल मुनी प्रसाद तथा यूनिसेफ के क्षेत्रीय अधिकारी नंदलाल जी दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को और अधिक प्रोत्साहित किया। परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह, सुब्रत कुमार दास ने सभी विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तथा इस बेहतरीन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु चिकित्सा टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। कहा की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना समुदाय के स्वास्थ्य संवर्धन और सामाजिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे सार्थक एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

### हारे का सहारा, बाबा खाटू श्याम हमारा: रितेश खंडेलवाल



**हजारीबाग** : हजारीबाग के युवा समाजसेवी सह पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने अपने परिवारजन के साथ राजस्थान के सीकर जिले के रिंगस स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम धाम में प्रभु श्याम के दिव्य दरबार का दर्शन कर हजारीबाग वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ पिताजी सुरेंद्र खंडेलवाल, माताजी शारदा खंडेलवाल, बड़े भाई सह पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल एवं केशव खंडेलवाल भी शामिल थे। सभी ने गहरी श्रद्धा के साथ बाबा श्याम की पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की मंगलकामनाएं कीं। खाटू श्याम धाम की महिमा अद्भुत मानी जाती है। जहां देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु हर दिन दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लगभग 45 मिनट की कतार में जय श्री श्याम के जयकारों के बीच बाबा के भव्य स्वरूप का दर्शन करना एक अलौकिक और मन को शांति देने वाला अनुभव रहा। दर्शन के पश्चात परिवार ने मंदिर परिसर के पास स्थित श्याम कुंड और भाव तोरण द्वार का भी दर्शन किया, जिससे यह यात्रा और भी पावन और अविस्मरणीय बन गई। रितेश खण्डेलवाल ने बताया कि खाटू धाम के दिव्य वातावरण में परिवार के साथ बाबा श्याम के दर्शन ने मन को अपार शांति दी। वहाँ की आध्यात्मिक ऊर्जा ने जीवन में सकारात्मकता और नई प्रेरणा भर दी। बाबा से मेरी यही प्रार्थना है कि वे सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमारे समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को और सशक्त करें।

### संच अध्यक्ष ने किया एकल विद्यालय का निरीक्षण



**चौपारण** : एकल अभियान संच चौपारण के संच अध्यक्ष शेखर गुप्ता सोमवार को संच अंतर्गत चार एकल विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यालय की गतिविधियों से अवगत हुए। उन्होंने महडंडे, पूणार्डीह, मानगढ़, एवं बाराडीह विद्यालय का निरीक्षण वहां अध्यनरत बच्चों एवं बच्चियों से वार्ता की। महडंडे में विद्यालय ग्राम समिति की बैठक कर विद्यालय संचालन एवं उसे शैक्षणिक माहौल बनाकर संस्कार युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। एकल विद्यालय बाराडीह में बच्चों ने कई बाल गीत एवं भोजन मंत्र सुनाया। कुछ विद्यालय बंद पाया गया। जिस पर संच अध्यक्ष ने संच प्रमुख सह संच प्रशिक्षक नंदकेसरी देवी से बंद होने का कारण पता लगाने का निर्देश दिया। संच प्रमुख सह संच प्रशिक्षक नंदकेसरी देवी ने बताया कि उनके संच में सभी विद्यालय नियमित संचालित होते हैं। बेहतर और कैसे हो इसके लिए प्रयासरत है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत पुलिस जांच में जुटी

रांची : रांची जिले के नामकुम थाना क्षेत्र के रायसा मोड़ के पास हुए एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए थे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा रविवार देर रात की है। हादसे के मृतकों की पहचान संजय मुंडा (निवासी: नामकुम) और सुकरा मुंडा (निवासी: बुंडू) के रूप में हुई है। दोनों आपस में साला-बहनोई थे। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नामकुम थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि हादसे में दोनों युवकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है और अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रूपेश कुमार दूसरी बार सस्पेंड


रांची : राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रूपेश को राज्य सरकार ने दूसरी बार सस्पेंड कर दिया है। चिनिया (गढ़वा) के तत्कालीन बीडीओ रूपेश कुमार पर आरोप है कि फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति के खतियान एवं गलत शपथ-पत्र के आधार पर पिछड़ा वर्ग-1 का जाति प्रमाण-पत्र बनवाकर चतुर्थ जेपीएससी परीक्षा पास की थी। इसके बाद रूपेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाई हुई। विभागीय कार्यवाई के समीक्षा के बाद रूपेश कुमार से 18 अक्टूबर 2016 को सेवा से बर्खास्त करने के लिए द्वितीय कारण पृच्छा की गयी है। लेकिन रूपेश कुमार द्वारा जवाब समर्पित न कर पत्र में कहा गया है कि उनके द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। झारखंड राज्य एवं अन्य बनाम रूपेश कुमार में झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा दिनांक 18 जुलाई 2024 को पारित न्यायादेश के आलोक में रूपेश कुमार के विरुद्ध विभाग स्तर पर नये सिरे से आरोप गठित किया गया। रूपेश कुमार की पत्नी नेहा कुमारी द्वारा अभ्यावेदन समर्पित किया गया। जिसमें कहा गया कि वर्तमान में वे गर्भवती है। उनके पति काफी सालों से निलंबित है। उनके निलंबित रहने के कारण इनकी मानसिक, शारीरिक, आर्थिक आदि स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। नेहा कुमारी द्वारा समर्पित आवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि रूपेश कुमार के विरुद्ध प्रतिवेदित आरोप काफी गंभीर प्रकृति के हैं। इसलिए जांच पूर्ण होने तक रूपेश कुमार को निलंबित रखा जाना समीचीन प्रतीत होता है। निलंबन अवधि में रूपेश कुमार का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग किया गया है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### पंजाबी-हिंदू बिरादरी ने लाला लाजपत राय को अर्पित की श्रद्धांजलि

रांची : पंजाबी हिंदू बिरादरी ने सोमवार को राष्ट्रीय नेता और 'पंजाब केसरी' के नाम से प्रसिद्ध लाला लाजपत राय की 97वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी मार्ग स्थित लाला लाजपत राय चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बिरादरी के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अरुण चावला ने उपस्थित लोगों को लाला लाजपत राय के जीवन, देशभक्ति और बलिदान के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की शपथ भी दिलवाई।

# नहीं हो रहा संवेदकों का भुगतान, झारखंड से पलायन को विवश हो रहे कॉन्ट्रैक्टर: चैंबर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रा उप समिति की बैठक चैंबर भवन में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि राज्य के महत्वपूर्ण विभागों जैसे पीएचईडी, ग्रामीण कार्य विभाग, जुडको आदि में कार्यरत संवेदकों का भुगतान पिछले डेढ़ वर्षों से लंबित है, जिस कारण संवेदक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संवेदकों ने यह भी अवगत कराया कि जिन कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है उनका सिक्योरिटी डिपॉजिट भी रिफंड नहीं किया जा रहा है। इस बात पर भी चर्चा हुई कि ग्रामीण कार्य विभाग में लगभग 12 हजार करोड़ रुपये के नये टेंडर निकाले जा चुके हैं जबकि सरकार पर अभी भी 5 हजार करोड़ रुपये की पुरानी देनदारियां लंबित हैं। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि लंबित भुगतानों के लिए अनुपूरक बजट में विशेष प्रावधान किया जाय। नॉन-पेमेंट जैसी परिस्थितियों के कारण राज्य से कॉन्ट्रैक्टर्स का पलायन होना बेहद चिंताजनक है। संवेदकों की चिंताओं को वास्तविक बताते हुए चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही विभागीय सचिव से मिलकर इस मामले में आवश्यक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ लाखों कामगार और उनके परिवार भी जुड़े होते हैं। यदि वे राज्य से पलायन करते हैं तो चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर गंभीर असर पड़ेगा। झारखण्ड चैम्बर इस मुद्दे पर निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की स्थापना को 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं ऐसे में अब राज्य के बजट का आकार भी बढ़ाया जाना चाहिए। वर्तमान में राज्य का बजट केवल 1.5 लाख करोड़ रुपये है, जबकि इसे 3 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने की आवश्यकता है। बैठक में जियाडा के प्रावधानों से औद्योगिक विकास में आनेवाली बाधाओं पर भी चर्चा हुई। कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रा उप समिति के चेयरमैन रवि राज अग्रवाल ने कहा कि राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में संवेदक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लगातार लंबित भुगतानों के कारण उनकी कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है। यदि समय पर भुगतान और सिक्योरिटी डिपॉजिट रिफंड नहीं होगा तो बड़े पैमाने पर परियोजनाएँ बाधित होंगी और राज्य के विकास की गति धीमी पड़ेगी। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए। यह निर्णय लिया गया कि इन मामलों के समाधान हेतु झारखण्ड चैम्बर और बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा संयुक्त पहल की जाएगी। बैठक में चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति चेयरमैन रवि राज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, सदस्य अशोक प्रधान, अजय सिंह, मुकेश सिंह, गुरदीप सिंह समेत कई संवेदक उपस्थित थे।

## मंदबुद्धि-निराश्रितों की हुई स्वास्थ्य जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, पुंदाग में सोमवार को मंदबुद्धि दिव्यांग एवं निराश्रित प्रभुजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें न्यूरो सर्जन डॉ. एच.पी. नारायण ने आश्रम में रह रहे सभी लोगों व सेवा कार्यकर्ताओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार मरीजों को अपनी ओर से निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराईं।

डॉ. एच.पी. नारायण ने आश्रमवासियों को स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और निरोग रहने के तरीकों को विस्तार से बताया। आश्रम की साफ-सफाई और सेवा कार्य देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' है। जिन लोगों की कोई देखरेख नहीं, उन्हें आश्रय और सम्मानजनक जीवन देना सबसे बड़ा सामाजिक कार्य है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे हर महीने एक-दो बार आश्रम आकर यहां रह रहे लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे।

आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में चल रहा यह आश्रम झारखंड का पहला ऐसा केंद्र है, जहां असहाय, बेघर और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को नया जीवन देने का प्रयास हो रहा है। वर्तमान में आश्रम में 42 मंदबुद्धि व दिव्यांग निराश्रित लोगों की सेवा की जा रही है। कार्यक्रम में डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, सुरेश अग्रवाल और संजय सर्राफ समेत अन्य लोग मौजूद थे।


## सिर्फ शोकॉज या कार्रवाई से काम में तेजी नहीं आएगी, ठोस कार्य योजना है जरूरी : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को अचानक कृषि निदेशालय पहुंचीं। वहां उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली। लेकिन अफसरों के पास पूरा डेटा नहीं रहने पर मंत्री ने कहा कि ये जरूरी नहीं की योजनाओं की सुस्ती पर अधिकारियों को शोकॉज या कार्रवाई ही की जाए। रचनात्मक सोच और ठोस कार्य योजना के जरिए भी योजनाओं को गति प्रदान किया जा सकता है। मंत्री ने इस बात पर भी फोकस किया कि कैसे उन अड़चनों को दूर कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। कृषि मंत्री ने कृषि निदेशालय में संचालित किसान कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण भी किया। इस क्रम में उन्होंने कॉल सेंटर से किसान को फोन लगा कर विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी देने की प्रक्रिया को समझा। मंत्री की उपस्थिति में किसान को फोन लगाकर उसकी परेशानी के बारे में जानकारी पूछी गई। इस मौके पर मंत्री ने अधिकारियों को कॉल सेंटर में कार्यरत ऑपरेटरों को विभाग की योजनाओं से अपडेट रखने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश भी दिया। साथ ही मंत्री ने किसानों से टोल फ्री नंबर 18001231136 पर कॉल कर कृषि से संबंधित परेशानी को साझा करने और समाधान की जानकारी लेने की अपील की है।

## जज के सरकारी ड्राइवर का शव धुर्वा डैम से मिला, अबतक चार शव बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : धुर्वा डैम में हुए एक हादसे में डूबे चौथे व्यक्ति, पुलिसकर्मी सत्येंद्र सिंह का शव सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि रविवार को भी डूबे व्यक्ति की तलाश की गई थी लेकिन शव नहीं मिला था, सोमवार सुबह शव बरामद किया गया। इससे पहले, इसी घटना में मारे गए तीन अन्य पुलिसकर्मियों के शव पानी से निकाले जा चुके थे। सत्येंद्र सिंह की तलाश में एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम लगातार जुटी हुई थी. यह घटना उस समय हुई जब जमशेदपुर के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज (पीडीजे) की सुरक्षा टीम के चार पुलिसकर्मी एक सरकारी वाहन से यात्रा कर रहे थे। बताया जा रहा है कि 14 नवंबर की रात, उनकी कार अनियंत्रित होकर धुर्वा डैम के पानी में जा गिरी। 15 नवंबर की सुबह, स्थानीय लोगों ने डैम के किनारे एक वाहन को पानी में डूबे होने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया. सर्च ऑपरेशन के दौरान, गोताखोरों ने डूबी हुई कार के भीतर से तीन पुलिसकर्मियों के शव बरामद किए, जिनकी पहचान उपेंद्र कुमार सिंह, रोबिन कुजूर, और चालक अनिल सिंह के रूप में हुई थी। ये तीनों कार के अंदर ही फंस गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। हालांकि चौथा व्यक्ति चालक सत्येंद्र सिंह कार के भीतर नहीं मिला। पुलिस ने आशंका जताई थी कि कार के पानी में गिरते ही वह बाहर निकलने की कोशिश में डैम में कूद गया होगा, लेकिन वह भी डूब गया। सत्येंद्र सिंह की खोज के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान सोमवार की सुबह सत्येंद्र सिंह का शव भी डैम से बरामद कर लिया गया।

## लाला लाजपत राय बाल मंदिर स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुंदाग में सोमवार को राष्ट्रनायक और पंजाब केसरी के नाम से विख्यात लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर सचिव रवि पराशर, विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, उप-प्राचार्य प्रफुल्ल कुमार, शिक्षक-शिक्षिका और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने कहा कि लाला लाजपत राय का जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। युवा पीढ़ी को उनके विचारों और संघर्षों से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लाला लाजपत राय के जीवन पर आधारित भाषण, कविताएं और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया और लाला लाजपत राय की अमर विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप संपन्न, 21 स्वर्ण पदक के साथ रांची बनीं ओवरऑल चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : रांची के बहूबाजार स्थित बिशप स्कूल में झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित दूसरी सिकोकई झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का सफल समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्यभर से करीब 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### रांची ओवरऑल चैंपियन

मेजबान रांची की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण पदक जीते और ओवरऑल चैंपियन बनी। दूसरे स्थान पर पश्चिम सिंहभूम, तीसरे स्थान पर दुमका और चौथे स्थान पर धनबाद की टीम रही। लड़कियों में रांची की अनन्या ट्विंकल कुजूर और लड़कों में पश्चिम सिंहभूम के सत्यम गुप्ता चैंपियन बने। वहीं धनबाद को अनुशासित टीम का खिताब मिला।

### योजनाओं से खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल होगा : महुआ माजी

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने विजेताओं को सम्मानित किया और कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं ला रही है। इससे खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। बिशप स्कूल के प्राचार्य आई.ए. जैकब ने कहा कि सभी स्कूलों में कराटे को अनिवार्य विषय बनाना चाहिए।

चयनित खिलाड़ी ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि प्रतियोगिता में 55 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता। चयनित खिलाड़ी 19 से 21 दिसंबर तक पटना में होने वाली ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को दिनांक 22 नवम्बर, 2025 को आयोजित झारखण्ड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) समारोह 2025 में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया।

### झामुमो ने रांची महानगर संयोजक मंडली का किया पुनर्गठन




रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति के निर्देश पर रांची जिला अंतर्गत रांची महानगर संयोजक मंडली का पुनर्गठन किया गया है। इसके तहत कुल 32 सदस्यों की संशोधित सूची जारी की गई है। आदेश महासचिव विनोद कुमार पाडेय द्वारा 17 नवंबर 2025 को जारी किया गया। नए गठन में अन्तु तिर्की, पवन जेडिया, नयनतारा उरांव, विरू तिर्की, अफरोज अंसारी, रामशरण तिर्की, मधु तिर्की, रतिश द्विवेदी, आशुतोष कुमार, विजय महतो, सुष्मा वरदेया, अनुप सिंह, मो० साजिद, वीरू साहु, आशुतोष गोस्वामी, आरीज अंसारी, अश्विनी शर्मा, डॉ० हेमलाल मेहता, फरीद खान, रोशन कुमार, मनिन्दर सिंह, प्रदीप मिर्धा, विक्रम सिंह, अरूण वर्मा, अंकिता वर्मा, शमशाद मल्लीक उर्फ भोले मल्लीक, कुलदीप कमार, जितेन्द्र गुप्ता, विश्वजीत गोप, विक्की यादव, संध्या गुड़िया, नसीम गद्दी को सामिल किया गया है। केंद्रीय समिति ने स्पष्ट किया है कि जारी सूची के सदस्य 15 दिनों के भीतर विभिन्न समितियों का गठन और पुनर्गठन पूरा करेंगे तथा संबंधित रिपोर्ट जिला संयोजक मंडली को सौंपेंगे। संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से यह निर्देश जारी किया गया है। पार्टी ने कहा है कि महानगर स्तर पर संगठनात्मक मजबूती के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है और इससे स्थानीय इकाइयों के कार्यों में पारदर्शिता और सामंजस्य बढ़ेगा। सभी सदस्यों से आगामी कार्यक्रमों में सक्रियता की अपेक्षा की गई है।

### विधानसभा नियुक्ति घोटाला : सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

रांची : विधानसभा नियुक्ति घोटाले में सीबीआई की याचिका पर 18 नवंबर को सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की पीठ में इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा की याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीबीआई ने इस रोक को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। झारखंड विधानसभा में हुई नियुक्तियों के दौरान अनियमितता का मामला प्रकाश में आने के बाद मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर याचिका दायर की गयी थी। क्योंकि विधानसभा ने एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की अनुशंसा और तत्कालीन राज्यपाल(वर्तमान राष्ट्रपति) ने भी विधानसभा अध्यक्ष को सीबीआई जांच कराने का निर्देश दिया था। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन कर दिया। इस आयोग के गठन का उद्देश्य यह बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में कार्रवाई करने के दौरान आने वाली कानूनी परेशानियों का हल निकालने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग का गठन किया गया है। लेकिन जस्टिस मुखोपाध्याय आयोग ने अपनी रिपोर्ट में विक्रमादित्य आयोग की सारी अनुशंसाओं को खारिज कर दिया। साथ ही विधानसभा के तत्कालीन दोनों अध्यक्षों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की अनुशंसा को खारिज कर दिया। तत्कालीन अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के कार्यकाल में विधानसभा में 274 पदों पर हुई नियुक्तियों में अनियमितता पायी गयी थी। इसके अलावा आलमगीर आलम के कार्यकाल में 324 पदों पर हुई नियुक्तियों के दौरान भी बड़े पैमाने पर अनियमितता पायी गयी थी। विक्रमादित्य आयोग ने इसके लिए तत्कालीन दोनों अध्यक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। लेकिन जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह बिंदु विक्रमादित्य आयोग की कार्यसूची में शामिल नहीं था। इसलिए इसे अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

### लैंड स्कैम : स्निग्धा सिंह को फिलहाल नहीं मिली अग्रिम बेल, हाई कोर्ट ने एसीबी से मांगा जवाब




रांची : आईएएस विनय चौबे के हजारीबाग डीसी रहने के दौरान वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियमविरुद्ध म्यूटेशन से जुड़े केस की प्रमुख आरोपी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह को अग्रिम जमानत के लिए फिलहाल इंतजार करना होगा। उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एसीबी को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में स्निग्धा सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई। एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुमित गाड़ोदिया ने इस केस में पक्ष रखा। वहीं स्निग्धा सिंह की ओर से अधिवक्ता नीलेश अग्रवाल ने बहस की। अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है। ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह एसीबी की कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं। अइइ के मुताबिक, जिस भूमि को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम है। यह भूमि हजारीबाग के सदर अंचल के थाना नंबर 252 में स्थित है। जिसका खाता नंबर 95, प्लॉट नंबर 1055, 1060 और 848 जिसका कुल रकबा 28 डिसमिल और खाता नंबर 73, प्लॉट नंबर 812 का रकबा 72 डिसमिल है।

## एक नजर

### स्टेशन पर आरपीएफ की तत्परता से बचाई गई नाबालिग लड़की



बोकारो : आरपीएफ पोस्ट बोकारो और रेलवे बाल सहायता डेस्क की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार की शाम बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचाया गया।जानकारी के अनुसार, एसआई रोजमत अंसारी, हेड कांस्टेबल अनूप रंजन, कांस्टेबल नीलेशकांत, महिला कांस्टेबल सुषमा तथा रेल बाल सहायता डेस्क बोकारो के पर्यवेक्षक जितेंद्र चौधरी स्टेशन की नियमित जांच पर थे। इसी दौरान लगभग 5 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-01 पर एक 13 वर्षीय लड़की परेशान हालत में मुख्य द्वार की ओर भटकती हुई देखी गई।पूछताछ में उसने अपना नाम सुप्रिया कुमारी, पिता संतोष राम, निवासी संग्रहे खुर्द, डाकघर संग्रहे कलां, थाना संग्रहे कलां, जिला गढ़वा बताया। उसने बताया कि वह अपने माता-पिता को बिना बताए घर से भागकर बोकारो आ गई थी। लड़की के पास न तो यात्रा टिकट था और न ही यात्रा की अनुमति।आरपीएफ टीम ने तत्काल उसे अपनी देखरेख में लिया और महिला कर्मियों की निगरानी में उसे आवश्यक सुविधा और देखभाल प्रदान की। सभी कानूनी औपचारिकताओं के उपरांत, लड़की को आगे की सुरक्षित कार्रवाई के लिए बोकारो रेलवे स्टेशन स्थित चाइल्ड हेल्प डेस्क को सौंप दिया गया।आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे परिसर में गश्त और निगरानी निरंतर बढ़ाई जा रही है ताकि ऐसे मामलों में तुरंत सहायता मिल सके।

### तेज रफ्तार ऑटो पलटी, दो स्कूली बच्चा घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

रांची : पटना मुख्य मार्ग स्थित चंदवारा बजरंगबली चौक के समीप सोमवार को तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार दो स्कूली बच्चा एवं एक व्यक्ति घायल हो गये जिनमें से गंभीर रूप से घायल दो स्कूली बच्चा सहित एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। घायल चालक ने बताया कि मैं उरांव मोड़ से सवारी लेकर झुमरी तिलैया फल बाजार जा रहा था। जैसे ही ऑटो चंदवारा बजरंगबली चौक के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आ गयी। बाइक सवार को बचाने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी और ऑटो पर सवार दो स्कूली बच्चों एवं एक व्यक्ति घायल हो गये। घायल यात्री चंदवारा थाना क्षेत्र के मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली बच्चा है। ने बताया कि मैं अपने घर से स्कूल जाने के लिए ऑटो पर बैठे तभी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### कोडरमा मे बीती रात एक साथ तीन घरों मे लाखों का सामान चोरी

कोडरमा : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत असनाबाद स्थित बैद्यनाथ नगर में बीती रात अज्ञात चोरों एक साथ तीन घरों को निशाना बनाया गया है। गृहस्वामी अनिल साव ने बताया कि रविवार दोपहर वे अपने पूरे परिवार के साथ नवलशाही स्थित अपने पैतृक गांव एक समारोह में सम्मिलित होने गए हुए थे। सोमवार की सुबह उन्हें झुमरीतिलैया स्थित उनके आवास के बगल में रहने वाले पड़ोसियों ने दुरभाष से सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला हुआ है। जिसके बाद वे नवलशाही से झुमरीतिलैया स्थित अपने आवास पहुंचे।

# पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के नेतृत्व में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** अनुदीप सिंह, भा०पु०से०, पुलिस अधीक्षक, कोडरमा की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, सर्किल इंस्पेक्टर, थाना / ओ०पी० प्रभारी, अपराध शाखा एवं अन्य ईकाईयों के प्रभारी / अधिकारी उपस्थित रहे। अपराध गोष्ठी में विगत माह, अक्टूबर 2025 में विभिन्न थानों में दर्ज हुए काण्डों की विस्तृत समीक्षा के साथ साथ पूर्व के लंबित कांडों की स्थिति व निष्पादन की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की गयी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुपालन हेतु कई दिशा-निर्देश दिए गए :-

सर्वप्रथम जिले की विधि व्यवस्था व शांति व्यवस्था सामान्य बनाये रखने एवं बिहार विधान सभा आम निर्वाचण के अवसर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी स्तर के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को साधुवाद दिया गया। पिछले माह सम्पन्न हुए अपराध गोष्ठी में दिये गये निदेशों के अनुपालन के स्तर की समीक्षा की गयी। जिला में अवैध शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के साथ साथ अवैध शराब तस्करी के पूरे नेक्सस का पता लगाकर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना / ओ०पी० प्रभारी को दिया गया। विगत दिनों मेघातरी चेक पोस्ट पर ट्रक में भारी मात्रा में लोड अवैध अंग्रेजी शराब को पकडने वाले स०अ०नि० पटवारी हांसदा एवं पुलिस बलों को पुरस्कृत किया गया। ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ करने के संबंध में जिले ट्रैफिक प्रभारी से विस्तृत जानकारी ली गई तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थाना प्रभारी, तिलैया एवं कोडरमा से समन्वय स्थापित करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था सुगम एवं सुचारू बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। सडक सुरक्षा हेतु सभी एहतियाति कदम उठाने तथा यातायात नियमों का पालन नही करने वालों एवं ड्रंक एंड ड्राईव, ओवरस्पीडिंग पर अभियोजन की कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही रोड एक्सीडेंट से संबंधित कांडों का आईरैड, एवं ईडार में इंट्री किये जाने के संबंध में समीक्षा की गयी, जिन थाना प्रभारियों द्वारा रोड एक्सीडेंट से संबंधित कांडों का आईरैड एवं ईडार में इंट्री शेष है, उन्हें शीघ्र प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न थाना/ओ०पी० में लंबित वारंट/इश्तिहार/ कुर्की का अतिशीघ्र निष्पादन करने एवं कांडों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी को दिया गया। विगत माह, अक्टूबर में कुल प्रतिवेदित एवं पूर्व से लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। विशेषकर तीन वर्षों से अधिक दिनों से लंबित कांडों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश सभी थाना / ओ०पी० प्रभारी को दिया गया। पोक्सो एवं रेप से संबंधित कांडों का निष्पादन 60 दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया गया।

## गोमिया में जंगली हाथियों का आतंक जारी, आठ दिनों में तीन लोगों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गोमिया प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते आठ दिनों में हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे लोगों में दहशत और नाराजगी दोनों गहराती जा रही है। वन विभाग और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। ताजा घटना कुंदा पंचायत के खखण्डा गांव की है, जहां रविवार देर रात जंगली हाथी ने 60 वर्षीय सांझो देवी को मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि रात करीब 11 बजे झुंड से भटका एक हाथी गांव में घुस आया और घरों के दरवाजे व दीवारें तोड़ने लगा। आवाज सुनकर जब सांझो देवी बाहर निकलीं, तो हाथी ने उन्हें सूंढ़ में पकड़कर पटक दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार सुबह प्रशासनिक



उदासीनता के खिलाफ ललपनिया-रामगढ़ हीरक सड़क पर शव रखकर घंटों जाम लगाया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है।गौरतलब है कि बीते सोमवार को तिलैया गांव में भी हाथियों के हमले में दो युवक-प्रकाश महतो और चरकु महतो-की मौत हो चुकी है। तब भी ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था और रोकथाम उपायों की मांग की थी, पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

## बोकारो हवाई अड्डा उड़ान सेवा शुरू करने की तैयारी तेज : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को बोकारो हवाई अड्डा परिसर में उड़ान सेवा प्रारंभ की तैयारी से जुड़ी कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष बचे कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि हवाई अड्डा क्रियान्वयन से जुड़े लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं, मात्र 15 प्रतिशत कार्य शेष हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने हवाई अड्डा परिसर के अंदर झाड़ी कटाव और साफ-सफाई से जुड़ा कार्य 15 दिसम्बर, 2025 तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि परिसर की सुंदरता और सुरक्षा को



ध्यान में रखते हुए सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त अजय नाथ झा ने अग्निशमन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि अग्निशमन प्रणाली के नियमित निरीक्षण और टेस्टिंग को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चारदीवारी से जुड़ा बचा कार्य भी शीघ्रता से पूरा किया जाए।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद को निर्देश दिया कि चार बेड वाले एम्बुलेंस की खरीद की प्रक्रिया अगले 15 दिनों के भीतर पूर्ण करें। इसके साथ ही उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, बीएसएल प्रबंधन एवं पुलिस पदाधिकारियों को एलोरा हॉस्टल स्थित अवैध कब्जे वाले हिस्से को नियम अनुसार खाली कराने की कार्रवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

## जीनी स्पोर्ट्स अकादमी में तीन दिवसीय मैच का आगाज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है इसी उद्देश्य को लेकर मारवाड़ी युवा मंच सेवा समर्पण एवं कला संस्कृति खेलकूद सहित कई कार्यक्रम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इसी उद्देश्य को लेकर मारवाड़ी युवा मंच खेल को बढ़ावा देने एवं शहर में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देकर बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से मारवाड़ी प्रीमियर लीग का आयोजन 18 से 20 नवंबर तक झुमरी तिलैया के बिश्राम बाग रोड स्थित जीनी स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित करने की तैयारी पूर्ण कर ली है। मंच के अध्यक्ष राहुल जैन सचिव अंकित केडिया एवं कार्यक्रम के परियोजना निर्देशक राज पच्चीसिया, शिवेश पच्चीसिया, प्रतीक संघई, महावीर खेतान, अतुल खेतान ,मोहित संघई ने बताया कि प्रतिभा की कमी अभ्रक नगरी कोडरमा में नहीं है लेकिन उन्हें एक बेहतर मंच प्रधान हो इसके लिए मारवाड़ी युवा मंच ने एक सार्थक पहल करते हुए क्रिकेट मैच की आगाज करने का संकल्प लिया है 8 टीमों के जरिए 64 खिलाड़ी के साथ 13 मैच खेलेंगे पहले दिन मंगलवार सभी टीमे एक-एक घंटे की दो-दो मैच खेलेंगे और बाकी बचे हुए मैच बुधवार 19 तारीक को खेलेंगे। 20 नवंबर को संध्या 5:00 बजे से फाइनल मैच खेली जायगी20 तारीख को विजेता खिलाड़ी को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इधर कार्यक्रम को लेकर जीनी स्पोर्ट्स अकादमी में मंगलवार की सुबह 10:30 बजे उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और सदस्यों के अलावा कार्यक्रम के सौजन्य से दीप प्रज्वलित, करके, फीता काटकर और बैलून उडाकर खेल का कागज किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम की सफलता को लेकर आज सोमवार को मंच के पदाधिकारी की एक समीक्षा बैठक मंच कार्यालय में हुइ। इसमें मुख्य रूप से मंच के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## चंदनकियारी में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चंदनकियारी प्रखंड के चंदनकियारी पश्चिमी पंचायत भवन में सोमवार को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक उमाकांत रजक ने किया। ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर को स्थानीय जनता के लिए एक उपयोगी पहल बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रजक ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को समय पर नेत्र उपचार उपलब्ध कराना सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शिविर में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जाँच, दवाइयाँ, परामर्श और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक ने आयोजन से जुड़े चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं की



सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा।शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएँ और जरूरतमंद लोग पहुँचे तथा निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए विधायक रजक और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। जनहित में आयोजित यह शिविर चंदनकियारी क्षेत्र के लिए एक सराहनीय और जनकल्याणकारी कदम साबित हो रहा है।

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना हम सभी नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है : सचिव गौतम कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में पेंशनर समाज कोडरमा के कार्यालय मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि वरिष्ठ नागरिको का सम्मान करना हम सभी नागरिको का नैतिक कर्तव्य है । उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिको के




अधिकारों का हनन नहीं हो तथा उनके मौलिक अधिकार संरक्षित रह सके इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। गौतम कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने माता पिता एवं बुजुर्गो का सम्मान किए बिना किसी भी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकता तथा बुजुर्गो का सम्मान कर प्राधिकार खुद को गौरवान्ति महसूस कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम कुमार ने कहा कि नई पीढ़ी को बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए उनके द्वारा दिए मार्गदर्शन को अपनाना चाहिए साथ ही उनके हर छोटी बड़ी चीजो का ध्यान रखना चाहिए। वही अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बुजुर्गो के हक एवं अधिकार के लिए निशुल्क विधिक सेवा प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर है। उन्होंने मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 में वरिष्ठ नागरिको के लिए उल्लिखित अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। पेंसनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में हम बुजुर्गो को जो सम्मान दिया गया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता हम सबो का स्नेह और आशीर्वाद प्राधिकार एवं ऐसी संस्थओं के साथ हमेशा रहेगा। इस दौरान कई वरिष्ठ नागरिको ने अपनी अपनी समस्याओं से सचिव गौतम कुमार को रूबरू कराया जिसके संबंध में उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्याओं के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। मौके पर नारायण सिंह, भोला चौधरी, किशोरी प्रसाद यादव, डा. नन्द कुमार मोदी, चन्द्रिका प्रसाद, नारायण मोदी, महेश्वर पाण्डेय, सिधेश्वर प्रसाद, सह्देव प्रसाद, नरेश झा, सुभाष शर्मा, राम नरेश चौधरी, सुरेश सिंह, सीता प्रसाद, डा. दिनेश प्रसाद सिंह, राजेंद्र सिंह, महेश्वरी सिंह, मथुरा प्रसाद चौधरी, उर्मिला देवी, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बोकारो थर्मल में 5 दिनों से डीवीसी का पावर प्लांट बंद, करोड़ों का नुकसान



**बोकारो :** झारखंड मे बोकारो जिले के बोकारो थर्मल में स्थापित दामोदर घाटी निगम का ताप विद्युत केंद्र पिछले 5 दिनों से बंद पड़ा है । आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि पावर प्लांट बंद होने से राज्य और देश में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना प्रवल हो गई है। प्लांट बंद होने से डीवीसी को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। स्थानीय नेताओं ने पिछले 4 महीना पूर्व से डीवीसी के छाई डैम से छाई उठाने नहीं दिया गया, इसके बावजूद प्लांट संचालित था। सभी छाई डैम छाई से भर जाने के कारण प्लांट को प्रबंधन द्वारा बंद करना पड़ा। प्लांट बंद होने के बाद इस क्षेत्र में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय प्रबंधन का कहना है कि स्थानीय नेता व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए छाई डैम से छाई उठाने पर प्रतिबंध लगा दिया और जिला प्रशासन 4 महीने तक मुकदर्शक बनकर बैठा रहा। पिछले दिनों जिला प्रशासन ने सभी लोगों के साथ में वार्ता कराया। इसके बावजूद वाहन अभाव के कारण छाई का पर्याप्त ढुलाई नहीं हो पा रहा है। प्रबंधन का मानना है की छाई डैम से छाई खाली होने के बाद ही प्लांट का संचालन किया जाएगा। डीवीसी चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट में कार्यरत ठेका मजदूर और उसके यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन ने भी विभिन्न मांगों को लेकर 18 नवंबर से अनिश्चितकालीन गेट जाम करने की घोषणा की है। प्लांट गेट जाम होने से चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट का संचालन में भी संकट में पड़ जाएगा और बिजली उत्पादन प्रभावित होगा। यूनियन के महासचिव चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि समान काम के लिए समान वेतन की मांग प्रबंधन से की जा रही है , जिसे प्रबंधन मानने को तैयार नहीं है।

### साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा हुए सम्मानित



**बोकारो :** चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी रविवार की शाम सेक्टर 4 एफ में पटना से पधारे प्रसिद्ध कवि व शायर सुशील ठाकुर ह्यसाहिलसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के आवास पर आयोजित इस रचनागोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक सुधापति, शैलजा झा, मनाली मिश्रा, अमन कुमार झा, अरुण पाठक, डॉ रणजीत कुमार झा, विश्वनाथ झा, धर्मवीर सिंह, शम्भु झा आदि शामिल हुए। इस अवसर पर मैथिली महाकाव्य 'ऊं महाभारत' के रचयिता वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछले दिनों चेतना समिति पटना द्वारा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हाथों वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को यात्री चेतना पुरस्कार से सम्मानित होने पर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री झा को बधाई दी। साहित्यलोक की मासिक रचना रचनागोष्ठी में कवयित्री मनाली मिश्रा ने मोह व ह्यअनचाही बेटी, अमन कुमार झा ने आशीर्वाद, धर्मवीर सिंह ने देश का मौसम बदला-बदला नजर आ रहा है, विजय शंकर मल्लिक ने मैथिली कविता ह्यसंसारिक बात व जयंती, शैलजा झा ने हिन्दी कविता पिता व मैथिली कविता ह्यस्त्रीक आत्मा, डॉ रणजीत कुमार झा ने मैथिली गीत कोन करम हम कएल विधाता, बुद्धिनाथ झा ने मैथिली में ह्यनंगटा पाकिस्तान व अहां भारत के बेटी छी, सुशील साहिल ने हिन्दी में कविता व गजल ह्यमेरे सोने के भारत को मेरे बच्चे संभालेंगे, पनिहारिन के गीत मैं गाऊं तो कैसे व जिस नजर से शराब होता रहा सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। अध्यक्षीय वक्तव्य में श्री साहिल ने कहा कि उन्हें इस गोष्ठी में आकर व इतने गुणी जनों से मिलकर काफी अच्छा लगा। साहित्य के सवंर्द्धन में साहित्यलोक की भूमिका प्रशंसनीय है।

### झारखंड पब्लिक स्कूल और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल फाइनल में पहुंचे



**कोडरमा :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे रोटरी कोडरमा इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में सोमवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में माडर्न पब्लिक स्कूल और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल को 108 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने 35 ओवर में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जिसमें सत्यम ने 45 रन मयंक ने 33 रन रंजन ने 23 रन और अभिजीत ने 21 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल की ओर से सौरव कुमार और सौरव ने दो-दो विकेट हमजा समीर और कुमार अनुराग ने एक-एक विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम 15 ओवर में 72 रन पर सिमट गई। मॉडर्न पब्लिक स्कूल की ओर से शिव ने 26 रन हमजा समीर ने 17 रन और राहुल ने 14 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए संस्कार इंटरनेशनल स्कूल की ओर से रंजन ने 4 विकेट आदर्श कुमार ने दो विकेट आदर्श यादव ने एक और रतन ने एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए रंजन कुमार यादव को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायर बसंत कुमार और अजय राणा तथा स्कोरर सत्यम थे। वहीं दूसरा मैच सी एच हाई स्कूल मैदान में झारखंड पब्लिक स्कूल और ग्रिजली पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें झारखंड पब्लिक स्कूल ने ग्रिजली पब्लिक स्कूल को 184 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर झारखंड पब्लिक स्कूल ने 247 रन बनाए। जिसमें प्रिंस ने 121 रन अमित ने 27 रन शुभम ने 31 रन और राजीव ने 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए ग्रिजली पब्लिक स्कूल की ओर से आदर्श और मधुसूदन ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी ग्रिजली पब्लिक स्कूल की टीम 14 ओवर में 63 रन पर सिमट गई। जिसमें आदर्श ने 34 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से शुभम ने पांच विकेट अयान ने दो विकेट और प्रिंस तथा अमित ने एक-एक विकेट लिए।

## एक नजर

### झारखंड सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में सिमडेगा की बेटियों ने किया जिले का नाम रोशन

**सिमडेगा** : हरिहरगंज में आयोजित 26वीं झारखंड सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में सिमडेगा जिले के 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जिले की खिलाड़ी सरस्वती कुमारी ने स्वर्ण पदक जबकि अंशु प्रिति कुमारी और होलीका कुमारी ने रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की शानदार सफलता में कोच संजय ठाकुर को भी उनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता से लौटने के बाद विजेता खिलाड़ियों का बीडीओ श्री नैमन कुजूर, टी आर आई एफ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रिया जी, नितू सिंह एवं बलबीर कुमार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया गया।

### बोरोसेता में महिला विकास मंच का भव्य सामाजिक समर्पण

**सिमडेगा** : झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ और भगवान वीर बिरसा मुंडा की जयंती के पावन अवसर पर बानो प्रखंड के सिम्हातु पंचायत अंतर्गत बोरोसेता ग्राम में जनसेवा और मानवीयता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। महिला विकास मंच, सिमडेगा की जिला अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों, जरूरतमंदों और बुजुर्गों के बीच 800 कंबल वितरित किए गए। ठिठुरन भरी ठंड में कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट झलक रही थी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ सोनी, बानो थाना प्रभारी मानव मयंक, तथा सिम्हातु पंचायत के मुखिया लोरेंस बागे उपस्थित रहे। मंच की जिला अध्यक्ष आरती सिंह सहित सभी अतिथियों ने बारी-बारी से ग्रामीणों को कंबल प्रदान किए।

# सिमडेगा कॉलेज में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : सिमडेगा कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारी न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त कंचन सिंह, एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज में अनेक ऐसे वरिष्ठ नागरिक हैं जो अकेलेपन, असहायता और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन ऐसे बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम का संचालन कर रहा है, जहाँ उन्हें आवश्यक देखभाल और सहारा प्रदान किया जाता है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से आग्रह किया कि विद्यार्थियों को समय-समय पर वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया जाए, जिससे उनमें संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि भरण-पोषण ट्रिब्यूनल के आदेश की अवहेलना करने पर कैद और जुमार्ने सहित कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। विद्यार्थियों से उन्होंने अपील की कि वे समाज में होने वाली उपेक्षा या उत्पीड़न की घटनाओं को समझें और जरूरत पड़ने पर प्रशासन को अवश्य सूचित करें। उपायुक्त कंचन सिंह ने संबोधन में कहा कि बदलते सामाजिक ढांचे में माता-पिता की उपेक्षा चिंताजनक रूप से बढ़ी है। भावनात्मक, शारीरिक और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे कई बुजुर्ग परिवार के सहयोग के बिना जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि संतानें सफल होने के बाद अक्सर अपने माता-पिता के प्रति समय, देखभाल और दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पातीं, जबकि इसी अवस्था में बुजुर्गों को सबसे अधिक सहारे की आवश्यकता होती है। उपायुक्त ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2007 में विशेष कानून लागू किया है, जिसके तहत माता-पिता की उपेक्षा, दुर्व्यवहार या परित्याग को दंडनीय अपराध माना गया है और संतान पर कानूनी रूप से भरण-पोषण की जिम्मेदारी तय की गई है। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना, चिकित्सा सुविधाओं और जिले में संचालित वृद्धाश्रम से संबंधित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारियाँ विद्यार्थियों को दीं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि यदि उन्हें कहीं कोई बुजुर्ग बेसहारा या परेशान दिखे, तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, क्योंकि जिला प्रशासन हर प्रकार की समस्या के समाधान के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव, चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता रामप्रीत प्रसाद और प्रद्युम्न सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन सचिव मरियम हेमरोम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रजत जयंती के अवसर पर स्कूल में हुआ एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बांसजोर** : प्रखंड के एस एस प्लस 2 उच्च विद्यालय बांसजोर में गुरूवार को झारखंड स्थापना दिवस सह रजत जयंती समारोह के अवसर पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के संस्थापक सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की, विशिष्ट अतिथि कुलभूषण डुंगडुंग, जिला परिषद सदस्य ठेठईटांगर अजय कुमार एक्का जिला परिषद सदस्य बांसजोर सामरोम पॉल टोपनो, प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड राज्य आदिम जनजाति दिलीप बिरहोर, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयबीरस लकड़ा, एसएमसी अध्यक्ष जगरनाथ बड़ाईक एवं नागपुरी युवा कवि सह लेखक मुंगेश्वर साहु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों को पारंपरिक तरीके के स्वागत किया गया। इसके बाद मंच पर द्वीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। स्कूल के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण सिंह के द्वारा सभी अतिथियों को आदिवासी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद जिप सदस्य अजय एक्का के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपने खून से झारखंड राज्य की गौरवपूर्ण इतिहास को लिखा, अब इस पीढ़ी के युवाओं के कंधे पर इस झारखंड को संवारने की जिम्मेदारी है। वहीं कुलभूषण डुंगडुंग ने झारखंड की इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रभाकर तिर्की ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के अस्तित्व के लिए अनेक महान विभूतियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया।

## संत जेवियर कॉलेज में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज प्रशासन और मीडिया सेल की ओर से हुआ। इस मौके पर प्रेस की स्वतंत्रता, मीडिया की जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रेस की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पत्रकार सत्यम कुमार केशरी ने मीडिया की भूमिका और उसकी नैतिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रेस समाज का दर्पण है, जो लोगों तक सही और निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का काम करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पत्रकारिता के महत्व और सोशल मीडिया के दौर में सत्यापन की जरूरत पर जोर दिया। वहीं आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ जयंत कश्यप ने प्रेस की पारदर्शिता और शिक्षा जगत व मीडिया के बीच के संबंधों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि छात्र देश के भविष्य हैं और उन्हें जिम्मेदार मीडिया उपयोग की समझ अवश्य होनी चाहिए। मंच संचालन सलीमा एक्का एवं अरविंद लकड़ा ने किया कार्यक्रम में प्रोफेसरों ने भी राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर संक्षिप्त विचार रखें व पूरी गतिविधि अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर लिपिक सुरीन, सत्यम कुमार केशरी और शिवम कुमार कश्यप को उनके योगदान और उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया।

## भुला पंचायत में बिरसा हरित ग्राम योजना के आम बागवान का छत्तीसगढ़ मनरेगा कमिश्नर ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : बोड़ाम प्रखंड के भुला पंचायत के बरियादा गांव के किसान दीनबंधु महतो के मनरेगा के बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बने तीन एकड़ के आम बागवानी का एक्सपोजर विजिट किया गया।इस दौरान किसान ने बताया कि तीन एकड़ में बने बागवानी में आम में फल आना शुरू हो गया है। इंटर क्रॉपिंग की जानकारी भी मिली है। जिससे अन्य उत्पाद भी उसी जमीन पर हो जाता हैं। बीडीओ किकू महतो ने जानकारी दी कि पहले परती जमीन रह जाता था अब आम की बागवानी के साथ कुछ बैकल्पिक खेती, ड्रिप एरिगेशन, कृषि, होटीकल्चर से भी किसान लाभान्वित हो रहे हैं। बागवानी सखी प्रियंका दास ने बताया कि टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट से कई बार प्रशिक्षण मिला। टैगोर सोसाइटी की रूपा बख्शी ने बताया कि बागवानी से जुड़े सभी लाभुकों को प्रशिक्षण देकर जमीन की तैयारी के साथ पौधा लगाने के साथ उसमें देखभाल और अन्य सुझाव दिया जाता हैं। लाभुकों को केसीसी भी उपलब्ध करवाया जाता हैं। जे एस एल पी एस के सी एफ एल द्वारा भी ट्रेनिंग के साथ बागवानी का जानकारी देते हैं। समिति की बैठक में विषयों पर चर्चा करते हुए फील्ड विजिट करते हैं। उत्पादक समूह के साथ बैठक के दौरान सहयोग करते हैं। इस दौरान गोरडीह के लाभुक भगवान सिंह और मृत्युंजय सिंह ने भी अपने एक एक एकड़ में लगे आम बागवानी के विषय में छत्तीसगढ़ मनरेगा टीम को जानकारी दी।वही इस योजना को लाभकारी बताया। इस दौरान कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से ग्यारह लोगों की टीम थी।

## माई भारत द्वारा आयोजित पद यात्रा में शामिल हुए मनीष जायसवाल और रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : जिला में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा आयोजित किया गया। पदयात्रा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ के सभागार में बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर, मां भारती भारत माता, ज्ञान की देवी मां शारदे और लौ पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर एवं सामूहिक रूप से वन्दे मातरम्‌ का गायन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ. कूंटू बाबु,डॉ संजय प्रसाद सिंह कार्यक्रम जिला संयोजक राजू कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी, महेन्द्र प्रजापति जिला क्रीड़ा सह पर्यटन अधिकारी संजीत कुमार, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री संजीव कुमार बबला, सरदार अनमोल सिंह, रामगढ़ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय, युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी, रामगढ़ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय, माई भारत के जिला संयोजक जुड़े नितेश कुमार मोदी , जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, धनंजय कुमार पुटूस सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों का आयोजक द्वारा फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। यहां अखंड भारत का आकर्षक रंगोली और कई आकर्षक सेल्फी पॉइंट लगाए गए थे। सैकड़ों विद्यार्थियों गणमान्य नागरिको के उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सूचना भवन में विशेष कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को सूचना भवन, रामगढ़ में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता की जिम्मेदारियों, बदलते मीडिया परिदृश्य तथा भ्रामक सूचनाओं के बढ़ते प्रभाव के बीच प्रेस की विश्वसनीयता को बनाए रखने के उपायों पर चर्चा करना था। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, अध्यक्ष प्रेस क्लब रामगढ़ बीरू कुमार, मीडिया प्रतिनिधि मनोज मिश्रा, उमेश सिन्हा, नंदकिशोर अग्रवाल, धर्मेंद्र पटेल, स्वामी नंदन, दूर्वेज आलम, योगेंद्र सिन्हा, राजेश राय सहित विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि यह पत्रकारों को सत्य, निष्पक्षता और जन-सरोकार आधारित पत्रकारिता के प्रति पुनः संकल्पित होने का अवसर भी प्रदान करता है। वक्ताओं ने 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में फेक न्यूज, गलत सूचनाओं और अधूरी जानकारियों की चुनौती लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में जिम्मेदार, तथ्य-आधारित और पारदर्शी पत्रकारिता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि "मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। प्रेस की विश्वसनीयता तभी बनी रहेगी, जब सूचना संकलन से लेकर प्रकाशन तक प्रत्येक चरण में सत्यता और नैतिकता सर्वोपरि रहे। प्रशासन और मीडिया के बीच समन्वय जनता को सही और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में मीडिया संस्थानों के पत्रकारों ने सूचनाओं की जांच-परख, स्त्रोतों की विश्वसनीयता, डिजिटल मीडिया की चुनौतियाँ, और जनहितकारी पत्रकारिता के महत्व पर अपनी बात साझा की। इसके साथ ही प्रेस परिषद द्वारा जारी दिशानिर्देशों, मीडिया नैतिकता और तथ्य-परक रिपोर्टिंग पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने सच्ची पत्रकारिता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी पत्रकारों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों व अतिथियों ने 1 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकारों को नमन किया। कार्यशाला के दौरान स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र ने किया। अंत में जिला जनसंपर्क विभाग की ओर से सभी अतिथियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सोशल मीडिया एवं पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी, लिपिक सुनीता कुमारी, स्वागतक तक नीतीश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मजहरूल हक सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो के मुख्य आतिथ्य में प्रखंड के कोयरीडीह में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन



**सरिया** : सरिया प्रखंड के के.एस.एस. उच्च विद्यालय, कोयरीडीह परिसर में रविवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन अद्भुत उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बगोदर के लोकप्रिय विधायक माननीय नागेन्द्र महतो ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, बिनोद यादव, मंडल अध्यक्ष अजय यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामशंकर ठाकुर, सांसद पीए रामपुनीत, मुखिया संजय यादव एवं पंचायत समिति सदस्य मुकेश यादव आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का बुके-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने फुटबॉल को किक मारकर खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच मारंग बुरु स्पोर्टिंग क्लब और स्पोर्टिंग क्लब बालहेडीह के बीच रोमांचक माहौल में खेला गया, जिसे सैकड़ों दर्शकों ने भरपूर उत्साह के साथ देखा। अपने प्रेरणादायी संबोधन में विधायक नागेन्द्र महतो ने कहा, खेल केवल शरीर और मन को स्वस्थ ही नहीं बनाते, बल्कि युवाओं में अनुशासन, मित्रता, टीम स्पिरिट और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करते हैं। खेल समाज में एकता और सद्भाव का मजबूत संदेश देते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन पाण्डेय ने तथा संचालन जयप्रकाश वर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। महोत्सव को सफल बनाने में मंडल महामंत्री रामदेव ठाकुर, डुगलाल महतो, अमित आनंद, अमरनाथ, गुरुगोविन्द, दशरथ वर्मा, राजू दास, संतोष दास, रीतलाल वर्मा, सरोज पाण्डेय सहित सभी कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में रामरेखा धाम समितियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



**सिमडेगा** : उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में प्रथम राजकीय रामरेखा महोत्सव-सह-मेला के सफल आयोजन के उपरांत रामरेखा धाम समिति के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण रामरेखा धाम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष पहली बार बड़े पैमाने पर आयोजित महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची, जिसके चलते कुछ व्यवस्थागत चुनौतियाँ सामने आईं। इन्हें ध्यान में रखते हुए अगले वर्ष आयोजन को और व्यवस्थित एवं सुगम बनाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक की शुरूआत में जिला प्रशासन द्वारा रामरेखा धाम समिति के सदस्यों को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके बाद पार्किंग व्यवस्था को व्यापक स्तर पर बढ़ाने, श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करने, विद्युत, नेटवर्क, संचार तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। समिति ने कैरबेड़ा चौक से भूम्भू, बानाबिरा से कोण्डरा तथा शहीद स्थल से रामरेखा मंदिर के नीचे बेस गांव तक तीन नए मार्ग विकसित करने का प्रस्ताव रखा। इन मार्गों के निर्माण से आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते उपलब्ध होंगे, जिससे जाम की समस्या प्रभावी रूप से दूर की जा सकेगी। वहीं घाटी क्षेत्र की चौड़ीकरण हेतु फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए पथ निर्माण विभाग से प्रस्ताव भेजने की बात कहीं। मेला क्षेत्र को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए दुकानों को श्रेणीवार अलग-अलग लगाने, मेला परिसर के विस्तार और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।


## पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर (एस०टी०एफ०) का कार्यालय, राँची

**(सार्वजनिक नीलामी सूचना – 02/2025–26)**

झारखण्ड जगुआर(एस0टी0एफ0), राँची के 11(ग्यारह) रद्दीकृत सरकारी पुलिस वाहनों का सार्वजनिक नीलामी झारखण्ड जगुआर(एस0टी0एफ0), राँची कैंप परिसर में दिनांक – **03.12.2025** को दिन में **11:00 AM** बजे की जाएगी। नीलामी किए जाने वाले वाहनों की विवरणी निम्न प्रकार है –

| क्र0 | वाहन पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | निर्माण वर्ष |
|---|---|---|---|
| 01 | JH01AB-3295 | 407 TRUCK | 2009 |
| 02 | JH01AN-9263 | 407 TRUCK | 2011 |
| 03 | JH01Y-9684 | COMMANDER | 2008 |
| 04 | JH01AA-3023 | COMMANDER | 2009 |
| 05 | JH13A-5162 | COMMANDER | 2009 |
| 06 | JH01AN-9217 | THAR | 2011 |
| 07 | JH01AS-0765 | AMBASSADOR | 2012 |
| 08 | JH01AZ -2120 | INDIGO | 2012 |
| 09 | CH-N-- MAT4465 64GED03450 | SUMO GOLD | 2016 |
| 10 | CH-N--MAT4465 64GED03467 | SUMO GOLD | 2016 |
| 11 | CH-N--MAT4465 64GED02618 | SUMO GOLD | 2016 |

नीलामी में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्तें :–

1. नीलामी से संबंधित Technical Bid एवं Financial Bid सीलबंद लिफाफा में **दिनांक–02.12.2025** तक झारखण्ड जगुआर(एस0टी0एफ0), राँची कार्यालय के परिहवन शाखा में जमा करना होगा।
2. जमा सीलबन्द लिफाफा नीलमी समिति के समक्ष **दिनांक– 03.12.2025** को झारखण्ड जगुआर(एस0टी0एफ0), राँची कार्यालय में विडियो रिकोडिंग के अन्तर्गत खोला जाएगा।
3. वाहन की स्थिति जहाँ है, जैसा है उसी स्थिति में दी जाएगी।
4. Technical Bid(तकनीकी बोली) में निम्न दस्तावेज जमा करना है :–
**1.** GST Paper **2.** PAN Card **3.** वोटर आई०डी०/आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स/बैंक पासबुक/आवासीय प्रमाण पत्र।
5. Financila Bid(वित्तीय बोली) :–
नीलामी में भाग लेने एवं नीलामी बोली(Bid) से संबंधित प्रपत्र कार्यालय कार्य दिवस 10:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अपराह्न तक **दिनांक– 01.12.2025** तक परिवहन शाखा, जे0जे0 (एस0टी0एफ0), राँची से प्राप्त किया जा सकता है।
नोट :–(I) Technical Bid एवं Financial Bid दोनों अलग–अलग लिफाफा में होंगे एवं दोनों लिफाफा, एक लिफाफा के अंदर डालकर पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर(एस0टी0एफ0), के नाम से जमा होगा।
(II) Financial Bid का प्रपत्र प्राप्त करने हेतु परिवहन शाखा, झारखण्ड जगुआर (एस0टी0एफ0), राँची में आना होगा एवं साथ ही उक्त 11(ग्यारह) वाहनों का आधार मूल्य 10,75,000(दस लाख पचहत्तर हजार) रू0 का 10 प्रतिशत जमानत राशि 1,07,500(एक लाख सात हजार पाँच सौ)रू0 का बैंक ड्राफ्ट "IG STF JJ, RANCHI" के नाम से निर्गत कर जमा करना होगा।
6. सीलबन्द लिफाफा खोलने के दौरान प्रतिभागी स्वयं या प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहना अनिवार्य है।
7. नीलामी में बोली लगाने में असफल होने वाले व्यक्तियों की जमानत राशि (Security Amount) लिफाफा खुलने के बाद तीन दिनों के अंदर वापस कर दी जाएगी।
8. नीलामी में किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
9. सफल बोली लगाने वाले प्रतिभागी सफल बोली रकम का डिमाण्ड ड्राफ्ट सात दिनों के अंदर "IG STF JJ, RANCHI" के नाम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा अग्रिम राशि जप्त कर ली जाएगी।
10. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वे किसी भी वाहना का नीलामी के दौरान विक्रय का कार्रवाई बिना कारण बताए स्थगित/संशोधित या रद्द की जा सकती है।
11. नीलामी में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के कर्मी/पदाधिकारी भाग नहीं लेंगे।

ह0/–
पुलिस उप–महानिरीक्षक,
झारखण्ड जगुआ(एस0टी0एफ0),राँची

PR 366181 Police(25-26).D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 | DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108

# यूपी में जातीय रैलियों पर रोक से संगठित होता हिन्दुत्व

देश में क्या विभाजनकारी राजनीति करने वाले नेताओं का अंत का समय करीब आ गया है। बिहार के नतीजों ने क्या बांटने और राज करने की राजनीति करने वाले नेताओं को सबक सिखा दिया है कि उन्हें अपनी भविष्य की राजनीति में बदलाव करना होगा। बिहार से जो संदेश निकला है, उसका प्रभाव अन्य राज्यों में भी देखने को मिल सकता है। खासकर उत्तर प्रदेश इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकता है। वैसे भी यूपी की योगी सरकार ने हाल ही में जातीय आधार पर होने वाली रैलियों पर प्रतिबंध लगाकर राजनीतिक दृश्य में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। इस फैसले का भी सीधा असर अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और मायावती की बहुजन समाज पार्टी जैसे दलों पर पड़ा है, जो लंबे समय से जाति आधारित राजनीति को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाए हुए हैं।योगी सरकार का यह कदम न सिर्फ राज्य की राजनीतिक संस्कृति को बदलने की कोशिश है, बल्कि यह बीजेपी के लिए एक रणनीतिक फायदा भी बन सकता है। जातीय रैलियों पर रोक लगाकर योगी सरकार उन नेताओं और दलों के मंसूबे चकनाचूर करना चाहती है, जो हिंदू समाज को जाति और उपजाति के आधार पर बांटने की सियासत में लगे रहते हैं। इस फैसले के पीछे यह विश्वास है कि जातीय रैलियां समाज में विभाजन और तनाव पैदा करती हैं, जिससे राज्य की शांति और सद्भावना को खतरा होता है। योगी सरकार का तर्क है कि राजनीति को जाति और धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि विकास, सुरक्षा और समानता के आधार पर होना चाहिए। इस निर्णय से अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेताओं के लिए चुनौती बढ़ गई है, क्योंकि उनकी राजनीतिक रणनीति जाति आधारित वोट बैंक को जोड़ने पर टिकी हुई है। अब उन्हें नए तरीके से जनता को संबोधित करना होगा, जिसमें जाति की बजाय विकास और समानता के मुद्दे आगे आएंगे।यह फैसला बीजेपी के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा भी है। बीजेपी लंबे समय से उत्तर प्रदेश में हिंदू एकता की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लगाकर योगी सरकार ने बीजेपी की इस रणनीति को और मजबूत किया है। अब जाति आधारित रैलियों के बिना अखिलेश यादव और मायावती के लिए अपने वोट बैंक को जोड़ना मुश्किल होगा, जबकि बीजेपी के लिए यह एक अवसर है कि वह हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर सके। इससे 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में वोट बैंक का विस्तार हो सकता है। गौरतलब है, बिहार के चुनावों में भी इसी तरह की राजनीतिक दिशा देखने को मिली है। बिहार में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों ने एकजुट होकर बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड के पक्ष में मतदान किया। इस एकजुटता का असर यह हुआ कि जाति आधारित राजनीति करने वाले दलों को बड़ा झटका लगा। बिहार के चुनाव ने यह संकेत दिया कि अब हिंदू समाज जाति और उपजाति के आधार पर नहीं, बल्कि विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर वोट देने लगा है। यह रुझान उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है, खासकर जब जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लग चुका है।योगी सरकार का यह कदम न सिर्फ राजनीतिक दलों के लिए चुनौती है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा संदेश है। यह संदेश है कि अब जाति और उपजाति के आधार पर विभाजन की राजनीति नहीं चलेगी। इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार चाहती है कि राजनीति विकास, सुरक्षा और समानता के मुद्दों पर आधारित हो। इससे न सिर्फ राजनीतिक दलों को अपनी रणनीति बदलनी होगी, बल्कि जनता को भी अपने वोट के आधार को बदलना होगा। इस फैसले के बाद अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेताओं के लिए यह जरूरी हो गया है कि वे अपने वोट बैंक को जाति के आधार पर नहीं, बल्कि विकास और समानता के मुद्दों पर जोड़ें। इससे उन्हें नए तरीके से जनता को संबोधित करना होगा, जिसमें जाति की बजाय विकास और समानता के मुद्दे आगे आएंगे। इस तरह की रणनीति अपनाने से उन्हें बीजेपी के खिलाफ एक नई राजनीतिक दिशा देनी होगी।

# बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियां

**ललित गर्ग**




बिहार का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे। नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भाी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरूआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊंचाई देता है। परंतु अब उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं।

बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी 'जंगलराज' को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा।

बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है-लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल ह्यसौदेबाजीह्ल बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों।

बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था, आज भारतीय लोकतंत्र का एक जीवंत प्रयोगशाला बन गया है। यह प्रदेश भविष्य में किस दिशा में जाएगा, यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा। आज बिहार के पास अवसर है कि वह खुद को एक प्रगतिशील, शिक्षा-संपन्न, रोजगार-समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करे। बिहार की यह जीत इतिहास में दर्ज होगी-सिर्फ इसलिए नहीं कि परिणाम अप्रत्याशित थे, बल्कि इसलिए कि इसने एक नए अध्याय के लिखे जाने की उम्मीद जगाई है। अब समय है कि यह उम्मीद हकीकत में बदल सके। राजनीति तभी सार्थक होगी जब यह जनता के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने और बिहार इस दिशा में देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

# नीतीश की नई सरकार में जेडीयू-बीजेपी की बराबर साझेदारी

**अजय कुमार**

बिहार की राजनीति में यह वह क्षण है, जब सत्ता के गलियारे नए समीकरणों से भरे हुए हैं और गठबंधन की राजनीति अपने सबसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। विधानसभा चुनावों में एनडीए की जीत ने महागठबंधन को भारी झटका दिया है, लेकिन उससे भी बड़ा संदेश यह है कि इस बार जो राजनीतिक परिदृश्य बना है, वह पिछले दो दशकों की तुलना में एकदम अलग और बिल्कुल नई बुनियाद पर टिकने वाला मॉडल तैयार कर रहा है। पटना के गांधी मैदान में 20 नवंबर को होने वाला शपथ ग्रहण सिर्फ सरकार गठन का औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि यह उस नए सत्ता-संतुलन की शुरूआत होगी, जिसमें जेडीयू और बीजेपी को पहली बार वास्तविक बराबरी वाली स्थिति में देखा जा रहा है। इस बार की चुनावी जंग में एनडीए ने सीट बंटवारे का जो फामूर्ला अपनाया था, उसने राजनीति के पुराने मापदंडों को बदल दिया। जेडीयू और बीजेपी दोनों ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा और नतीजों ने इस बराबरी के प्रयोग को सियासी तौर पर मजबूती प्रदान की है। दोनों दलों के बीच केवल चार सीटों का अंतर होना इस बात का संकेत है कि सियासत का पलड़ा अब किसी एक तरफ भारी नहीं है। यही वजह है कि इस बार की सरकार में मंत्रिमंडल का हिस्सा भी उसी बराबरी वाले फामूर्ले पर टिक सकता है।

यह स्थिति 2020 से बिल्कुल उलट है। 2020 में बीजेपी की 74 सीटें थीं और जेडीयू की महज 43, जिसके कारण 12-22 वाला मंत्रिमंडलीय बंटवारा बना था। तब बीजेपी का राजनीतिक कद जेडीयू से ज्यादा दिख रहा था, लेकिन इस बार नतीजों ने गठबंधन के भीतर की शक्ति-संरचना को पूरी तरह संतुलित कर दिया है। 2025 में एनडीए के कुल 202 विधायक हैं जिसमें बीजेपी के 89, जेडीयू के 85, एलजेपी (रामविलास) के 19, हम के 5, और आरएलएम के 4 विधायक शामिल हैं। इन आँकड़ों की रोशनी में यह स्पष्ट है कि नये मंत्रिमंडल के गठन में पुराने फामूर्ले का दोहराया जाना लगभग असंभव है।राजनीतिक समीकरणों की गणना से यह बात भी सामने आ रही है कि गठबंधन इस बार 6 विधायक पर 1 मंत्री का फामूर्ला अपना सकता है। अगर ऐसा हुआ तो जेडीयू और बीजेपी दोनों ही लगभग 15-16 मंत्री दे सकेंगे। साथ ही छोटे दलों चिराग पासवान की पार्टी, मांझी की हम और कुशवाहा की आरएलएम को भी उचित प्रतिनिधित्व देने के संकेत हैं। चिराग की पार्टी को 2-3 मंत्री, जबकि मांझी और कुशवाहा को 1-1 मंत्री मिलना संभावित माना जा रहा है। यह संयोजन दिखाता है कि एनडीए इस बार सिर्फ बड़ा दिखने की राजनीति नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने की संतुलित भूमिका अपनाना चाहता है।

डिप्टी सीएम का समीकरण भी इस बार बेहद दिलचस्प होगा। 2005 से लेकर 2024 तक बीस सालों में एक परंपरा बनी रही कि जब-जब जेडीयू और बीजेपी साथ हुए, बीजेपी के हिस्से में डिप्टी सीएम की कुर्सी गई। सुशील मोदी हों, तारकेश्वर प्रसाद या रेणु देवी हर दौर में यह कुर्सी बीजेपी ने ही संभाली। 2024 की शुरूआत में जब नीतीश दोबारा एनडीए में आए तो सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया। अब सवाल यह है कि नए मंत्रिमंडल में बीजेपी को एक डिप्टी सीएम मिलेगा या दो और क्या जेडीयू इस बार डिप्टी मुख्यमंत्री पद पर दावा पेश कर सकता है? हालाँकि संकेत यही हैं कि नीतीश कुमार गठबंधन की एकता बनाए रखने के लिए वही पुराना पैटर्न बरकरार रखेंगे और बीजेपी को ही डिप्टी सीएम का दायित्व मिलेगा, पर अंदरखाने मंथन लगातार जारी है।नीतीश कुमार की राजनीति हमेशा संतुलन, समझौता और स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने के कौशल पर आधारित रही है। इस बार भी वे उसी रास्ते पर चलते दिखाई दे रहे हैं। जेडीयू को बराबरी की हिस्सेदारी दिलवाकर वे न केवल जाति-आधारित समीकरणों को मजबूती दे रहे हैं, बल्कि यह संदेश भी भेज रहे हैं कि जेडीयू अब किसी भी स्थिति में जूनियर पार्टनर बनने के लिए तैयार नहीं। उनकी रणनीति यह दिखाती है कि वे 2020 की तरह का परिदृश्य नहीं दोहराना चाहते, जिसमें बीजेपी का पलड़ा भारी हो गया था और जेडीयू कमजोर स्थिति में चली गई थी।

बिहार का राजनीतिक परिदृश्य हमेशा से संख्या, जाति और गठबंधन की बारीकियों पर टिका रहा है। इस बार के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में सत्ता की लड़ाई अब सिर्फ चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि गठबंधन के भीतर भी शक्ति का संतुलन उतना ही अहम होगा। एनडीए की नई सरकार अगर 50-50 वाले मॉडल पर खड़ी होती है, तो यह बिहार में राजनीतिक साझेदारी के एक नए अध्याय का संकेत होगा। यह वह मॉडल होगा जिसमें दोनों बड़े दलों को बराबर का सम्मान, बराबर का स्थान और बराबर का दायित्व मिलेगा।हालाँकि चुनौतियाँ कम नहीं हैं। बराबरी की साझेदारी का अर्थ यह भी है कि किसी भी मुद्दे पर मतभेद उत्पन्न होने पर गठबंधन में तनाव बढ़ सकता है। दोनों दलों को मंत्रियों के चयन में समाजिक संतुलन भी ध्यान में रखना होगा अगड़े, पिछड़े, महादलित, अल्पसंख्यक, अत्यंत पिछड़ा वर्ग इन सभी का उचित प्रतिनिधित्व मंत्रिमंडल की अनिवार्य शर्त है। छोटे दलों की अपेक्षाएँ भी गठबंधन के लिए परीक्षा बन सकती हैं, क्योंकि शक्ति-साझेदारी में थोड़ी भी कमी उन्हें गठबंधन से दूर कर सकती है। इसके बावजूद यह भी सच है कि इस बार एनडीए के पास बिहार को राजनीतिक स्थिरता देने का बड़ा अवसर है। यदि यह सरकार संयुक्त जिम्मेदारी और साझा नेतृत्व के सिद्धांत पर चलती है, तो यह बिहार के विकास मॉडल को भी नई दिशा दे सकती है। बेरोजगारी, पलायन, उद्योगों का अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य इन सभी मोर्चों पर काम करने के लिए स्थायी और संतुलित सरकार की जरूरत है। और यह सरकार वैसी बनने की क्षमता रखती है, बशर्ते गठबंधन के भीतर संवाद और तालमेल कायम रहे।नीतीश कुमार की नई पारी ऐसे समय में शुरू हो रही है जब बिहार की जनता राजनीतिक उथल-पुथल से थक चुकी है। लोग स्थिरता चाहते हैं, नीतिगत निरंतरता चाहते हैं और विकास की गति चाहते हैं। यदि जेडीयू और बीजेपी अपनी बराबरी वाली साझेदारी को सियासी अहंकार से दूर रखते हुए चलाएँ, तो यह सरकार आने वाले वर्षों में बिहार की दिशा बदलने का अवसर बन सकती है।

## सूडोकु नवताल- 7617

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7616 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# नई सरकार में क्या नीतीश के कद को छोटा कर सकती है बीजेपी

**स्वदेश कुमार**

बिहार की राजनीति एक बार फिर उस मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां सत्ता का समीकरण तो बन गया है, पर भरोसे की नींव डांवाडोल है। बीजेपी ने आखिरकार फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार कर लिया है, लेकिन यह निर्णय राजनीतिक मजबूरी से ज्यादा कुछ नहीं माना जा रहा। पार्टी को यह भली-भांति पता है कि जनता और अपने कार्यकर्ताओं के बीच नीतीश की लोकप्रियता पहले जैसी नहीं रही। चुनाव परिणामों और गठबंधन की पुनर्संरचना के बाद बीजेपी ने रणनीतिक रूप से यह फैसला किया कि फिलहाल नीतीश को मुख्यमंत्री बनाकर वह प्रदेश की स्थिरता और प्रशासनिक नियंत्रण दोनों को साध सकती है।

दिलचस्प बात यह है कि इस बार हालात पहले जैसे नहीं हैं। नीतीश कुमार भले ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहें, लेकिन उनकी राजनीतिक ताकत अब सीमित दायरे में सिमटती जा रही है। पिछले दो वर्षों में उन्होंने बार-बार गठबंधन की दिशा बदली, जिससे उनकी विश्वसनीयता में गिरावट आई। बीजेपी अब यह स्थिति दोहराना नहीं चाहती कि सत्ता में रहकर भी उसकी नीति और प्रशासनिक निर्णय किसी और के हिसाब से तय हों। इसलिए नई सरकार में मंत्री पदों का बंटवारा इस तरीके से होगा कि सत्ता का असली संचालन बीजेपी के हाथों में रहे। गृह मंत्रालय को लेकर कोई संशय नहीं है कि बीजेपी इसे अपने पास रखना चाहेगी। बिहार में कानून-व्यवस्था पिछले कई वर्षों से सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार पर लगातार उठ रही आवाजों के बीच बीजेपी यह संदेश देना चाहती है कि वह शासन को सख्ती और जवाबदेही के साथ चलाएगी। गृह विभाग उनके पास रहने से न सिर्फ पुलिस व्यवस्था पर सीधा नियंत्रण स्थापित होगा बल्कि विपक्ष को भी यह संदेश जाएगा कि अब निर्णय अकेले मुख्यमंत्री दफ्तर से नहीं होंगे। वित्त विभाग भी बीजेपी के नियंत्रण में आने की लगभग पूरी संभावना है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि विकास योजनाओं और बजट आवंटन के जरिए सरकार की छवि बनती है, ऐसे में वित्त मंत्रालय पर नियंत्रण का मतलब है प्रशासनिक शक्ति पर पूर्ण पकड़। यह कदम नीति निर्धारण में बीजेपी को निर्णायक भूमिका दिलाएगा, जबकि नीतीश कुमार का दायरा सीमित रहेगा।


नगर विकास विभाग को लेकर भी बीजेपी विशेष रुचि दिखा रही है। नगरीय निकायों में विपक्ष का प्रभाव लगातार बढ़ा है और प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी और स्वच्छ भारत जैसे केंद्र प्रायोजित कार्यक्रमों की जमीनी सच्चाई को लेकर सवाल उठते रहे। ऐसे में बीजेपी चाहती है कि इन योजनाओं की क्रियान्वयन प्रक्रिया उसके नियंत्रण में रहे ताकि वह शहरी वोट बैंक को साध सके। इसका एक अतिरिक्त लाभ यह भी होगा कि शहरी मतदाताओं के बीच उसकी पकड़ मजबूत हो सकेगी, जो 2029 के आम चुनाव के लिहाज से बेहद अहम होगा। शिक्षा, कृषि और ग्रामीण विकास जैसे विभागों में भी बीजेपी का प्रभाव बढ़ाने की मंशा साफ दिखती है। इन मंत्रालयों के माध्यम से सीधे जनता तक पहुंच बनाई जा सकती है। बीजेपी का मानना है कि विकास कार्यों का श्रेय लेने के लिए उसे सरकारी मशीनरी पर नियंत्रण रखना होगा। वहीं नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के लिए ऐसे विभाग छोड़े जा सकते हैं जो राजनीतिक रूप से कम संवेदनशील हैं, जैसे पीएचईडी, परिवहन या उद्योग मंत्रालय।

इस पूरे समीकरण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बीजेपी अब "बड़े भाई" की भूमिका में है। पिछले कार्यकालों में जब नीतीश कुमार मजबूत स्थिति में थे, तब बीजेपी को उनके निर्णयों का अनुसरण करना पड़ता था। लेकिन इस बार परिस्थिति उलट है। विधानसभा में बीजेपी का संख्याबल नीतीश की पार्टी से ज्यादा है, और पार्टी के रणनीतिकार अब इस समीकरण को स्थायी सत्ता संतुलन के तौर पर बदलना चाहते हैं। नीतीश के पास सीमित विकल्प हैंः या तो वे गठबंधन की मजबूरी को स्वीकार करें, या फिर सत्ता से दूर रहने का जोखिम लें, जो फिलहाल उनके लिए संभव नहीं दिखता। बीजेपी केंद्र की राजनीति से भी इस निर्णय को जोड़कर देख रही है। बिहार आने वाले लोकसभा चुनावों में बेहद अहम भूमिका निभाता है। पार्टी चाहती है कि राज्य में ऐसा प्रशासनिक संदेश जाए जिससे मतदाता को लगे कि अब विकास, कानून-व्यवस्था और रोजगार जैसे मसले सरकार की प्राथमिकता में हैं। नीतीश कुमार की छवि को एक "समावेशी चेहरा" बनाकर रखा जा रहा है, लेकिन असली नियंत्रण बीजेपी के हाथ में रहेगा। राजनीतिक जानकारों का यह भी मानना है कि आने वाले महीनों में यदि हालात अनुकूल रहे तो पार्टी चरणबद्ध तरीके से नेतृत्व परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ा सकती है।

बीजेपी की यह नीति व्यावहारिक भी है और दीर्घकालिक भी। पार्टी नीतीश के अनुभव का उपयोग चाहती है लेकिन उनके प्रभाव को सीमित करने का पक्ष ले रही है। इस तरह वह सत्ता में स्थिरता और संगठनात्मक नियंत्रण, दोनों को साधने की कोशिश में है। नीतीश कुमार के लिए यह चरण राजनीतिक अस्तित्व का हैः मुख्यमंत्री तो रहेंगे, पर पहले जैसी तवज्जो और निर्णय की स्वतंत्रता अब नहीं होगी। आने वाले हफ्तों में विभागों का बंटवारा हो जाएगा और उसी से स्पष्ट हो जाएगा कि सत्ता की असली बागडोर किसके हाथ में है। बिहार की राजनीति में यह अध्याय सिर्फ. गठबंधन की कहानी नहीं बल्कि ताकत के पुनर्संतुलन का संकेत है। बीजेपी अब "सांझा सत्ता" नहीं बल्कि "संतुलित वर्चस्व" की ओर बढ़ रही है, और नीतीश कुमार को इस सच्चाई के साथ कदमताल करना ही होगा।

## दैनिक पंचांग

**18 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | वृश्चिक | 06.08 ब.से |
| चंद्र | तुला में | धनु | 08.28 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.33 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.19 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 13.52 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.23 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.03 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.14 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | सिंह | 23.30 बजे से |
| | | कन्या | 01.42 बजे से |
| | | तुला | 03.53 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 322 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 07.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 08.09 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 07.13 बजे तदनन्तर विष्टि 20.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 14'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872532
**जूलियन दिन** 2460997.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 26
**विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पुलिस ने मारपीट व गोलीबारी में चार लोगों को हिरासत में लेकर कर रहा पूछताछ

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रीनगर में रविवार की देर रात मारपीट व गोलीबारी की शिकायत पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जहां पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने बताया कि मामले में 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दो लोगों को छोड़ दिया गया है। जबकि दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### हाथी के डर से धान कटनी भी नहीं कर पा रहे किसान



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बिरडाटांड़ और तालापीढ़ी गांव के जंगल में एक झुंड से बिछड़े हाथी ने डेरा डाले हुए है। हाथी दिन और रात को भी जंगल से सटे खेतों में धानों को अपना निवाला बना रहा है। धान पकते ही हाथियों का झुंड ईचागढ़ व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के कई जंगलों में पहुंच कर खेतों में लगे धानों को चट कर रहा है झुंड से बिछड़े हाथी ने सोड़ो के अभीराम दास, धनंजय सिंह मुण्डा,भृगु कालिंदी, बिरडाटांड़ में धना महतो, बलदेव महतो, आशुतोष महतो,तालापीढ़ी के निमाई चन्द्र महतो, रघुनाथपुर के आसीना महतो का खेतों में लगे पके धानों को रौंद कर नष्ट कर दिया। किसान निभाई चन्द्र महतो ने बताया कि हाथी के डर से खेतों में लगा धान कटनी में जाने से भी डर रहे है। उन्होंने कहा कि झुंड से बिछड़े हाथी को वन विभाग क्षेत्र से भगाए और नष्ट किया गया धानों का समुचित मुआवजा दे ।

### ट्रेलर के चपेट में आने से एक युवक की मौत



**ईचागढ़ :** चौका थाना क्षेत्र के चौका कांड्रा सड़क मार्ग स्थित बानसा में ट्रेलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार शाम 4:30 बजे की है। मृतक बाइक सवार की पहचान रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के सिंदुआरडीह निवासी 28 वर्षीय प्रकाश महतो के रूप में किया गया है। सूचना पर चौका पुलिस पहुंचे तथा शव को अपने कब्जे लिया तथा ट्रेलर को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार प्रकाश महतो कांड्रा से चौका की ओर आ रहें थे,उसी दौरान चौका की ओर आ रहें ट्रेलर की चपेट में आ गया। जिसमें उसका मौके पर ही मौत हो गया। जानकारी के अनुसार प्रकाश महतो जमशेदपुर में रहता है,वह अपने घर सिंदुआरडीह जाने के दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।

### बालू उठाव की मांग को ले किया सड़क जाम

**पाकुड़/महेशपुर :** जिले के महेशपुर प्रखंड में ट्रैक्टर यूनियन ने बालू उठाव की मांग को लेकर सोमवार को सड़क जाम किया। बाबूपुर के पास महेशपुर–पाकुड़ मुख्य मार्ग पर हुए इस जाम को प्रशासन के आश्वासन के बाद चार घंटे में समाप्त किया गया। यूनियन के सदस्यों ने बताया कि बालू की कमी से सरकारी और निजी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को हो रही है, जो अपना पुराना आवास तोड़कर नया बना रहे हैं। बालू उपलब्ध न होने से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया है। यूनियन ने कहा कि विगत जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के आदेश के कारण बालू उठाव बंद था, अब आखिर कब तक हम बालू की किल्लत झेलें।

# जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का हुआ सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में झारखण्ड शिक्षा परियोजना समग्र शिक्षा द्वारा प्रोजेक्ट पहल 2.0 के अंतर्गत आज जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन बाजार समिति पाकुड़ में किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों को विद्यालय प्रबंधन, पठन-पाठन की गुणवत्ता, नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट रोकथाम तथा समुदाय की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण शैक्षिक पहलुओं के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती तथा जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा पंचायत प्रतिनिधि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मुखिया अपने क्षेत्र के विद्यालयों के संरक्षक की भूमिका में होते हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से नामांकन, उपस्थिति और विद्यालय के आधारभूत ढांचे में उल्लेखनीय सुधार संभव है। उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट पहल 2.0 तभी सफल होगा, जब विद्यालय प्रबंधन समिति एवं समुदाय मिलकर लगातार सहयोग, निगरानी और संवेदनशीलता के साथ भूमिका निभाएँ। प्रत्येक पंचायत में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने मुखियाओं से अपील किया कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति, ड्रॉपआउट रोकथाम,अभिभावक जागरूकता,शिक्षण-अधिगम वातावरण सुधार में सक्रिय, जिम्मेदार और निरंतर भूमिका निभाएँ। अंत में उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने सभी मुखियाओं को आगामी कार्यक्रम ह्यआपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वारह्न के सफल आयोजन के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा, जिसमें बच्चों के जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, आधार कार्ड आदि आवश्यक दस्तावेजों को सुलभ और समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य होगा। उन्होंने मुखियाओं से कहा इस बार अभियान को पूरी प्रभावशीलता के साथ संचालित करें। हर पात्र बच्चे तक प्रमाणपत्र की सुविधा पहुँचे – यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने आगे बताया कि कई पंचायत भवनों के कार्यों की सराहना विभिन्न निरीक्षण टीमों ने की है। एक पंचायत की मुखिया द्वारा बैठक में अंग्रेजी में प्रभावी प्रस्तुति देने की भी प्रशंसा की गई, जो स्थानीय नेतृत्व की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को शिक्षा और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने कहा कि मुखियाओं की प्रेरक भूमिका और निकट सहयोग से विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय स्तरीय योजनाओं, सीखने के परिणाम और विभागीय प्रावधानों की विस्तृत जानकारी साझा की। जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, निरीक्षण व्यवस्था, गुणवत्ता सुधार उपाय और प्रमुख शैक्षणिक लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय अवसंरचना सुधार, शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने, नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने तथा सामुदायिक जागरूकता से संबंधित अनेक रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। सम्मेलन में विद्यालयों की बच्चियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट मॉडल भी बनाए एवं प्रदर्शित किए गए, जिनका उपायुक्त एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया गया। बच्चियों की रचनात्मकता और नवाचार को देखकर सभी ने सराहना व्यक्त की। जिला स्तरीय मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को पुरस्कार एवं मेडल भी प्रदान किए जाएंगे।

## वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज, अखिल कुमार के निर्देशानुसार आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में लीगल एड डिफेंस कौंसिल-न्याय रक्षक और पैरा लीगल वॉलंटियर्स-न्याय मित्रों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे समाज में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक सम्मानपूर्वक, सुरक्षित एवं आर्थिक रूप से सक्षम जीवन सकें। सरकार द्वारा नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस अधिनियम की भावना का सम्मान करते हुए अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभाएं। यह अधिनियम उन माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है, जो उपेक्षा, आर्थिक कठिनाइयों या देखभाल के अभाव का सामना कर रहे हैं। अधिनियम के अनुसार वयस्क संतानों, रिश्तेदारों या वैधानिक अभिभावकों पर माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। अधिनियम की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए भरण-पोषण का अधिकार, त्वरित सुनवाई की व्यवस्था, मासिक भत्ता, वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, तथा उनके आवास एवं देखभाल से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई।

## एबीवीपी ने धर्ती आबा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज नगर द्वारा पुरानी साहिबगंज स्कूल में "धर्ती आबा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता" का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद पूरा विद्यालय परिसर ज्ञान, राष्ट्रभावना और अनुशासन की ऊर्जा से भर उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रोजीत साह ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और आदिवासी समाज को संगठित करने की ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धर्ती आबा बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है और परिषद उसी शक्ति, संस्कार और राष्ट्रनिष्ठा के मार्ग पर युवा समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने का सर्वोत्तम माध्यम हैं, और एबीवीपी इसी उद्देश्य के साथ लगातार शैक्षणिक व बौद्धिक गतिविधियाँ आयोजित करती रहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री अविनाश साह ने की। अपने वक्तव्य में उन्होंने परिषद के उद्देश्य, संगठनात्मक संरचना और युवा शक्ति के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी केवल विद्यार्थी संगठन नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है, जो देश के हर कोने में शिक्षा, मूल्य, संस्कार और छात्र हितों के लिए प्रतिबद्ध है। अविनाश साह ने यह भी कहा कि आज की प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया कि साहिबगंज का युवा अत्यंत प्रतिभाशाली, जागरूक और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने, समाज के प्रति संवेदनशील रहने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** राजमहल के सांसद एवं दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) के अध्यक्ष विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, विधायक प्रतिनिधि पाकुड़ बरकत खान, जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा दिशा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पिछले बैठक के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सांसद द्वारा डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन तथा धन के प्रभावी उपयोग पर बल दिया गया तथा जिले में डॉक्टरों की कमी को डीएमएफटी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि बरहेट द्वारा शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं में मोटर/सोलर अधिष्ठापन से संबंधित समस्याओं को रखते हुए बताया गया कि समझौते के अनुसार स्थानीय स्तर पर मिस्त्री एवं सेवा केंद्र की व्यवस्था अनिवार्य है, परंतु मोटर की मरम्मत राँची भेजनी पड़ती है जिससे जलापूर्ति प्रभावित होती है। इस पर उपायुक्त साहेबगंज ने कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निदेशित किया कि लापरवाही बरतने वाले संवेदकों को काली सूची में डाला जाए। विधायक राजमहल द्वारा चौक-चौराहों पर स्थापित सोलर/हाई मास्क लाइटों की नियमित जाँच एवं मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सांसद-सह-अध्यक्ष ने संबंधित पदाधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। साथ ही जरेडा द्वारा लंबित पुराने सोलर लाइटों की मरम्मत नहीं करने पर संबंधित एजेंसी पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। राजमहल विधायक द्वारा पूर्वी फाटक, पश्चिमी फाटक, तीन पहाड़ एवं ओवरब्रिज निर्माण हेतु रेलवे से पत्राचार कर प्रस्ताव जल्द भेजे जाने की आवश्यकता बताई गई। सांसद-सह-अध्यक्ष ने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि खनन क्षेत्र के ग्रिड- रिजाइनमेंट से संबंधित सीआईटी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप एक्सपर्ट कमेटी से सर्वे कराते हुए पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। बैठक में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। साहेबगंज के ग्रीन होटल से लॉन्च घाट तक के मार्ग में अतिक्रमण हटाने तथा रेलवे भूमि पर भेंडर युक्त दुकानों के निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

## भूटकुरु में जर्जर कर्मशाला शेड के पुनर्निर्माण की मांग

**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के खुटरी पंचायत अंतर्गत भूटकुरु गांव में स्थित कर्मशाला शेड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। ग्रामीणों ने इसके पुनर्निर्माण की मांग बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह से की है ग्रामीणों दिलीप महली, नागेश्वर महली, रामा महली, मिलन महली, शांति देवी और संजीता देवी ने बताया कि करीब 27 वर्ष पहले यह शेड बांस के समान बनाने वाले कारीगरों के लिए बनाया गया था। इस स्थान पर बैठकर ग्रामीण सूप, टोकरी, झाड़ू, मंचक, टूपका आदि बनाकर बाजार में बेचते थे ग्रामीणों ने बताया कि समय के साथ शेड का छत टूटकर गिरने लगा, जिससे एक साथ कार्य करना कठिन हो गया है। पहले बाजार के दुकानदार गांव में आकर सामान खरीद ले जाते थे, पर अब कारीगरों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बांस से बने उत्पाद ही उनकी आजीविका का साधन हैं। ऐसे में अगर यह कर्मशाला शेड दोबारा बन जाए तो स्थानीय कारीगरों को फिर से कार्य करने और जीविका चलाने में काफी सहूलियत होगी।

# पूर्वी विधानसभा के सीतारामडेरा क्षेत्र में करीब 1 करोड़ की योजनाओं का विधायक पूर्णिमा साहू ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के सीतारामडेरा क्षेत्र में सोमवार को विधायक पूर्णिमा साहू ने करीब 1 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में हरिजन स्कूल मैदान, भालुबासा में भंडार गृह का निर्माण, भालुबासा मुखी समाज के विकास भवन का जीर्णोद्वार, किचन शेड तथा छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण, शीतला भवन के समीप शौचालय एवं किचन शेड निर्माण, भुईयांडीह स्थित शिशु विकालय के जर्जर भवन का मरम्मतिकरण, नीतिबाग कॉलोनी रोड नंबर 1 में नाली निर्माण, ह्यूम पाइप, इंद्रानगर में महतो जिरोक्स के बगल की गलियों में सड़कों का निर्माण, छायानगर, भुईयांडीह बस्ती में नाली निर्माण, न्यू बाराद्वारी देवनगर स्थित सुभाष आश्रम में किचन शेड निर्माण एवं बाराद्वारी देवनगर के सामुदायिक भवन का मरम्मतिकरण, सौन्दर्यकरण, सीढ़ी, छत पर बाउंड्री वॉल एवं किचन शेड निर्माण शामिल हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता पवन अग्रवाल, भाजपा सीतारामडेरा मंडल के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष पोरेश मुखी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासीगण मौजूद रहे। इस अवसर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि जनता से किए विकास के वादों को पूरा करना और हर बस्ती एवं मोहल्लों तक सुविधाएं पहुँचाना उनकी प्राथमिकता और संकल्प है। यह सभी योजनाएं इसी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रही है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र में शिक्षा, स्वच्छता, सड़क, नाली, सामुदायिक भवनों और बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देकर कई अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। कहा कि वे पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए, सदैव प्रतिबद्ध होकर कार्य करती रहेंगी। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों और विकास कार्यों के प्रति सक्रियता की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया। शिलान्यास कार्यक्रम में उमेश साव, रामचंद्र साव, संजय प्रसाद, रमेश विश्वकर्मा, राखी राय, कौस्तव रॉय, नागेश प्रसाद, संजय सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 माह बाद साहिबगंज-मनिहारी अंतरराज्यीय फेरी सेवा शुरू



**साहिबगंज:** लगभग 04 माह के लंबे समय अंतराल के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए साहिबगंज–मनिहारी के बीच गंगा में फेरी सेवा परिचालन सोमवार को शुरू हुआ। रिवर थाना अंतर्गत बिरसा मुंडा गंगा घाट से अंतरराज्यीय फेरी यात्री सेवा का सोमवार से शुभारंभ हुआ। मिली जानकारी के अनुसार गंगा घाट से सुबह साढ़े 8 बजे, 10 बजे, दोपहर डेढ़ बजे और साढ़े तीन बजे मनिहारी के लिए जाएगी। एक यात्री का टिकट दर 51 रुपया है। वहीं बाइक और एक चालक के साथ 154 रुपया लगेगा। यात्रियों में खुशी की लहर फेरी सेवा शुरू होने से साहिबगंज और बिहार, कटिहार के मनिहारी आने जाने वाले यात्रियों में काफी हर्ष है। यात्रियों ने बताया कि जहाज चलने से मनिहारी, कटिहार व पूर्णिया जाना आसानी हुआ है। नाव से भेड़-बकरी की तरह डर-डर के आना जाना करते थे। यात्रियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### अंडर -16 जिला क्रिकेट लीग में सीएबी जूनियर बी बरहरवा की टीम ने 5 विकेट से दर्ज की जीत




**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो–कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर–16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत सोमवार को रेलवे स्कूल बनाम सीएबी जूनियर बी के बीच मैच खेला गया। सीएबी जूनियर बी ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। रेलवे स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 120 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आयुष ठाकुर ने 16, हर्ष व शिवम ने 10–10 रन की पारी खेली। सीएबी जूनियर बी के गेंदबाज इस्तेखार ने 3, सफी उर्रहमान, विवेक व अंशु राज ने 2–2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सीएबी जूनियर बी ने 17.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 121 रन बना कर 5 विकेट से जीत दर्ज की। रोशन कुमार ने 26, सुधांशु ने 16 व रिजवान शेख ने 17 रन की पारी खेली। रेलवे स्कूल के गेंदबाज सुशांत पासवान ने 4 व जीशान शाह ने 1 विकेट लिया। सीएबी जूनियर बी के खिलाड़ी रोशन कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ तुफैल अहमद ने रोशन को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### अंबेडकर भवन में लगा दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** शहर के कुलीपाड़ा, दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में अंबेडकर संस्था के तत्वाधान में नेपाल के विराट रानी नेत्र अस्पताल प्राइवेट लिमिटेड का दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। पहले दिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक डॉ बीआर चामलीन ने लगभग 100 लोगों के नेत्र की निशुल्क जांच की। संस्था सदस्य अनिल पासवान ने बताया कि मंगलवार की सुबह भी 11 बजे से 4 बजे तक नेत्र जांच की जाएगी। मौके पर मो जुल्फिकार, मो रिजवान, राहुल यादव, मो महताब आलम, अंबेडकर संस्था के सदस्य अनिल पासवान, शेखर पासवान, मंगल पासवान, अजमत हुसैन, विजय कुमार, नवल किशोर पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस कमेटी की 21 पंचायतों के 109 बूथों के लिए तैयार की गई ICHA-2 सूची प्रदेश कार्यालय को सौंपी



**अनगड़ा:** अनगडा में प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष एतवा उरांव ने अनगड़ा कांग्रेस कमेटी की 21 पंचायतों की 109 बूथों के लिए तैयार की गई BLA2 की पूरी लिस्ट झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी संजय कुमार को सौंपी। इस दौरान उनके साथ सक्रिय कांग्रेस नेत्री देवकी कुमारी भी उपस्थित रही। जल्द ही झारखण्ड प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश खिजरी विधायक सह विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप जिला अध्यक्ष सोमनाथ मुण्डा एवं निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी इन BLA2 के साथ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर प्रशिक्षण देंगे ताकि स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण शिविर के बाद ये BLA2 सरकारी BLO के साथ संयुक्त रूप से कार्य कर पाएंगे। इन BLA2 को निर्वाचन आयोग ही नियुक्त करेगा।

### अवैध शराब तस्करी करने वाले एक युवक को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार



**साहिबगंज:** अवैध रूप से शराब ले जाने के गुप्त सूचना में एक विश्वसनीय स्रोत से प्राप्त सूचना के आधार पर, जब ट्रेन संख्या 53433 अप (अजीमगंजबरहरवा पैसेंजर) प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर समय 11.38 बजे बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आई तो आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा/संजीव कुमार, उपनिरीक्षक/जीआरपी /रमाशंकर प्रसाद,उपनिरीक्षक लाल बहादुर माझी,कॉन्स्टेबल/अनिल कुमार साह,हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार मंडल ,कांस्टेबल सतीश कुमार और कांस्टेबल चंदन कुमार राम के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, हमने देखा कि जनरल कोच संख्या ईआर 122467 में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एक भारी प्लास्टिक का बोरा लेकर इधर उधर घूम रहा है।

# योगी बोले: मर्सिडीज वाले लोग गमले चुरा ले गए

## पकड़ते तो बेइज्जती होती, इसलिए बुलाकर सीसीटीवी फुटेज दिखाए





लखनऊ। 'G-20 समिट के बाद कार्यक्रम स्थल के आसपास लगाए गए गमलों को लोग मर्सिडीज से उठाकर ले गए। अब सोचिए, कहां मर्सिडीज कार की कीमत और कहां एक गमले की? अगर हम कार्रवाई करते तो शहर की गलत पहचान बनती। लोग कहते कि गमला चोर पकड़े जा रहे हैं, यह तो बहुत बड़ा एक्शन है। इसलिए हमने उन लोगों को बुलाकर गमले चोरी करने के CCTV फुटेज दिखाए।' यह बात सीएम योगी ने लखनऊ में सोमवार को कही। वह BBD यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में दो बैच के 5,746 छात्रों को उपाधियां और मेडल दिए गए। योगी ने कहा- जब हम दुनिया से 10 कदम आगे की सोच लेकर चलेंगे, तब दुनिया खुद हम पर ध्यान देने को मजबूर होगी। अक आज की जरूरत है। लेकिन ध्यान रहे, उसे आप चलाएं, वह आपको न चलाने लगे। मंच पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को बहुत गुस्सा आता है। पत्नी गुस्सा हो तो उसकी सुनो। उन्होंने मंच पर एक पहेली भी पूछी। योगी ने कहा- 2017 के पहले यूपी में पहचान का संकट था। युवा परेशान, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। नए निवेश की बात तो दूर, जो पहले से निवेश कर चुके थे, वो पलायन कर रहे थे। सरकार ने जब जीरो टॉलरेंस की बात की तो लोग कहते थे कि ये सिर्फ बयानबाजी है। अब क्या होली, दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन, क्रिसमस, ईद, बकरीद सब अच्छे से मनाया जाता है। कानून का पालन करना ही होगा। कानून व्यवस्था पर काम करने से निवेश की झड़ी लग गई। 5 साल में 50 हजार करोड़ का निवेश मिलना भी मुश्किल था। उसी प्रदेश में 8 साल में 45 लाख करोड़ का निवेश आ गया। देश जब आजाद हुआ तो अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान 14 फीसदी था। लेकिन, जब हम सरकार में आए तब आंकड़ा 8 फीसदी रह गया था। हमने मेहनत की और आज हम यूपी को देश का टॉप अचीवर बना दिया। जब स्वर्गीय अखिलेश दास ने यूनिवर्सिटी खोली होगी, तब उनको 100 एकड़ की जमीन की जरूरत बताई गई। उन्होंने तो अपनी सामर्थ्य से इसे जुटाकर यूनिवर्सिटी बना दी। आज के दिन किसी के बस में 100 एकड़ जमीन जुटाने की ताकत नहीं है। पर, उस समय सरकार के चहेते लोगों को महज 10 एकड़ की जमीन पर यूनिवर्सिटी को स्वीकृति दे दी जाती थी। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को दहलाने वाली ब्रह्मोस लखनऊ मे ही बनी। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने के लिए फ्री में लैंड दिया गया। जब ये फुल वर्क करने लगेगा तो हर साल GST से 500 से 600 करोड़ कमा सकेंगे। जिसने पाकिस्तान होश उड़ा दिए थे, वो ड्रोन भी यूपी में ही बने है। ये यहां के युवाओं के दिमाग की उपज है। मैं विश्वविद्यालय से भी कहूंगा कि इस इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को भी अपना पार्ट बनाएं और शार्ट टर्म कोर्स शुरू करें। लखनऊ ने 2 साल पहले यानी 2023 में जी-20 डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की बैठक की मेजबानी की थी। इस साल ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के साथ जी-20 की बैठकें भी हुई थीं। बैठक से पहले पूरे शहर को सजाया गया था। प्रमुख स्थानों और चौराहों पर फूल और गमले लगाए गए थे। सीएम योगी ने कहा- टेक्नोलॉजी से नौकरी नहीं जाती बल्कि नए अवसर खुलते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को दहलाने वाली ब्रह्मोस लखनऊ में ही बनी। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने के लिए फ्री में लैंड दिया। जब ये फुल वर्क करने लगेगा तो हर साल GST से 500 से 600 करोड़ यूपी सरकार कमाएगी। जिन ड्रोन ने पाकिस्तान होश उड़ा दिए थे, वो भी यूपी में ही बने हैं। वे ड्रोन यहां के युवाओं के दिमाग की उपज है। मैं विश्वविद्यालय से भी कहूंगा कि इस इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को भी अपना पार्ट बनाएं और शार्ट टर्म कोर्स शुरू करें। देश जब आजाद हुआ तो अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान 14 फीसदी था, पर जब हम सरकार में आए तब योगदान में 8 फीसदी हो गया था। पर आज हमने यूपी को देश के टॉप अचीवर बना दिया। जब स्वर्गीय अखिलेश दास ने यूनिवर्सिटी खोली होगी, तब उनको 100 एकड़ की जमीन की जरूरत बताई गई। उन्होंने तो अपने सामर्थ्य से इसे जुटाकर यूनिवर्सिटी बना दी। आज के दिन किसी को 100 एकड़ जमीन जुटाना असंभव है पर उस समय सरकार के चहेते लोगों को महज 10 एकड़ की जमीन पर यूनिवर्सिटी को स्वीकृति दे दी। सीएम योगी ने कहा- 2017 के पहले इसी प्रदेश को पहचान का संकट था। युवा परेशान, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। नया निवेश की बात तो दूर जो पहले से निवेश कर चुके थे, वो पलायन कर रहे थे। भारत सरकार ने जब जीरो टॉलरेंस की बात की तो लोग कहते थे कि ये सिर्फ एक घोषणा है। अब क्या होली, दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन, क्रिसमस, ईद, बकरीद सब अच्छे से मनाया जाता है। कानून का पालन करना ही होगा। कानून व्यवस्था पर काम करने से निवेश की झड़ी लग गई। 5 वर्ष में 50 हजार करोड़ का निवेश मिलना भी मुश्किल था।

# शैक्षणिक भ्रमण: किताबों की दुनियां से निकलकर ज्ञान गंगा की ओर



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भठही राजा क्षेत्र -हाटा के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण के वाहन को भाजपा नेता पवन कुमार दुबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण में लवकुश की शिक्षा दीक्षा का केंद्र, महर्षि बाल्मीकि आश्रम, धरती पुत्री माँ सीता का अंतिम पवित्र स्थल ,त्रिवेणी बांध (भारत, नेपाल ) नदी, पहाड़, झरने, जंगल, जानवर, नदी की चेपुआ मछली, केले, गन्ने की खेती, सुगर फैक्ट्री का दर्शन सभी छात्र छात्राओं ने किया।शैक्षणिक भ्रमण हाटा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सफल होने पर राजीव नयन द्विवेदी प्रधानाध्यापक द्वारा प्रदान 40 हजार के चेक से राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में सफल और प्रतियोगी छात्रों के साथ कक्षा में 100% शिक्षण कक्ष में प्रत्येक दिन उपस्थित कुल 70 छात्र छात्राओं को प्रतिभाग का अवसर मिला। इस अवसर पर पी जैन प्रबन्ध निदेशक न्यू वेज पब्लिक स्कूल तरकुलवा देवरिया, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक प्रवीण राव, अमित कुमार सिंह, तेजप्रताप सिंह, वीरेन्द्र कुमार गुप्त, राकेश कुमार पासवान, रसोइया शमशीरा देवी, सन्नी, कृष्ण मोहन, राहुल, चिंटू, विष्णु, अभिषेक उपस्थित रहे ।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने महापुरुषों की प्रतिमा स्थल व स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, दीपोत्सव और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि आयोजित किया।

कसया राम - जानकी मठ में कुशीनगर मण्डल द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया। जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं बल्कि एक ऐसा इतिहास हैं। जिन्होंने आदिवासी समाज ही नहीं बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में स्वाभिमान, स्वराज और स्वदेशी की चेतना जगाई। कहा कि मां भारती के इस अमर सपूत के 150वें जन्म वर्ष को भाजपा पूरे सम्मान और गौरव के साथ मना रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष, बलिदान और विचारों से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर कुशीनगर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, मण्डल अध्यक्ष आद्या प्रसाद पाण्डे, अमरजीत कुशवाहा, राजेश राव, इन्द्र प्रकाश चौबे, बच्चा सिंह,पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, डॉ छेदी शर्मा , मण्डल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल,आई टी विभाग विधानसभा संयोजक रत्नेश श्रीवास्तव, विनोद गिरि, आदित्य मिश्र, संजीव दूबे आदि उपस्थित थे।

# नहरों के टेलगुल की खुदाई नहीं हुई तो होगा आंदेलन-बलराम राव



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** विकास खंड रामकोला क्षेत्र अंतर्गत आने वाली तीन नहरें परसौना, चौरहीं और टेकूअटार माइनर वर्षों से उपेक्षा की दंश का शिकार हैं। हजारों किसानों की सिंचाई व्यवस्था इन तीनों माइनरों पर निर्भर है लेकिन इनके टेलगुल की सिल्ट सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। सोमवार को किसानों के समूह ने जिलापंचायत सदस्य के नेतृत्व में एक्सियन कुशीनगर को ज्ञापन सौंप कर तत्काल खुदाई का मांग किया है।परसौना माइनर का टेलगल 1 किमी 800 मीटर, चौरहीं माइनर का 500 मीटर और टेकूअटार माइनर का टेलगल 900 मीटर लम्बा है, मगर इनकी सिल्ट सफाई अब तक नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप टेलगल पूरी तरह भर चुके हैं और कई जगह यह किसानों के खेतों में समा गया है। स्थिति यह है कि नहरों का अवशेष पानी अब मेन नाले हिरडॉवती में डिस्चार्ज नहीं हो पाता। हर वर्ष सिंचाई के समय नहरों का पानी ओवरफ्लो होकर हजारों एकड़ फसल बर्बाद कर देता है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है, जबकि विभागीय अधिकारियों के पास कोई ठोस समाधान भी नहीं बचता। सूत्रों के अनुसार इन टेलगल की सिल्ट सफाई की जिम्मेदारी वर्षों से स्थानीय ग्राम पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों को मनरेगा के माध्यम से दी गई थी, जो केवल औपचारिकता बनकर रह गई। इसी लापरवाही के कारण टेलगल आज लगभग समाप्त हो चुके हैं। सोमवार को किसानों ने जिला पंचायत सदस्य बलराम राव के नेतृत्व में मांग की कि तीनों टेलल की सफाई नहरों की तरह मशीन से कराई जाए, ताकि अवशेष पानी सुचारू रूप से नाले में डिस्चार्ज हो सके और सिंचाई व्यवस्था बहाल हो। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र के किसान रविन्द्र गौतम, अतिकूर रहमान, राजकुमार, नईमुल्लाह, नरेश, बबलू राव, नरेश, राहुल गौतम, दीपू पटेल, रामाश्रय, संतोष मद्धेशिया, पिंटू यादव बच्चेलाल आदि किसान उपस्थित रहे। मौजूद किसानों ने कहा है कि एक सप्ताह में कार्य शुरू नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# अस्मिता एथलेटिक लीग बेटियों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का मजबूत साधन बनेगी:पूर्व आरटीओ अजय त्रिपाठी

## जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम कुशीनगर में अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ




**संवाददाता**

**कुशीनगर।** सोमवार को पडरौना स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता खेलों इंडिया खेल महिला एथलेटिक्स लीग का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करते हुए उत्तर प्रदेश हाकी संघ के उपाध्यक्ष व पूर्व आरटीओ अजय त्रिपाठी ने कहा कि खेल बेटियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और आगे बढ़ने की ऊर्जा देता है। अस्मिता लीग जैसी खेल हमारी प्रतिभाशाली बेटियों को उनके सपनों तक पहुंचाने का सशक्त मंच साबित होंगी। कुशीनगर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव शुभम त्रिपाठी ने बताया कि यह आयोजन दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित भनोट, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से पूरे देश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाना और कम उम्र में ही प्रतिभाओं को पहचानना इस लीग का मुख्य उद्देश्य है। कुशीनगर में यह आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे जिले की बेटियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सुनहरा अवसर मिलेगा।अंडर-16 वर्ग की प्रतियोगिता 600 मीटर दौड़ में प्रथम गीता यादव, द्वितीय दीपीका,तृतीय शालिनी गुप्ता रहीं। भाला क्षेपण में प्रथम काजल कुमारी, द्वितीय गरिमा सिंह, तृतीय अस्मिता यादव रही।गोला क्षेपण में प्रथम सुनंदा यादव, द्वितीय रुची सिंह तथा तृतीय लवली सिंह रही। लम्बी कूद में प्रथम विंध्यवासिनी, द्वितीय रानी यादव तथा तृतीय खुशी रावत रहीं।हाई जम्प में रीतू यादव अव्वल रहीं।अंडर 14 में600 मीटर लम्बी कूद में प्रथम हर्षिता, द्वितीय स्थान संजीदा खातून तृतीय सत्या गिरी रहीं।ग्रुप बी में प्रथम प्रीति यादव, द्वितीय सुगंधा कुमारी तथा तृतीय आलिया फिरोज रहीं। खिलाड़ियों ने विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाओं में प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य था।दौड़ स्पधाएँ जेपी रावत, जवाहर प्रसाद गौड़, अनिल मिश्रा, सुनील प्रजापति, मदन यादव, दुर्गावती, पंकज पटेल, संदीप वर्मा, संदीप पासवान एवं अम्बरीश यादव की देखरेख में सम्पन्न हुईं। भाला क्षेपण इंद्रजीत साहनी, पंकज सैनी, चंदन यादव और विजय की तकनीकी निगरानी में आयोजित हुआ।इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी रबि निषाद, एआरटीओ मो. अजीम, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द मणि त्रिपाठी, डा.रामानुज पांडेय, टी.एन.राय, शिवशंकर तिवारी, मजिबुल्लाह राही, गणेश त्रिपाठी, गुड्डु सिंह, पंकज ओझा, पिन्टू सिंह, गुड्डु चौहान, कविंद्र सिंह, चंदन दूबे, शफीकुरहमान ऊर्फ दरोगा मौजूद रहे।

# पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को 17 हजार रुपये के साथ किया गिरफ्तार




**संवाददाता**

**हमीरपुर (सैय्यद बासित अखतर)**

अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत बिवांर पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम रोहारी से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते 6 जुआरियों को सत्रा हजार चार सौ पचास रुपये और ताश के बावन पत्तों के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। बिंवार पुलिस ने बताया कि पकड़े गये जुआरियों मेंरामबाबू पुत्र स्व० रामफल कोरी, महेश पुत्र स्व० लालमन कुशवाहा, रामजी पुत्र कल्लू कुशवाहा, मनोज पुत्र रामअवतार श्रीवास, इन्द्रपाल पुत्र श्ववण कुशवाहा सहित रज्जू पुत्र स्व०मेड़ेलाल कुशवाहा शामिल हैं। वही जुआरियों के पास से पास से 17 हजार 450 रुपये के साथ ही ताश के 52 पत्ते बरामद किये गये हैं। जुआरियों के खिलाफ मु0अ0सं0 227/2025 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जुआरियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर सेएस आई मुहम्मद सुल्तान, कांस्टेबल सुकेन्द्र सिंह, कांस्टेबल आशीष कुमार, कांस्टेबल राजेश कुमार यादव, कांस्टेबल श्रीकान्त राजपूत सहित कांस्टेबल राहुल कुमार

# कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ









**संवाददाता**

**मथुरा।** श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के अध्यक्ष जगदीश लाल भाटिया ने कहा कि गोवर्धन में संचालित यह नेत्र चिकित्सा शिविर केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि उन असंख्य नेत्र रोगियों के लिए नई उम्मीद है, जो आर्थिक अभाव के कारण उचित स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुँच पाते। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा किया जा रहा यह सतत प्रयास मानवता और सामाजिक दायित्व का सच्चा प्रतीक है।उन्होंने आगे कहा कि हमारी सोसाइटी का उद्देश्य सदैव उन प्रयासों का समर्थन करना है जो सीधे समाज के हित में हों। बड़ी संख्या में मरीजों का शिविर में पहुँचना यह दशार्ता है कि लोगों में विश्वास और आवश्यकता दोनों अत्यधिक हैं। भविष्य में भी हम कल्याणं करोति के साथ मिलकर ऐसे शिविरों में निरंतर सहयोग करते रहेंगे। कल्याणं करोति महासचिव सुनील कुमार शर्मा का वक्तव्य एवं शिविर समीक्षा करते हुए कहा कि संस्थान वर्षों से नेत्र उपचार एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। हमारा लक्ष्य सदैव यह रहा है कि जरूरतमंद और कमजोर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क और सुलभ रूप से पहुँचें। उन्होंने शिविर की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब तक 874 नेत्र रोगियों का पंजीकरण एवं परीक्षण किया जा चुका है। इनमें से 510 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए हैं। 340 मरीजों के ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं तथा शेष मरीजों के ऑपरेशन निरंतर जारी हैं। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद, परवाल, ग्लूकोमा आदि नेत्र रोगों की जाँच, उपचार, निःशुल्क ऑपरेशन एवं निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण की सेवाएँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुभवी टीम द्वारा अत्यंत व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। भर्ती मरीजों को भोजन, दवाइयाँ, बिस्तर एवं देखभाल की सभी सुविधाएँ पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।समापन अवसर पर सभी रोगियों को चश्मे, आवश्यक दवाइयाँ एवं फल वितरित किए जाएँगे।सहयोगी एवं आयोजन समिति के सदस्य प्यारे लाल पाण्डेय (सचिव), गुलशन लाल भाटिया (कोषाध्यक्ष), सुभाष भाटिया, मदन लाल भाटिया, पंकज पारिख, रमेश शर्मा (भोलू), गुरूदीप, सुरेश यादव, एम.पी. शेखावत (प्रबन्धक) सहित अनेक समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## संक्षिप्त डायरी

# पग-पग पर सीख, कदम-कदम पर ज्ञान, विस्मय और मुस्कान





**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भठही राजा (हाटा-कुशीनगर) के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण की प्रेरक ज्ञान-यात्रा की। छात्र - छात्राओं के चेहरे पर विस्मय और मुस्कान खिल उठी। राजीव नयन द्विवेदी प्रधानाध्यापक ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि आश्रम, माँ सीता का पवित्र स्थल, त्रिवेणी बांध, प्राकृतिक सौंदर्य, कृषि गतिविधियों और शुगर फैक्ट्री का अवलोकन कर बच्चों ने सीख के नए आयाम प्राप्त किए। हाटा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में तथा तहसील, जिला और मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 70 चयनित विद्यार्थियों ने इस अविस्मरणीय यात्रा में सहभागिता की।

# एनसीसी कैम्प में कैडेट्स ने लिए बाधा दौड़ और सुरक्षा उपायों का प्रशिक्षण



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे एनसीसी प्रशिक्षण शिविर संख्या 168 के छठवें दिन कैडेट्स के लिए बाधा दौड़ का प्रभावी और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क की भावना को विकसित करना था। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने बैलेन्स बीम, जंपिंग पिट,रन सहित विभिन्न बाधाओं को पार किया। प्रशिक्षकों ने कैडेट्स को प्रत्येक गतिविधि की तकनीक और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कैम्प कमांडेंट कर्नल हरिश चंद के अनुसार इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ- साथ उन्हें किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए तैयार करता है। कैडेट्स ने भी बाधा दौड़ प्रशिक्षण को रोमांचक और उपयोगी बताया। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट कैप्टन वीपी मिश्रा, रिसालदार मेजर हरजीत सिंह, एएनओ लेफ्टिनेंट नरेंद्र त्रिपाठी, थर्ड ऑफिसर एक पांडे, सूबेदार त्रिलोक सिंह, सूबेदार संजय कुमार, सूबेदार संतोष कुमार, हवलदार कुलदीप सिंह, हवलदार करनप्रीत सिंह हवलदार सर्वजीत सिंह हवलदार गोविंद सिंह, हवलदार रमेश लामा हवलदार मन बहादुर थापा, हवलदार निर्मल सरु, हवलदार थिनिल्स दोरजे अन्य पी आई स्टाफ एवम् बटालियन के अन्य सिविल स्टाफ लल्लन सिंह, विनोद तिवारी, मु अशरफ, राजेश गौतम, मौजूद रहे।

# पटेल जयंती पर आज निकलेगी पदयात्रा, यात्रा की सफलता का विधायक पीएन पाठक ने किया आह्वान



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।**लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही विधानसभावार पदयात्रा के क्रम में मंगलवार दिनांक 18 नवंबर को कुशीनगर विधानसभा की एकता यात्रा निकाली जाएगी।जिसकी सफलता के लिए सोमवार को कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के जनसंपर्क कार्यालय राम-जानकी मठ कसया में तैयारी बैठक हुई । बैठक में पदयात्रा की तैयारियों, मार्ग सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, जलपान एवं भोजन व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।कुशीनगर विधायक श्री पाठक ने कहा कि सरदार पटेल की दूरदृष्टि और मजबूत नेतृत्व ने भारत को एक सशक्त संघीय ढांचा प्रदान किया। उनकी जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने का प्रतीक है। इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज में एकता का संदेश देना है। विधायक पीएन पाठक ने सभी कार्यकताओं से आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। यात्रा संयोजक व जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि एकता यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा का शुभारंभ व प्रस्तावना सभा सुबह 9 बजे मुंडेरा रतनपट्टी मठ से होगा उसके बाद यात्रा 11 बजे बुद्ध इण्टर मीडिएट कालेज कुशीनगर अपने प्रथम पड़ाव पर पहुंचेगी जहां सूक्ष्म जलपान के बाद दोपहर 12 बजे द्वितीय पड़ाव होटल ॐ रेजीडेंसी पहुंचेगी। यहां भी सूक्ष्म जलपान के उपरान्त अपराह्न 01 बजे कसया बस स्टेशन पहुंचेगी जहां जनसभा के साथ एकता यात्रा का समापन होगा। जनसभा प्रमुख व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि सरदार पटेल इतिहास के महानायक होने के साथ ही आज भी देश की राष्ट्रीय चेतना के केंद्र हैं। अगर सरदार पटेल न होते तो आज भारत का नक्शा कुछ और होता। सरदार पटेल जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एकता यात्रा और जनसभा ऐतिहासिक होगी।इस अवसर पर पूर्व विधायक पवन केडिया, डॉ सीमा गुप्ता, राधेश्याम गोंड, अमित पाण्डेय, कृष्ण कुमार जायसवाल, उमेश उपाध्याय, शुभम दीक्षित, डॉ छेदी शर्मा, अनिल प्रताप राव, शैलेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश जायसवाल, आद्या पाण्डेय, अमरजीत कुशवाहा, इन्द्र प्रकाश चौबे, पुण्य प्रकाश तिवारी, बलिस्टर भारती, दिनेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह राष्ट्रीय लोकदल का पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर जताई खुशी



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** मथुरा जनपद के कोसीकलां में राष्ट्रीय लोकदल के आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर रालोद जनपद इकाई से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताया है। रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के नेतृत्व में किसानों और आम जन के हित में कार्य कर रही है। केंद्र में पीएम मोदी की सरकार द्वारा हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिए जा रहे हैं तथा महिलाओं सहित सबके कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और लोकदल के संस्थापक चौधरी चरण सिंह व स्व. अजित सिंह के राष्ट्र निर्माण के सपनो को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पूरा कर रहे हैं। जनपद के गांव गांव पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह विशेन, सीताराम मौर्या, डॉ सीपी निगम, युवा नेता कुलदीप कुमार, श्रीजेश यादव, विशेश्वर निगम, भोला प्रसाद आदि में खुशी व्यक्त किया।

# भंग की जाए 17वीं विधानसभा, राज्यपाल को नीतीश ने सौंपा पत्र

## 20 नवम्बर को होगा शपथ ग्रहण समारोह



पटना। नई सरकार के गठन की प्रक्रिया सोमवार को और तेज हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को पत्र सौंपा कि 19 नवंबर को वर्तमान विधानसभा (17 वीं) भंग कर दी जाए। तय योजना के तहत 20 नवंबर को नीतीश कुमार गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रविवार को यह चर्चा थी कि सोमवार को अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपेंगे। हालांकि उन्होंने विधानसभा भंग किए जाने का पत्र सौपा। राजभवन में मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार व मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री 11.45 में राजभवन गए और 12.05 बजे वापस लौटे। वर्तमान विधानसभा को 19 नवंबर को भंग किए जाने का फैसला राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया। सुबह 11.30 बजे कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में केवल यही एजेंडा था कि मुख्यमंत्री राजभवव जाकर वर्तमान विधानसभा को 19 नवंबर को भंग किए जाने का पत्र राज्यपाल को सौंपेंगे। केवल 10 मिनट में बैठक समाप्त हो गई। मंत्री नीरज कुमार बबलू को छोड़ सभी मंत्री राज्य कैबिनेट की बैठक में मौजूद थे। चकाई से चुनाव हार चुके मंत्री सुमित कुमार सिंह भी कैबिनेट की बैठक में पहुंचे थे। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी राज्य कैबिनेट की बैठक में हुए निर्णय की जानकारी मीडिया को दी। अब मंगलवार को जदयू व भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। दोनों दल अपने विधायक दल की बैठक में अपना नेता चुनेंगे। नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना जाना तय है। राजू तिवारी को लोजपा (आर) विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। एनडीए के सभी पांच दलों के विधायक दल की बैठक होने के बाद एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। एनडीए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनडीए विधायक दल की बैठक भी मुख्यमंत्री आवास में ही होनी है। यह भी तय माना जा रहा कि नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना जाएगा। एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री सभी पांच घटक दलों के विधायक दल के नेताओं के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

## नई सरकार में बीजेपी-जेडीयू के 16-16 मंत्री, चिराग, मांझी और कुशवाहा की पार्टी के इतने मंत्री



पटना। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व में नई सरकार की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक के बाद राज्यपाल इस्तीफा सौंपेंगे और इसके बाद नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके समेत कुल 36 मंत्री नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसका फॉमूर्ला तय हो चुका है। एनडीए के सभी घटक दल के नेता नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री आवास पर जाकर मिल चुके हैं। नई सरकार में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाईटेड से 16, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से दो, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक-एक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। 24 से 48 घंटे में सभी पार्टियां अपने-अपने मंत्रियों की सूची फाइनल कर लेगी। दरअसल, रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी के एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई थी। इसमें नई सरकार के रूपरेखा पर बातचीत हुई। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह के साथ जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में किस पार्टी के कितने मंत्री होंगे? यह तय हो चुका है। इधर, एनडीए के घटक दल अपने-अपने विधायक दल के नेता चुनने की कवायत में लगे हैं। चिराग पासवान ने अपने दल का नेता राजू तिवारी को चुना है। दिल्ली में पीएम मोदी के साथ हुई बैठक में छह विधायकों पर एक मंत्री बनाने का फॉमूर्ला तय हुआ है। इसके आधार पर जदयू के खाते में सीएम नीतीश कुमार समेत 16 मंत्री, भाजपा के खाते में दो डिप्टी सीएम समेत 16 मंत्री, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के खाते में दो मंत्री पद देने की बात सामने आ रही है। हालांकि, चिराग की पार्टी के नेता अपने खाते में तीन मंत्री चाहते हैं। उनका कहना है कि अगर छह विधायकों के फॉमूर्ले को मनाना है तो उस हिसाब से उनके 19 विधायक हैं। इसलिए तीन मंत्री का पद देना ज्यादा बेहतर होगा। राजनीतिक पंडितो का कहना है कि विधायकों की संख्या के आधार पर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। इसलिए वह दो सीएम सीएम समेत 16 मंत्री को शपथ दिला सकती है। वहीं जदयू को सीएम पद के साथ 15 मंत्री शपथ दिला सकते हैं। अगर जदयू 15 पर मान लेती है तो इसका फायदा चिराग को मिलेगा। इस स्थिति में चिराग की पार्टी में तीन मंत्री शपथ ले पाएंगे। एनडीए ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 से अधिक सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया। इसमें भाजपा ने अधिकतम 89 सीटें जीतीं, उसके बाद जदयू ने 85 सीटें जीतीं, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) ने 19 सीटें हासिल की।

## गया में रबी सीजन में किसानों की बल्ले-बल्ले



खेतों में नमी ने बढ़ाई उम्मीदें

फतेहपुर (गया)। इस वर्ष मौसम ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। खरीफ के बाद अब रवि फसल के लिए भी मौसमी स्थिति किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। पूरे खरीफ मौसम में बिचड़ा बुआई से लेकर फसल पकने तक समय-समय पर हुई वर्षा ने जहां धान की पैदावार को गति दी, वहीं फसल तैयार होने के अंतिम चरण में भी बारिश ने खेतों में नमी बरकरार रखी। इस कारण खेतों में आज भी पर्याप्त नमी है, जिससे किसानों को रवि फसल की तैयारी में बड़ी राहत मिली है। इस समय किसान एक साथ दो बड़े काम निपटाने में जुटे हैं। पहला खरीफ फसल की कटाई और दूसरा, उसी खेत में जुताई कर रवि फसल की बुआई। खेतों में नमी बनी रहने के कारण इस बार किसानों को सामान्य वर्षों की तरह पटवन (सिंचाई) करने की जरूरत नहीं पड़ी है।किसान विनय यादव, कपिल यादव, झलक सिंह, नारायण मांझी बताते हैं कि आमतौर पर धान की कटाई के बाद खेतों में नमी कम होने लगती है और गेहूं की बुआई के लिए पटवन जरूरी हो जाता है। लेकिन इस बार मौसम ने सहूलियत दी है और खेत अपने आप ही बुवाई लायक बने हुए हैं। इससे किसानों की लागत भी कम हो रही है और समय की बचत भी हो रही है। बीते पखवाड़े मोथा चक्रवात का असर और विधानसभा चुनाव के दौरान हुई हल्की बारिश से खेती किसानी की रफ्तार कुछ समय के लिए जरूर प्रभावित हुई थी, मगर अब मौसम पूरी तरह अनुकूल है। खेतों से खलिहान तक धान की ढुलाई और गेहूं बुआई दोनों कार्यों में तेजी देखी जा रही है। इस बार मौसम ने फतेहपुर प्रखंड के किसानों का बोझ हल्का किया है। लागत कम होने और मेहनत घटने से किसान उत्साहित हैं तथा रवि फसल की संभावित पैदावार को लेकर आशान्वित भी।

## खेत से महिला का शव

बेतिया। चनपटिया थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। कैथवलिया-शंभुआपुर मुख्य मार्ग से लगभग 50 मीटर दूर गन्ने के खेत में यह शव प्लास्टिक और जूट के बोरे में रस्सी से कसकर बंधा मिला। ग्रामीणों ने खेत से आ रही तेज दुर्गंध के बाद बोरा खोला और पुलिस को सूचना दी। महिला की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है, हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति देखकर लगता है कि हत्या दो से तीन दिन पहले की गई थी।

## संक्षिप्त डायरी

### बाढ़ और चक्रवात से फसल नुकसानः भाजपा नेता ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग की



शिवहर। जिले में भाजपा के जिला महामंत्री सह जिला बीससूत्री और प्रखंड स्वास्थ्य समिति सदस्य विनय कुमार सिंह ने शिवहर के जिला कृषि पदाधिकारी से किसानों की फसल क्षतिपूर्ति रिपोर्ट जल्द राज्य सरकार को भेजने का आग्रह किया है। उन्होंने सोमवार शाम को टेलीफोन पर बातचीत कर यह मांग की। सिंह ने बताया कि सितंबर-अक्टूबर महीने में आई बाढ़ और मोथा चक्रवात के कारण किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ था। विधानसभा चुनाव 2025 के कारण फसल क्षति का लाभ मिलने में देरी हुई है। उन्होंने जोर दिया कि जल्द से जल्द रिपोर्ट भेजी जाए ताकि सरकार किसानों को मुआवजा देकर उनके नुकसान की भरपाई कर सके। उन्होंने बागमती नदी की बाढ़ के कहर का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों को धान काटने में भी पैसा लग रहा है, जबकि धान की पैदावार बिल्कुल नहीं हुई है। किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब बाढ़ से धान की फसल बर्बाद हुई है। विनय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से भी निवेदन किया कि वे किसानों के फसल सहायता राशि के आवेदन कराने में हर संभव प्रयास करें, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### स्नातक छात्र के सीने में बेखौफ अपराधियों ने दाग दी तीन गोलियां, हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही अपराधियों ने फिर से सिर उठाना शुरू कर दिया है। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में रविवार रात अपराधियों ने एक युवक की सीने में तीन गोलियां दागकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान दिनारा निवासी कलेक्टर यादव के पुत्र सुधीर यादव (उम्र लगभग 20 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात कुंड पुल के समीप बदमाशों ने सुधीर यादव को तीन गोलियां मार दीं। सोमवार सुबह गोपालपुर गांव के लोग टहलने निकले तो पुल के पास युवक का शव देखकर स्तब्ध रह गए। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। पुलिस ने मौके से मृतक की बाइक और तीन खोखे बरामद किए हैं। हालांकि परिजनों ने अभी तक किसी विवाद या रंजिश की बात नहीं कही है, जिसके कारण हत्या का मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि मृतक स्नातक का छात्र था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही दिनारा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। साथ ही डीएसपी बिक्रमगंज संकेत कुमार और दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## बेतिया-बगहा हाईवे पर भीषण हादसा, तीन लोगों की मौत



बेतिया। बेतिया-बगहा नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात भीषण हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 लोगों की हालत गंभीर है। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के बिशुनूर्वा गांव के पास की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बारातियों के समूह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी गंभीर रूप से जख्मी लोगों को लौरिया सीएचसी में भर्ती कराया। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की प्रक्रिया जारी है। लौरिया सीएचसी पहुंचने पर स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। घायलों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आरोप है कि इलाज में देरी और अव्यवस्था के कारण बारातियों में आक्रोश फैल गया। हंगामे के दौरान कुछ डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी डर के कारण कमरों में छिप गए, जबकि मारपीट की घटनाएं भी सामने आईं। इससे अस्पताल परिसर में लंबे समय तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, शिकारपुर थाना के धूमनगर मटियरिया से बारात बिशुनूर्वा गांव पहुँची थी। रात करीब 9:30 बजे बारात के कई सदस्य नाश्ता कर सड़क पार कर रहे थे, तभी बगहा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया।

# प्रेमिका को घर से बाहर बुलाकर काट दिया गला, आरोपी गिरफ्तार

बाराहाट (बांका)। थाना क्षेत्र के भूरना पंचायत अंतर्गत तुड्डी गांव में रविवार रात प्रेम-प्रसंग के विवाद के दौरान विवाहिता 30 वर्षीया बिजली कुमारी की गला रेत कर हत्या कर दी गई। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व बौंसी थाना अंतर्गत मड़वाबरन गांव में हुई थी। \सोमवार सुबह ग्रामीण जब खेत गये तो धान के खेत में महिला का रक्तरंजित शव मिला। इसकी सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए पुलिस को सूचना दी।

पुलिस दल ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए बौंसी के एसडीपीओ इंद्रदेव बैठा, थानाध्यक्ष महेश कुमार, एफएसएल टीम एवं तकनीकी सेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया। घटनास्थल से पुलिस ने मटन से भरा कटोरा, खून से सनी दो चादरें, एक चप्पल, एक जेंट्स घड़ी सहित कई सामान बरामद किए हैं।जानकारी के अनुसार, मृतका



पिछले दस माह से अपने पति के साथ दिल्ली में रह रही थी। नौ नवंबर को वह विधानसभा चुनाव में मतदान करने अपने पति के साथ मायके आई थी। मतदान के बाद वह पिछले एक सप्ताह से तुड्डी गांव स्थित मायके में ही ठहरी हुई थी। स्वजन के अनुसार, रविवार शाम बिजली अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान कथित प्रेमी ने उसे मिलने के लिए बुलाया, जिसके बाद बिजली ने अपनी बहन को घर भेज दिया और स्वयं उससे मिलने चली गई। देर रात लौटकर न आने पर भी उसकी बहन सो गई, लेकिन सोमवार सुबह उसकी लाश मिली। मृतका के पिता गुजर दास ने आरोप लगाया है कि बौंसी थाना क्षेत्र के बिरनिया गांव निवासी छोटू कुमार ने इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया है।

बताया गया कि छोटू बौंसी के एक निजी चिकित्सक के यहां कंपाउंडर का काम करता था। इस दौरान उसका बिजली के घर में आना-जाना होता था। इसी से दोनों के बीच चार वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मतदान के सिलसिले में लौटी बिजली से मिलने छोटू रविवार शाम तुड्डी गांव पहुंचा था। जहां कथित तौर पर विवाद के दौरान उसकी हत्या कर दी गई। एसडीपीओ इंद्रदेव बैठा ने कहा कि मामले का प्रारंभिक उद्भेदन कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपराधी कानून की पकड़ में होंगे। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

# बैड टच करने वाले प्रिंसिपल की पिटाई: छात्राएं बोलीं: सर, कपड़ों में हाथ डालते हैं

अररिया। सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल पर 4 छात्राओं ने बैड टच का आरोप लगाया है। सभी बच्चियां 6वीं और 7वीं क्लास में पढ़ती हैं। उनका आरोप है कि प्रिंसिपल सर चॉकलेट, बिस्किट, दही-चूड़ा और स्टेशनरी देने के बहाने कपड़ों के अंदर हाथ डालते हैं। सोमवार को जैसे ही इसकी जानकारी छात्राओं के परिवार को लगी, सभी स्कूल पहुंचे और हंगामा करने लगे। इसके बाद मौके पर पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल समसुल होदा मासूम (45) को हिरासत में लिया, लेकिन भीड़ उतनी उग्र थी कि पुलिस की मौजूदगी में ही प्रिंसिपल की पिटाई कर दी। लाठी और डंडे लेकर भीड़ प्रिंसिपल पर टूट पड़ी। लात-घूंसे भी बरसाए गए। पुलिस को भीड़ पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। किसी तरह पुलिस उसे लेकर थाने आई। एक छात्रा ने बताया,



समसुल होदा
आरोपी प्रिंसिपल

'मार्च 2025 में प्रिंसिपल हमारे स्कूल में आए थे। पहले 10-20 दिनों तक तो हमें इनकी हरकतों के बारे में जानकारी नहीं मिली। धीरे-धीरे कर के हम इनकी हरकतों को नोटिस करने लगे। जब भी वे क्लास में आते थे, तो किसी न किसी लड़की को बुलाकर उसके कंधे पर हाथ रखते थे। फिर गलत-गलत जगह छूते थे। धीरे-धीरे कर ये बातें सारी लड़कियों ने नोटिस करना शुरू किया। हमने फिर ये सारी बातें स्कूल के टीचर्स को बताई फिर उन्होंने हमारे पेरेंट्स को बताया। दूसरी छात्रा ने बताया, 'हम स्कूल में आते तो प्रिंसिपल कहते थे तुम लोग जिंस टॉप पहनकर आया करो। जींस टॉप तुम लोगों पर अच्छा लगता है। शनिवार को हर लड़कियां जींस-टॉप में आएंगी। हम लोग जब अकेले कहीं उन्हें दिख जाते थे तो क्लास में बुलाकर हमें पेन, बिस्किट देकर छूने की कोशिश करते थे।' एक छात्रा के पिता ने बताया, 'शिक्षक बच्चों के लिए भगवान होते हैं, लेकिन ये हेड मास्टर बच्चियों को चॉकलेट-बिस्कुट देकर रूम में बुलाने की बात करता था। कमरे में बुलाकर उनके कपड़ों में हाथ डालता था। शादी के बाद लड़की ससुराल में क्या करती है। ये सारे सवाल करता था। यही सारी हरकतों की वजह से छात्राएं मानसिक परेशान हो जाती थीं।' प्रिंसिपल समसुल होदा मासूम ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा, 'छात्राएं कुछ अच्छा करती थीं तो मैं उन्हें चॉकलेट, बिस्किट और दही-चूड़ा देता था।

# भूमि अधिग्रहण के कार्यों में आएगी तेजी

## डीएम ने अधिकारियों को दिया निर्देश

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर ने सोमवार को जिले में चल रहे कई महत्वपूर्ण सड़क और पुल निर्माण से जुड़े भू-अर्जन कार्यों की व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि ये परियोजनाएं न सिर्फ जिले बल्कि पूरे प्रदेश के विकास से जुड़ी हैं, इसलिए इनके भू-अर्जन कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा में भारतमाला परियोजना, रामजानकी पथ, दीघा पुल के समानांतर 6-लेन केबल ब्रिज, रिविलगंजझ्रपरसाझ्रगरखाझ्र अमनौरझ्रछपरा बाईपास, शेरपुरझ्रदिघवारा रिंग रोड, एनएच-31 गाजीपुरझ्रबलियाझ्र मांझी फोरलेन, एनएच-722 सोनहो फ्लाईओवर, गोल्डेनगंज आरओबी, एसएच-73 शीतलपुरझ्रमशरक आरओबी, तथा मेडिकल कॉलेज संपर्क पथ जैसी सभी मेगा परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण की स्थिति पर विभागवार जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से जिले की कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा और औद्योगिक एवं शहरी विकास को नई गति मिलेगी। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को भू-अर्जन कार्य को शीर्ष प्राथमिकता में रखकर तेज गति से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अंचल स्तर पर लंबित मामलों को तुरंत निष्पादित किया जाए। साथ ही भूमि सुधार उपसमाहताओं (डीसीएलआर) को आदेश दिया गया कि वे प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें और उसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजें। भू-अर्जन कार्यालय में पदस्थापित चारों एडीएलओ को परियोजना-वार जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी एडीएलओ अपने-अपने संबंधित अंचलों में कैंप लगाकर किसानों व रैयतों के दस्तावेज आनसाइट ही प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की समस्या का तुरंत समाधान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में मौजूद रहें, ताकि रैयतों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रक्रिया बिना बाधा पूरी हो सके। भू-अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रैयतों के साथ स्थल पर कैंप आयोजित किए जाएं, जहां उनसे सभी आवश्यक कागजात प्राप्त किए जाएं। इस व्यवस्था से भू-अर्जन में आने वाली बाधाओं का तुरंत निदान होगा, कागजी प्रक्रिया में गति आएगी और परियोजनाएं समय पर आगे बढ़ सकेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कई स्थानों पर दस्तावेजी कमी, मुआवजा निर्धारण एवं रैयतों की आपत्तियों के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। कैंप मॉडल अपनाने से यह समस्या तेजी से दूर होगी। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, संबंधित विभागों के अभियंता, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीओ, डीसीएलआर और अंचलाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि जिले के लिए ये परियोजनाएं विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, इसलिए भू-अर्जन की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

# सर्दियां आते ही स्किन हुई बेजान? इन 6 आसान घरेलू नुस्खों से पाएं गुलाबी निखार



सर्दियां आते ही स्किन नमी खोने लगती है और शरीर में रूखापन, खुजली और फटी त्वचा की समस्या बढ़ने लगती है। सर्द हवाएं और कम नमी वाला वातावरण स्किन की नेचुरल ऑयल लेयर को नुकसान पहुंचाते हैं जिससे स्किन डल और ड्राई हो जाती है। इस मौसम में स्किन को हाइड्रेट रखना काफी जरुरी होता है। अगर आप बाजार के केमिकल युक्त बॉडी लोशन लगाएं तो इससे आपकी स्किन चमक खो देगी। इसके बजाय आप प्राकृतिक चीजें जैसे कि नारियल तेल, एलोवेरा जेल, दूध, शहद और घी त्वचा के अंदर से पोषण प्रदान करके स्किन को सॉफ्ट बनाता है। आइए आपको कुछ आसान और असरदार घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं, जो आपकी स्किन को सॉफ्ट करेगा और बॉडी के रुखेपन और जलन को हटाएगा।

## विंटर ड्राईनेस से बचने के लिए 6 घरेलू चीजें

### नारियल तेल

कोकोनट ऑयल स्किन को बेहतरीन नेचुरल मॉइश्चराइजर है। नारियल तेल में एंटीऑक्सीडेंट और फैटी एसिड होते हैं जो त्वचा की नमी को बनाए रखता है। स्नान के बाद हल्का सा नारियल तेल पूरे शरीर पर लगाएं।

### सरसों का तेल

हर भारतीय घर में सरसों का तेल पारंपरिक तरीका है जो सर्दियों में स्किन को गर्मी और नमी देता है। प्रतिदिन नहाने से पहले हल्का गुनगुना तेल शरीर पर लगाएं इसके बाद स्नान करें।

### एलोवेरा जेल

स्किन को हाइड्रेट करता है एलोवेरा जेल, इसमें हाइड्रेटिंग प्रॉपर्टीज होती है। इसे रोज नहाने के बाद स्किन पर नमी बरकरार रखने के लिए और खुजली की समस्या को दूर करता है।

### दूध और शहद

वैसे दूध में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन को सॉफ्ट बनाता है और शहद नेचुरल ह्यूमेक्टेंट है। दोनों को मिलाकर हल्का मसाज करें और इसे 15 मिनट बाद धो लें।

### घी

घी एक नेचुरल मॉइस्चराइजर है, इसे खासकर कोहनी, घुटनों और एड़ियों पर लगाने से रूखापन और स्किन फटने की समस्या दूर हो जाती है।

### ओट्स और दही

ड्राई स्किन की समस्या को दूर करने के लिए यह नुस्खा बेहद कमाल का है। यह प्रकार का नेचुरल स्क्रब की तरह काम करता है। ओट्स पाउडर और दही मिलाकर लगाएं, 15 मिनट बाद इसे धो लें, आपकी त्वचा सॉफ्ट होती है।

### इन चीजों का ध्यान रखें

» दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं जिससे आपका शरीर अंदर से हाइड्रेट रहेगा।

» बहुत गर्म पानी से नहाने से बचें, यह आपकी स्किन के नेचुरल ऑयल परत को नुकसान पहुंचाता है।

» डेली मॉइश्चराइजर लगाएं और कॉटन के कपड़े पहनें।

# लौकी-तोरई से ऊब गए? बनाएं ये झटपट कॉर्न कोफ्ता, स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाटते रह जाएंगे!





**रोजाना हर घर में होता है कि नाश्ता, लंच और डिनर में क्या बनाएं। रोज जो खाने में बनता है बच्चे भी खाने में कमी निकालने लगते हैं। लौकी-तोरई खाकर सब पक भी जाते हैं। इस वजह से आजकल मम्मियां भी सब्जियों को अलग-अलग तरीके से ट्राई करके डिशेज बना सकती है। बाजार में कई तरह की सब्जियां मिलती है, अगर आप बार-बार वहीं सब्जियां खाकर पक गए हैं, तो घर पर ट्राई करें कॉर्न कोफ्ता की सब्जी। कॉर्न कोफ्ता करी बनाना बेहद आसान है। आइए आपको कॉर्न कोफ्ता की रेसिपी के बारे में बताते हैं।**

### कॉर्न कोफ्ता करी कैसे बनाएं

» सबसे पहले आप कॉर्न कोफ्ता बनाने के लिए पकोड़ो बनाने की आवश्यकता पड़ेगी।

» इसके लिए आप कॉर्न को कद्दूकस कर लें।

» अब आप पल्प को बाउल में निकाल कर आधा हिस्सा प्लेट में रख लें।

» इसमें अब बेसन डालकर थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए गाढ़ा घोल बना लीजिए।

» अब 1/4 छोटी चम्मच नमक, 1 छोटी चम्मच ग्रेटेड अदरक, 2 बारीक कटी हुई हरी मिर्च और 4-5 बड़े चम्मच हरा धनिया डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

» 2-3 मिनट तक घोल को साइड में रख लें और अब कड़ाही में तेल गर्म कर लें।

» अब आप छोटे-छोटे या अपने मनपसंद आकार में पकोड़े बनाकर तैयार कर लें।

### ग्रेवी को कैसे बनाएं

» ग्रेवी बनाने के लिए मिक्सर जार में 5 टमाटर, 2 हरी मिर्च और 1 इंच अदरक डालें और इसे बारीक पीस लें।

» इसके बाद पेन में 2-3 बड़े चम्मच तेल डालकर गरम कर 1/2 छोटी चम्मच जीरा और 1 पिंच हींग डालें और इसे भून लीजिए।

» अब टमाटर का पेस्ट डालें और इसे धीरे-धीरे चलाते रहे हैं। अब इसमें 1/2 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर, 1 छोटी चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च और 1.5 छोटी चम्मच धनिया पाउडर डालकर मिला लें और इसे थोड़ी देर तक चलाते रहे हैं।

» मसाले के आधा पक जाने पर इसमें बचाया हुआ ग्रेट भुट्टा और 1 बड़े चम्मच कसूरी मेथी डालकर अच्छे से मिला दीजिए।

» जब उबाल आए तो इसे थोड़ी देर चलाते हुए 5 मिनट तक और पकाएं। ग्रेवी गाढ़ी होने पर बनाएं हुए पकोड़े डाल दें।

» इसके बाद करी को 5 मिनट तक और पकाएं, इसमें 1 छोटी चम्मच घी डाल कर अच्छा से मिलाकर फ्लेम बंद करें।

» यह लीजिए तैयार है आपकी कॉर्न कोफ्ता करी। इसको आप रोटी या चावल के साथ खा सकते हैं।

### कॉर्न कोफ्ता बनाते समय इन बातों का रखें ध्यान

» कॉर्न कोफ्ता करी बनाने के लिए आप बेबी कॉर्न को चूज करें।

» मसाला को लो फ्लेम पर ही बनाएं।

» कोफ्ता के पकोड़े बनाते समय गैस को लो फ्लेम पर पकाए और चलाते हुए जरुर पकाएं।

# मेहमानों को खिलाएं 5 फ्लेवर का पोटली समोसा, हर कोई पूछेगा रेसिपी



समोसा खाना लगभग हम सभी को पसंद होता है। यह एक परफेक्ट स्नैक है, लेकिन अगर आप भी आलू वाला समोसा खाकर बोर हो गई हैं। तो अब आप थोड़ा नया और मजेदार पोटली समोसा ट्राई करें। जितना प्यारा इसका नाम है, उतना ही इसका लुक और टेस्ट भी लाजवाब होता है। गोल-गोल छोटी पोटली जैसी शेप में बना यह समोसा अंदर से टेस्टी और क्रिस्पी होता है। खास बात यह है कि आप इसको 5 अलग-अलग फ्लेवर में तैयार कर सकती हैं। जिससे कि हर बार इसका स्वाद अलग और नया लगे। आप त्योहारों में इसको स्नैक्स की तरह भी बना सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कौन-कौन से फ्लेवर में पोटली समोसा बनाकर तैयार कर सकती हैं। वहीं यह मेहमानों को भी बेहद पसंद आएगा।

### आलू मसाला पोटली समोसा

आलू मसाला वाला पोटली समोसा सबसे पसंदीदा और क्लासिक फ्लेवर है। इसको बनाने के लिए उबले आलू, हरी मिर्च, मटर, अदरक और थोड़ा सा गरम मसाला मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें। अब पतली मैदा की पोटली बनाकर फीलिंग करें और इसके किनारे को पोटली शेप दें। अब तेल में इसको सुनहरा होने तक तलें। इस समोसे का स्वाद करीब-करीब हर किसी को पसंद आएगा।

### पनीर पोटली समोसा

अगर आप भी रिच फ्लेवर चाहती हैं, तो आपको एक बार पनीर पोटली समोसा ट्राई करना चाहिए। इसके लिए पनीर को मैश या ग्रेट करके इसमें हरी मिर्च, धनिया, प्याज और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें। आप चाहें तो इसमें चीज भी मिला सकती हैं। अब इसको पोटली की तरह बंद कर दें। यकीनन पनीर पोटली समोसा बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएगा।

### वेज मिक्स पोटली समोसा

अगर आपके बच्चे भी सब्जियां खाने में आनाकानी करते हैं, तो आप उनको वेज म?व?स पोटली समोसा बनाकर खिला सकती हैं। इसको बनाने के लिए बीन्स, मटर, गाजर, पत्तागोभी और कॉर्न जैसी सब्जियों को बारीक काटकर हल्का भून लें। फिर इसमें काली मिर्च, नमक और थोड़ा सा सोया सॉस डालें। यह फ्लेवर इंडो चाइनीज जैसा लगेगा। वहीं बच्चे भी इसको स्वाद लेकर खाएंगे।


### ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसा

अगर आप भी त्योहारों के मौसम में मेहमानों और बच्चों को कुछ रॉयल बनाकर खिलाना चाहती हैं, तो आप ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसा ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए बादाम, किशमिश, काजू, खोया और इलायची पाउडर मिलाकर स्टफिंग तैयार करें। फिर इसकी पोटली बांधकर घी में फ्राई करें। फिर ऊपर से शहद या फिर चीनी की हल्की चाशनी डाल दें। यह मीठा पोटली समोसा खाने में बेहद टेस्टी होता है।

### चीज-गार्लिक पोटली समोसा

अगर आप चीज लवर हैं, तो चीज-गार्लिक पोटली समोसा आपके लिए बना है। इसके लिए बटर में थोड़ा सा लहसुन भून लें और लहसुन को मैश करके इसमें ओरेगानो, चीज और थोड़ा सा नमक मिलाएं। ये स्टफिंग पोटली समोसे को जबरदस्त टेस्ट देगा। इसको डीप फ्राई करें और सर्व करें। वहीं बच्चों को चीज गार्लिक पोटली समोसे का स्वाद काफी पसंद आएगा।

# अलमारी में बंद ऊनी कपड़ों से आती है बदबू? इन 5 तरीकों से घर बैठे बनाएं खुशबूदार



धीरे-धीरे सर्दियां दस्तक दे रही है। अब मौसम में भी काफी बदलाव आ रहा है। हल्की से ठंड पड़ने लगी है। ऐसे में लोग बंद रखे हुए ऊनी कपड़ों को निकाल रहे हैं। सर्दियों को ऊनी कपड़े सिर्फ साल के दो या 3 महीने पहने जाते हैं। बाकी पूरे साल तो ये कपड़े आलमारी, बक्से, बेडबॉक्स में ही बंद पड़े रहते हैं। जिस वजह से इनमें बदबू भर जाती है। अक्सर होता है कि ऊनी कपड़े जब बक्से और वॉर्डरोब से निकाले जाते हैं तो अंजीब से बदबू आने लगती है। कभी ऊनी कपड़े साफ ना होने की वजह से पसीना और बैक्टीरिया के साथ सीलन की बदबू भर जाती है। ऐसे में बदबूदार ऊनी कपड़ों, जैकेट, शॉल को पहनना मुश्किल हो जाता है। आइए आपको इन 7 घरेलू तरीकों से ऊनी स्वेटर, जैकेट से आने वाली बदबू को दूर करें।

### धूप सबसे बेहतर है

अगर आप ऊनी कपड़ो को बदबू को दूर करना चाहते हैं, तो धूप सबसे सरल और सस्ता उपाय है। वुलन क्लॉथ को धूप में डालने से कपड़ों से दुर्गंध चली जाएगी। कपड़ों पर धूप लगने से नमी, बैक्टीरिया को खत्म कर देंगे। जिससे बदबू भी निकल जाएगी। लेकिन ध्यान रखें कि जब भी तेज धूप हो तो कपड़ों को उल्टा करके रखें। वरना कपड़ो का रंग उड़ सकता है।

### बेकिंग सोडा का यूज करें

यदि आप वुलन कपड़े आलमारी में रखने से इनमें सीलन और फफूंद लग गई है, तो कपड़ों से आ रही इस तरह की बदबू को दूर भगाने के लिए बेकिंग सोडा को पानी में घोलकर कपड़ो को डालकर निकाल दें। यदि आपके पास कपड़ों को धोने का टाइम नहीं है, तो बेकिंग सोडा को कपड़ो पर छिड़कर कुछ देर छोड़ दें और बाद में सूखे कपड़े से साफ कर दें।

### वुलन्स पर करें नेचुरल फ्रेशनर का स्प्रे

अगर ऊनी कपड़ों से स्मेल आ रही है, तो इसे दूर करने के लिए नेचुरल फ्रेशनर का स्प्रे बना लें। एक स्प्रे बोतल में पानी भर लें, उसमें एक नींबू का रस और दो से तीन चम्मच गुलाबजल के डाल दें। मिक्स करके इसे ऊनी कपड़ों पर छिड़काव कर दें। इस तरह के स्प्रे से वुलन जैकेट, स्वेटर सबसे नेचुरल भीनी सी स्मेल आएगी और आपके कपड़े भी फ्रेश महकेंगे।

### कपूर का करें यूज

वुलन कपड़ों में किसी तरह की महक ना आए इसलिए जब भी इन्हें स्टोर करें तो कपूर लौंग की छोटी पोटली बांधकर वुलन्स के साथ रख दें। इसकी महक कपड़ों में फ्रेशनेस बनाकर रखेगी।

### एसेंशियल ऑयल का स्प्रे

अगर आप भी वुलन स्वेटर, जैकेट, शॉल जैसे कपड़ों से बदबू हटाने के लिए एसेंशियल ऑयल को आलमारी में रखें। इसके लिए आप किसी छोटे कपड़े के टुकड़ें में लैवेंडर जैसे एसेंशियल ऑयल की बूंदों को डालकर ऊनी कपड़ों के बीच रख दें। इससे भी वुलन्स के कपड़ों में आ रही बदबू को दूर भागने में मदद मिलेगी।

# शुभमन को अस्पताल से छुट्टी मिली पर दूसरे टेस्ट में खेलने पर संशय बरकरार





## फिट नहीं हुए तो सुदर्शन या पाडिक्कल को मिलगा अवसर

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। शुभमन को पहले टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान ही गर्दन में अकड़न आ गयी थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अस्पताल से तो बाहर आ गये हैं पर अभी भी गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट में उनका खेलना संदिग्ध है। टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही इस मामले में फैसला लेगा। शुभमन मंगलवार को होने वाले अभ्यास सत्र में भी भाग नहीं लेंगे। वहीं पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी रवाना होगी। गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और ऐसे में माना जा रहा है कि वह अभी साथ खिलाड़ियों के साथ नहीं जाएंगे।

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद कहा था था कि शुभमन की सेहत पर मेडिकल टीम की नजरें हैं और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा उसके बाद ही उनके आगे खेलने पर फैसला होगा। पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शुभमन के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज की कमी हो गयी थी। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, यह एक कठिन परिस्थिति थी। शुरुआत से ही हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी की कमी है।

अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनकी जगह पर बी साई सुदर्शन और देवदत्त पाडिक्कल को टीम में जगह मिल सकती है। पाडिक्कल ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक-एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारतीय टीम अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ उतरेगी। कोलकाता टेस्ट में भारतीय टीम ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज उतारे थे। गिल पिछले साल भी गर्दन की अकड़न के कारण ही न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट नहीं खेल पाये थे। हैं। आईपीएल 2025 के बाद से ही लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं ऐसे में माना जा रहा है उन्हें फिटनेस बनाये रखने ब्रेक दिया जाना भी जरुरी है।

# सिनर ने लगातार दूसरा बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब, खिताबी मुकाबले में अल्काराज को हराया





**ट्यूरिन (इटली) (एजेंसी)।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था।

खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, 'कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विंबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# सीनियर खिलाड़ियों को आराम देने अज़लान शाह के लिए युवाओं को भेज रहे : कोच



**–भारतीय टीम का 2026 सत्र रहने वाला है बेहद व्यस्त**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा है कि मलेशिया में 23 नवंबर से शुरु हो रहे सुल्तान अज़लान शाह कप टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों को शामिल करने का कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के साथ ही सीनियर खिलाड़ियों को भविष्य के मुकाबलों को देखते हुए आराम देना है। भारतीय टीम को आने वाले समय में कई बड़े मुकाबले खेलने है। इसी कारण हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, और मनदीप सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। कोच ने कहा, भारत ए टीम चीन और यूरोप दौरे से लौटी है। इन्हीं खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में भेजने का लाभ ये है कि वे बड़े मंच पर कैसा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि टीम का हाल ही में तीन सप्ताह का सफल शिविर अच्छा रहा है। फुल्टन ने बताया कि वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देने का सबसे बड़ा कारण है 2026 का व्यस्त और महत्वपूर्ण कैलेंडर इसमें भारतीय टीम को एफआईएस हॉकी वर्ल्ड कप, एशियन गेम्स लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक क्वालिफायर खेलने हैं। उन्होंने कहा- हमने इस साल एशिया कप जीतकर अगले साल के वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। 2026 को लेकर हमारे लक्ष्य बड़े हैं। साथ ही कहा कि साल 1975 के वर्ल्ड कप खिताब को 50 साल पूरे हो रहे हैं। हम फिर से उस स्तर तक पहुंचने और 2026 को भारत शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।फुल्टन के अनुसार इसी का युवाओं को भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भेजा जा रहा है जिससे हमारी टीम किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सके।

# आईपीएल में कप्तानी करना भारतीय टीम की कप्तानी से भी मुश्किल: राहुल

**–मानसिक और शारीरिक थकाना होती है**





**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान रहे केएल राहुल ने पहली बार कप्तानी छोड़ने के कारणों का खुलासा किया है। राहुल के अनुसार आईपीएल में कप्तिान करना उनके लिए कठिन रहा है। राहुल ने यहां तक कहा कि आईपीएल की कप्तानी करना उनके लिए भारतीय टीम की कप्तानी से भी कठिन रहा है। इससे उन्हें अधिक मानसिक और शारीरिक थकाना हुई है।

राहुल के अनुसार आईपीएल की कप्तानी इसलिए भी तनावपूर्ण होती है क्योंकि इसमें टीम मालिकों का दबाव रहता है, इसके अलावा लगातार बैठकें और समीक्षाएं होती रहती हैं। राहुल ने कहा आईपीएल में कप्तानी की सबसे कठिन बात थी उसमें होने वाली बार-बार बैठकें। इसमे हर फैसले पर सवाल उठाते थे और टीम मालिकों को भी हर बात सामझानी पड़ती थी। इससे खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाता है। साथ ही कहा कि आईपीएल के बाद उन्हें 10 महीने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ज्यादा थकान लगी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा लगता था कि हर फैसले पर सवाल उठाया जा रहा है, इसमें से बातें होती थी कि विरोधी टीम कैसे इतने रन बना पायी हौर हम नहीं बना पाये।

वहीं राहुल ने कहा कि कोच और चयनकर्ता खेल को समझते हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसे सवाल नहीं उठते हैं। वहीं ऐसे लोग जो क्रिकेट से नहीं होते विशेष रुप से मालिक उन्हें कोई बात समझाना संभव नहीं है। गौरतब है कि आईपीएल 2024 में राहुल की कप्तानी के दौर टीम मालिक से संजीव गोयनका से काफी बहस हुई थी जिसके बाद से ही ये अनुमान लगाया गया कि वह अगले सत्र में टीम के साथ नहीं रहेंगे। राहुल इसके बाद से ही दिल्ली कैपिटल्स में हैं।

# वॉन ने गंभीर पर कसा तंज, ऐसी पिच तैयार करोगे तो हार ही मिलेगी



लंदन ।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने दक्षिण अफीका के खिलाफ पहले ही टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम की हार के बाद कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है। वॉन ने तंज कसते हुए कहा कि अगर ऐसी पिच तैयार करोगे तो हार ही मिलेगी। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि वह इस मामले में पिच को दोष नहीं देते क्योंकि इसी प्रकार की पिच बनाने को उन्होंने कहा था। साथ ही कहा कि हमारी टीम को टर्निंग पिच पर खेलने आना चाहिए और अगर नहीं खेलेंगे तो हारना तय है। इसी पर वॉन ने लिखा, 'ऐसी पिच तैयार करो और विश्व टेस्ट चैंपियंस के खिलाफ आगे भी हारने के लिए तैयार रहो। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण अफीका को शानदार जीत पर बधाई दी।' इस मैच में दोनों टीमें असमान उछाल और तेज टर्न के खिलाफ संघर्ष कर रही थी। केवल दक्षिण अफीकी कप्तान तेंबा बवुमा ही इस मैच में अर्धशतक लगा पाये। कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी पिच पर निराशा व्यक्त की। गंभीर ने कहा हालात वही थीं जो टीम चाहती थी पर हमारे बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे।

# भारतीय टीम जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंची

**–दृष्टिबाधित टी20 महिला विश्वकप : भारत-पाक मैच के बाद दोनो टीमों की खिलाड़ियों ने मिलाये हाथ**



**दोहा (एजेंसी)।** भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की टीम को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी है। इस मैच में पहली बार भारत और पाक की खिलाड़ियों ने हाथ मिलाये। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से से ही दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथ मिलाने का सिलसिला रुका हुआ था। ये पहला मैच था जिसमें दोनो टीमो के खिलाड़ियों ने अंत में हाथ मिलाये। भारतीय टीम ने इस मैच को केवल 10 ओवर में ही जीत लिया। इस टूर्नामेंट में ये पांचवां मुकाबला था जिसे भारतीय टीम ने जीता है। इस मैच में भी टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाए पर मैच समाप्त होने के बाद दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने एक दूसरे से हाथ मिलाए और एक दूसरे का अभिवादन किया। इसके अलावा दोनों ही टीमें मैच के लिए एक ही बस में सवार होकर स्टेडियम पहुंची। मैच समाप्त होने के बाद पाकिस्तानी टीम की कप्तान निमरा रफीक ने भारत को जीत की बधाई दी। वहीं भारतीय कप्तान दीपिका टीसी ने भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की।

इस मैच में पाक की नेत्रहीन महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाये। महरीन ने 66 रन और अशरफ ने 44 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को दीपिका के 45 रनों और अनेखा देवी के 64 रनों की सहायता से 10 ओवर में 2 विकेट पर 136 रन बनाकर हासिल कर लिया।

# हरभजन ने ईडन गार्डन की पिच पर नाराजगी जतायी, इस प्रकार की पिचों से टेस्ट क्रिकेटर को हो रहा नुकसान



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने दक्षिण अफीका के खिलाफ पहले ही टेस्ट में टीम को मिली करारी हार पर निराशा जतायी है। हरभजन ने इस हार के लिए टीम प्रबंधन को जिम्मेदार बताते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने ऐसी पिच बनवायी जिसपर बल्लेबाजी करना बेहद कठिन था। भारतीय टीम की तीन दिनों के अंदर हुई हार के बाद ही ईडन गार्डन्स की पिच विवादों में है क्योंकि तीन दिन के अंदर ही 40 विकेट गिर गए। हरभजन ने कहा कि ऐसी पिचों के कारण ही टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है। साथ ही कहा कि इस प्रकार की पिच पर खेलकर खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ सकते। हरभजन ने कहा, 'इस प्रकार की पिच से पूरी टेस्ट क्रिकेट बर्बाद हो रहा है। इस प्रकार की पिचें बनाने को काम पिछले कुछ समय से हो रहा है। मैं कई सालों से देख रहा हूं। कोई इस बारे में बात नहीं करता क्योंकि टीम जीत रही है, कोई विकेट ले रहा है, कोई महान खिलाड़ी बन रहा है। उन विकेटों को लेकर इसलिए सबको लगता है कि सब कुछ ठीक चल रहा है। मुझे लगता है कि यह चलन आज शुरू नहीं हुआ है। यह कई सालों से चल रहा है, और मुझे लगता है कि यह खेलने का सही तरीका नहीं है!' साथ ही कहा 'आप किसी भी तरह से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, आप चक्की में बंधे घूम रहे हैं। आप जीत रहे हैं, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं है क्योंकि एक क्रिकेटर के रूप में, आप आगे नहीं बढ़ रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह समय है इस पर विचार करने का कि ऐसी पिचों पर मैच खेलना जहां आपके बल्लेबाज यह भी नहीं जानते कि रन कैसे बनाए जाएं।

# 'स्पिन खेलने में भारत से बेहतर हैं पश्चिमी टीमें', अश्विन का भारतीय बल्लेबाजों पर बड़ा हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय बल्लेबाजों में गेंदबाजों के खिलाफ खेलने की क्षमता की कमी को उजागर करते हुए दावा किया कि अगर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर या पूर्व घरेलू हीरो अमोल मजूमदार, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच और मिथुन मन्हास ऐसी पिच पर स्पिनरों के खिलाफ खेले होते, तो टेस्ट चार दिन तक चलता, जबकि भारत को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

इस हार को देखने के बाद, पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन, जिन्होंने पिछले एक दशक में अपनी स्पिन में महारत के साथ टर्निंग ट्रैक पर भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, का मानना ??है कि पश्चिमी देश स्पिन से निपटने में भारत से कहीं बेहतर हैं। भारत और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच बमुश्किल तीन दिन चला, क्योंकि मेजबान टीम 134 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही और 93 रनों पर ढेर हो गई।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मैं एक ऐसे दौर में एक और मैच में अपनी गर्दन निकालकर कहूंगा, जब स्पिन गेंदबाजी का बखूबी मुकाबला किया जाता था। मैं अमोल मजूमदार और मिथुन मन्हास, जो बीसीसीआई अध्यक्ष हैं, का नाम लूंगा, और मैं सभी का नाम नहीं लूंगा, बल्कि अपने चरम पर क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। अश्विन ने आगे कहा कि अगर ये खिलाड़ी स्पिन के ख़िलाफ़ इसी विकेट पर खेलते, तो यह मैच चार दिन तक खिंच सकता था। कुल 16 बल्लेबाज़ों में से सिर्फ़ तीन-चार बल्लेबाज़ ही अच्छी तरह से डिफ़ेंड कर पाए। अगर आपको टर्निंग ट्रैक पर खेलना है, तो स्पिन के ख़िलाफ़ आपका खेल अच्छा होना चाहिए; वरना, ऐसी पिचों पर मत खेलिए।

पहली पारी में गर्दन में ऐंठन के कारण भारत के कप्तान शुभमन गिल का विकेट गिर गया। कप्तान के बिना, गिल के उपकप्तान ऋषभ पंत ने उनकी जगह ज़िम्मेदारी संभाली और भारत ने 10 खिलाड़ियों के साथ मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश की। वाशिंगटन सुंदर (92 गेंदों पर 31 रन) और अक्षर पटेल (17 गेंदों पर 26 रन) की ज़बरदस्त पारियों के बावजूद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। भारत की हार के असली सूत्रधार साइमन हार्मर थे, जिन्होंने अपनी बाएँ हाथ की स्पिन से पंत, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा के विकेट चटकाए और 30 रन देकर 4 विकेट लिए। हार्मर के खिलाफ भारत का संघर्ष आधुनिक समय की दिग्गज टीमों की स्पिन के खिलाफ घटती कला की कड़वी याद दिलाता है।

# रिजवान व फखर के अर्धशतकों से पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय में श्रीलंकाई टीम को 6 विकेट से हराया, 3-0 से सीरीज जीती



लाहौर। मोहम्मद वसीम जूनियर की अच्छी गेंदबाजी और मोहम्मद रिजवान वह फखर जमा की बेहतरीन बल्लेबाजी से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज पाक टीम ने 3-0 से जीत ली है। इस मैच में मेहमान श्रीलंकाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.2 ओवरों में ही 211 रनों पर आउट हो गयी। पाक की ओर से वसीम ने तीन विकेट लिए। इसके बाद जीत के लिए मिले 212 रनों के लक्ष्य को पाक ने रिजवान और फखर के अर्धशतकों की सहायता से 4 विकेट के नुकसान पर 45वें ओवर में ही हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की ओर से ओपनर पथुम निसंका 24 रन बनाकर ही आउट हो गये। सदीरा समरविक्रमा ने सबसे अधिक 48 रन की पारी खेली जबकि पवन रत्नायके ने 32 रन बनाये जबकि कामिल मिश्रा ने 29 रन बनाये। पाक की ओर से वसीम जूनियर ने 3 विकेट लिए जबकि हारिस रउफ और फैसल अकरम को दो- दो विकेट मिले। 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम ने 44.4 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने 45 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 55 रन बनाये जबकि मोहम्मद रिजवान ने 92 गेंदों पर 62 रन बनाये। बाबर आजम ने 52 गेंदों पर 34 रन बनाए। हुसैन तलत 57 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं श्रीलंका की ओर से जेफी वेंडरसे ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए जबकि एक विकेट महीश तीक्ष्णा को मिला।

# दिनेश कार्तिक की चेतावनी- सुंदर को नंबर-3 पर भेजकर टीम इंडिया कर रही है बड़ी गलती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने वॉशिंगटन सुंदर को एक चौंकाने वाला प्रमोशन दिया और उन्हें नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। हालांकि यह प्रयोग उम्मीद के मुताबिक नहीं चला और सुंदर दोनों पारियों को मिलाकर सिर्फ 60 रन ही बना पाए। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में भी उनका असर बिल्कुल नहीं दिखा और पूरे मैच में उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका।

### कार्तिक ने जताई चिंता– 'यह उनकी गेंदबाजी पर असर डालेगा'

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने इस फैसले को गलत ठहराते हुए साफ कहा कि सुंदर को टॉप ऑर्डर में भेजना उनकी गेंदबाजी क्षमता पर बड़ा असर डाल सकता है।

कार्तिक ने कहा:'अगर आप सुंदर को नंबर-3 भेज रहे हैं, तो आप उन्हें बता रहे हैं कि अब उन्हें बल्लेबाजी पर ज़्यादा ध्यान देना होगा। जैसे-जैसे वह बैटिंग पर समय देंगे, उनकी गेंदबाजी की प्रैक्टिस घटेगी–और दोनों में टॉप पर रहना शारीरिक रूप से संभव नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि लंबे वक्त में यह फैसला उनके गेंदबाजी कौशल को नुकसान पहुंचा सकता है।



### सुंदर की नई भूमिका पर उठे सवाल

सुंदर ने साई सुदर्शन की जगह नंबर-3 बल्लेबाज़ की भूमिका निभाई थी। हालांकि यह पोजीशन आमतौर पर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज़ की होती है। सुंदर ने सीमित ओवर क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता दिखाई है, लेकिन टेस्ट में यह भूमिका उनके लिए नई और चुनौतीपूर्ण है। दूसरे टेस्ट (22 नवंबर, गुवाहाटी) में वह उसी स्थान पर खेलेंगे या नहीं, यह अभी बड़ा सवाल बना हुआ है।

# माइकल फेल्प्स हैं विश्व के सबसे सफल तैराक, ओलंपिक में जीते हैं कुल 28 पदक

नई दिल्ली। तैराकी आज ओलंपिक सहित कई खेलों का अहम हिस्सा है जबकि पहले के समय में किसी ने इसकी कल्पना नहीं की थी कि इसे भी खेलों में जगह मिलेगी। ओलंपिक खेलों में अमेरिका के माइकल फेल्प्स विश्व के सबसे सफल तैराक हैं। फेल्प्स ने ओलंपिक में कुल 28 पदक जीते हैं, जिनमें 23 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। वह न सिर्फ तैराकी में बल्कि किसी भी इवेंट में ओलंपिक इतिहास के सबसे सफल और सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले एथलीट हैं। तैराकी स्पर्धा की सबसे अधिक सुविधा संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और सिंगापुर में हैं। सिंगापुर ने रियो ओलंपिक में तैराकी में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, स्वीडन, नीदरलैंड, नॉर्वे, और फिनलैंड में भी तैराकी काफी लोकप्रिय है। वहीं भारत की बात की जाये तो अभी वह काफी पीछे हैं। देश में स्विमिंग पूल की कमी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रमुख बाधा है। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया नियमित रूप से राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करता है पर अभी ये पर्याप्त नहीं कही जा सकती हैं। अगर तैराकी के यहां तक के सफल पर नजर डालें तो प्राचीन मिस्र, यूनान और रोम में तैराकी सैन्य प्रशिक्षण, मनोरंजन और स्वास्थ्य का हिस्सा थी। वहीं इसके बाद 19वीं सदी में ब्रिटेन में तैराकी क्लब बने। धीरे-धीरे तैराकी का विकास एक खेल के रूप में हुआ और इसे 1896 के ओलंपिक में शामिल किया गया। महिला तैराकों को ओलंपिक में पहली बार भाग लेने का अवसर 1912 से मिला। 20वीं सदी में तकनीकी प्रगति हुई। फ्लिपर्स, गॉगल्स और स्पीडो सूट जैसे उपकरण आए। फेडरेशन इंटरनेशनल डी नेटेशन की स्थापना 1908 में हुई, जो नियम निर्धारित करती है। समय के साथ तैराकी में फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक और बटरफ्लाई शैलियां विकसित हुईं। 1896 ओलंपिक से शुरू हुआ तैराकी का वैश्विक सफर 2024 ओलंपिक तक एक समृद्ध विरासत के रूप में विकसित हो गया है। आज तैराकी को खेल के साथ-साथ फिटनेस के नजरिये से भी बेहद अहम माना जाता है।



# कोई भी बाहर बैठे, दक्षिण अफ्रीका जीत का रास्ता ढूंढ लेगा: कागिसो रबाडा



**कोलकाता (एजेंसी)।** पसलियों में चोट के कारण भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा अपनी टीम की असफलताओं से उबरने और किसी भी खिलाड़ी के नहीं खेल पाने के बावजूद जीत का रास्ता तलाशने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं।

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका की टीम ने रविवार को यहां पहले टेस्ट मैच में भारत को तीन दिन के अंदर 30 रन से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की यह पिछले 15 साल में भारतीय धरती पर पहली जीत थी जिससे उसने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली।

रबाडा ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन बाहर बैठता है, हम तब भी जीतने का एक तरीका ढूंढ लेंगे। (कप्तान) तेम्बा (बावुमा) ने हमारे लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन वह प्रत्येक मैच में नहीं खेल पाए। मैं भी इस मैच में नहीं खेल पाया था।'

बावुमा चोटिल होने के कारण पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाने के बाद अंतिम एकादश में लौटे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी करके श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी। रबाडा ने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जो भी मैदान पर उतरेगा, हमारा मानना है कि वह अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा सकता है।'

दक्षिण अफ्रीका यहां के असमान उछाल और टर्न लेने वाले विकेट पर जीत हासिल करने में सफल रहा। रबाडा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की सराहना की, जिसमें कप्तान बावुमा की दूसरी पारी में खेली गई 55 रन की पारी भी शामिल है। रबाडा ने कहा, 'पहली पारी में एडेन (मार्करम) और (रयान) रिकेल्टन ने हमें अच्छी शुरुआत दी। उन्होंने लय बनाई। मार्को (यानसन) ने अच्छा प्रदर्शन किया। बोस्ची (कॉर्बिन बॉश) अहम मौकों पर डटे रहे। सभी ने योगदान दिया और यही इस टीम की विशेषता है।'

अभी तक यह सुनिश्चित नहीं है कि रबाडा 22 नवंबर से गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। रबाडा ने कहा कि कोलकाता में कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मिली जीत इस सत्र में दक्षिण अफ्रीका की सर्वश्रेष्ठ तीन जीत में शामिल है। उन्होंने कहा, '(यह जीत) निश्चित रूप से शीर्ष पर है। इस सत्र में हमने जिस तरह की जीत हासिल की है, उसके आधार पर यह कहना मुश्किल है, क्योंकि हमने कुछ शानदार जीत हासिल की हैं, लेकिन यह जीत निश्चित रूप से शीर्ष तीन में है।'

## दिल्ली विस्फोट घाटी में केंद्र सरकार की विफलता को दिखाता : महबूबा मुफ्ती

श्रीनगर (एजेंसी)। पीडीपी प्रमुख और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की मोदी पर आरोप लगाया कि 10 नवंबर को लाल किले पर हुआ विस्फोट बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है। महबूबा ने कहा कि आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं। आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन वादे को पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है। महबूबा ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके वोट मिल सकते हैं, लेकिन देश किस दिशा में जा रहा है। दिल्ली के लोग शायद यह सोचते हैं कि जितना ज्यादा हिंदू-मुस्लिम विभाजन होगा, उतना ही खून-खराबा होगा, उतने ही ज्यादा वोट उन्हें मिलने है। मुझे लगता है कि उन्हें फिर सोचना चाहिए। देश कुर्सी से कहीं बड़ा है। मैं ऐसा करने वाले युवाओं से फिर कहना चाहती हूं कि आप जो कर रहे हैं वह हर तरह से गलत है। यह न केवल आपके लिए, बल्कि आपके परिवार, जम्मू-कश्मीर और पूरे देश के लिए भी खतरनाक है। आप इतना बड़ा जोखिम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि आप अपने प्रियजन की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। कई निर्दोष लोगों की जिंदगी दांव पर लगी है।



## रूस से एमबीबीएस के छात्र का शव 28 दिन बाद पहुंचा अलवर

अलवर (एजेंसी)। राजस्थान के जिले अलवर में सोमवार सुबह रूस से एमबीबीएस के छात्र अजीत चौधरी का शव 28 दिन बाद पहुंचा। वहां लक्ष्मणगढ़ के कफनवाड़ा गांव निवासी था। जिला हॉस्पिटल में बॉडी रखी गई है। छात्रा चौधरी का अंतिम संस्कार उसके गांव में होगा। अजीत 19 अक्टूबर को रूस के ऊफा शहर में लापता हुआ था। 6 नवंबर को उसका शव व्हाइट रिवर से लगते बांध में मिला था। 14 नवंबर को रूस में पोस्टमॉर्टम हुआ था। सोमवार को शव अलवर पहुंचा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 28 दिन लगे। अजीत की मां की हालत नाजुक है। अजीत का शव सुबह करीब 4 बजकर 5 मिनट पर फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा। सुबह करीब 9 बजे शव को अलवर जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की गई। रूस में पहले ही छात्र के शव का पोस्टमॉर्टम किया जा चुका था। परिजनों की मांग पर अलवर जिला अस्पताल में भी डॉक्टरों की टीम का मेडिकल बोर्ड बनाया था। इसी बोर्ड ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अजीत के शव का पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। परिवार शव को लेकर कफनवाड़ा गांव पहुंचा, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## बालासाहेब ठाकरे मेमोरियल कमेटी का चेयरमैन बने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्व.हिंदु हृदय सम्राह नेता बालासाहेब ठाकरे मेमोरियल कमेटी का चेयरमैन शिवसेना-यूबीटी गुट के मुखिया और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को बनाया है। यह फैसला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि शिवसेना के दूसरे गुट के नेता और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करते हैं। इस निर्णय को एकनाथ शिंदे को टेंशन देने वाला माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले से ही फडणवीस सरकार में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। अब फडणवीस के इस फैसले के बाद महायुति में फिर टेंशन बढ़ सकती है। वहीं महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित समिति के प्रमुख सदस्य के रुप चेयरमैन उद्धव ठाकरे और सदस्य के रुप में आदित्य ठाकरे, सुभाष देसाई, पराग अलवानी (भाजपा विधायक) और शिशिर शिंदे (शिवसेना नेता) को शामिल किया गया है। जानकार मानते हैं कि देवेंद्र फडणवीस बीच-बीच में उद्धव ठाकरे के साथ सेतु बनाने की कोशिश करते हैं ताकि एकनाथ शिंदे पर दबाव बनाकर रखा जा सके। उद्धव ठाकरे ने हाल ही में 3 नवंबर को बाढ़ प्रभावित इलाकों में किसानों को पर्याप्त मदद न मिलने के लिए फडणवीस सरकार की आलोचना की थी।



## पूर्व बीजेपी प्रत्याशी अजय श्याम के बयान से आहत ब्राह्मण समाज, माफी की उठी मांग

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के ठियोग विधानसभा से पूर्व बीजेपी प्रत्याशी अजय श्याम एक स्कूल में दिए गए भाषण के कारण सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। बीजेपी नेता श्याम ने ठियोग विधानसभा के एक स्कूल कार्यक्रम में पुनर्जन्म, मरने के बाद के कर्मकांड, और ब्राह्मणों की भूमिका पर सवाल उठाए। उनके बयान को सनातन विरोधी और ब्राह्मण समाज का अपमान करने वाला बताया गया। उन्होंने कहा कि पुनर्जन्म की बात दिमाग से निकाल देनी चाहिए, और कोई भी पंडित यह प्रमाणित नहीं कर सकता कि 16वें दिन दिया गया दान (जैसे बिस्तर या पहाड़ी डिश धिंधड़े) मृतक को ऊपर मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि मरने के बाद भी फोन साथ चाहिए, पंडित जी को दान कर देना, ये टाइम आने वाला है। उनके बयान से ब्राह्मण समाज और सनातन परंपराओं को मानने वाले हिंदू आहत हुए और वह सोशल मीडिया पर बुरी तरह फंस गए। देवभूमि क्षत्रिय संगठन और कई ब्राह्मणों की चेतावनी के बाद, श्याम ने सार्वजनिक तौर पर ब्राह्मण समाज से माफी मांगी है।

## फरीदाबाद पुलिस ने 2000 से ज्यादा छात्रों और किरायेदारों से पूछताछ की

फरीदाबाद(एजेंसी)। दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में 12 लोगों की मौत के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी जांच और तेज की है। इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस ने सोमवार को शहर में किराए पर रह रहे बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्रों व अन्य किरायेदारों से पूछताछ की। अब तक 2000 से ज्यादा छात्रों और किरायेदारों से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस कोशिश कर रही हैं कि कहीं इस व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े और भी सुराग नहीं छूट गए।

# मौत की सजा पर शेख हसीना, पूरी तरह पक्षपातपूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित और अवैध

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) द्वारा सुनाई मौत की सजा को पूरी तरह पक्षपातपूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित और अवैध बताया है। सजा के ऐलान के बाद अपने पहले इंटरव्यू में 78 वर्षीय शेख हसीना ने कहा कि यह फैसला एक फर्जी और तथाकथित अदालत का है, जिस अदालत को कोई जनादेश प्राप्त नहीं है।

हसीना 5 अगस्त 2024 से ही भारत में शरण लेकर रह रही हैं। उन पर बीते साल के हिंसक छात्र आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाकर इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने उन्हें दोषी ठहराया है। हसीना ने फैसले पर प्रतिक्रिया देकर कहा, मैं खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करती हूं। मुकदमा मेरी अनुपस्थिति में चला और मुझे न अपना बचाव करने का मौका मिला, न ही अपनी पसंद के वकील रखने की इजाजत दी गई।



उन्होंने कहा, आईसीटी में इंटरनेशनल जैसा कुछ भी नहीं है। यह ट्रिब्यूनल केवल अवामी लीग के सदस्यों को ही निशाना बनने में लगा हुआ है। जबकि विपक्षी दलों द्वारा की गई हिंसा को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहा है। हसीना ने कहा, दुनिया का कोई भी सम्मानित और पेशेवर कानूनविद् बांग्लादेश के इस आईसीटी को मान्यता नहीं देगा। इसका मकसद बांग्लादेश की आखिरी चुनी हुई प्रधानमंत्री को सत्ता से हटाकर अवामी लीग को राजनीतिक रूप से खत्म करना है। हसीना ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर असंवैधानिक तरीके से सत्ता हथियाने और चरमपंथी ताकतों के समर्थन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के शासन में छात्रों, कपड़ा उद्योग में काम करने वाले मजदूरों, डॉक्टरों और शिक्षकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का दमन हो रहा है, कई जगह गोलीबारी हुई है और पत्रकारों को प्रताड़ित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि मोहम्मद यूनुस समर्थकों ने पूरे देश में अवामी लीग नेताओं और कार्यकर्ताओं के सैकड़ों घरों, दुकानों और संपत्तियों को नष्ट किया। इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल द्वारा बताए 1,400 से ज्यादा मृतकों के आंकड़े को शेख हसीना ने खारिज कर कहा कि खुद बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 614 परिवारों को शहीद का दर्जा देकर सहायता राशि दी है। उन्होंने आरोप लगाए कि अभियोजन पक्ष ने गवाहों पर दबाव बनाकर उनके बयान दर्ज किए हैं।

## राहुल गांधी मानहानि मामला- गवाह रहे गैर हाजिर, फिर टली सुनवाई

सुल्तानपुर (एजेंसी)। रायबरेली से सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई सोमवार को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में टल गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता ने बताया कि गवाह राम चंद्र दुबे के अनुपस्थित रहने और स्थगन प्रार्थना पत्र देने के कारण कार्यवाही नहीं हो सकी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मिश्रा, कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी। गत 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए इस मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया था। राहुल गांधी के बयान के बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था तब से लगातार गवाह पेश किए जा रहे हैं। अब तक केवल एक गवाह से जिरह पूरी हो पाई है, जबकि दूसरे गवाह से जिरह शुरू हुई है।

## राजस्व खुफिया विभाग का बड़ा एक्शन, चीन से आने वाले पटाखों और आतिशबाजी के सामना को पकड़ा

मुंबई (एजेंसी)। राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) ने चीन से आने वाले पटाखों और आतिशबाजी की अवैध तस्करी का एक और बड़ा मामला पकड़ा है। डीआरआई की टीम ने तस्करी को रोक दिया। अब तक का यह एक और सफल अभियान है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि पटाखों की तस्करी रोकने के लिए चल रहे फायर ट्रेल अभियान चलाया, जिसमें डीआरआई ने मुंद्रा बंदरगाह पर बड़ा काम किया। टीम ने 5 करोड़ की कीमत के 30,000 अवैध पटाखे पकड़े और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस अभियान के दौरान, डीआरआई अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आए एक 40 फुट लंबे कंटेनर को पकड़ा, जिस पर पानी का गिलास और फूलदान होने का दावा किया जा रहा था। लेकिन जांच में पानी के गिलास के एक सेट के पीछे 30,000 छिपे हुए पटाखे/आतिशबाजी के टुकड़े मिले। डीआरआई ने कहा कि आयातक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे और गिरफ्तार शख्स ने खुद स्वीकार किया कि माल की तस्करी आर्थिक लाभ के लिए की गई थी।

इसके पहले, अक्टूबर माह में, डीआरआई ने मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल किया था। इसमें सिर्फ अक्टूबर महीने में, डीआरआई मुंबई क्षेत्रीय इकाई (एमजेडयू) ने लगभग 16 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध रूप से आयातित पटाखे जब्त किए।

मंत्रालय के अनुसार, विदेश व्यापार नीति के आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण के तहत पटाखों का आयात प्रतिबंधित है और इसके लिए विस्फोटक नियम, 2008 के तहत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) दोनों से वैध लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

डीआरआई ने कहा, इसतरह के खतरनाक सामान की गैरकानूनी तस्करी से लोगों की जान को खतरा है। देश की सुरक्षा, बंदरगाह, जहाज और पूरे व्यापार को बड़ा नुकसान हो सकता है।

## राजद सुप्रीमो का घरेलू विवाद: भाजपा ने लालू-राबड़ी की सुरक्षा पर उठाए सवाल, कहा- रोहिणी को एफआईआर कराना चाहिए

पटना (एजेंसी)। भाजपा के प्रवक्ता अजय आलोक ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबडी देवी की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। साथ उन्होंने यह भी कहा कि रोहिणी को तत्काल एफआईआर कराना चाहिए। आलोक ने एक्स पर लिखा, 'क्या लालू जी और राबड़ी देवी को कैद कर लिया गया हैं? जान पे खतरा? रोहिणी जी को एक एफआईआर करवानी चाहिए साथ में तेज प्रताप भी रहे। मिसा क्यों चुप हैं? लालू प्रसाद यादव इससे पहले इसी साल अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को घर और पार्टी से बेदखल कर चुके हैं। अब तेजप्रताप की बहन और लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया है कि उनके साथ मारपीट की गई है।

बता दें कि बिहार के सबसे बड़े सियासी घराने में बवाल मचा हुआ है। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य ने लगातार दूसरे दिन रविवार को भी अपना दर्द साझा किया। दिल्ली से सिंगापुर जाने के क्रम में रोहिणी एक बार फिर अपने छोटे भाई और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद सांसद संजय यादव और इनके करीबी रमीज पर हमलावर रहीं। रोहिणी आचार्य ने रविवार को आरोप लगाया कि भाई तेजस्वी यादव के कुछ सहयोगी उनके बारे में कह रहे हैं कि मैंने अपने पिता को गंदी किडनी दी और इसके बदले करोड़ों रुपये व पार्टी का टिकट लिया। आचार्य ने भावुक होते हुए 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि किसी घर रोहिणी जैसी बेटी न हो।



### रोहिणी ने कहा- मुझसे कहा गया गंदी किडनी दी

रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी भड़ास निकाली। हाल में हुए बिहार चुनाव में राजद की हार के लिए रोहिणी ने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सहयोगियों, हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले राजद सांसद संजय यादव और उत्तर प्रदेश के एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले रमीज, को जिम्मेदार ठहराया था। पिछले साल के आम चुनावों में सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाली आचार्य ने कहा, कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रुपये लिए, टिकट लिया।

### किडनी देते वक्त पति की अनुमति नहीं ली- रोहिणी

रोहिणी ने कहा, मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनों बच्चों को नहीं देखा। किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली। अपने भगवान, अपने पिता को बचाने के लिए वह कर दिया, जिसे आज गंदा बता दिया गया। आप सब मेरे जैसी गलती कभी न करें। किसी घर रोहिणी जैसी बेटी (पैदा) न हो। एक अन्य पोस्ट में लालू प्रसाद की बेटी ने आरोप लगाया, कल एक बेटी, एक बहन, एक शादीशुदा महिला, एक मां को जलील किया गया। मारने के लिए चप्पल (भी) उठाया गया। मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया, सच का समर्पण नहीं किया। सिर्फ और सिर्फ इस वजह से मुझे बेइज्जती झेलनी पडी।

## रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, हमारा मकसद नहीं राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने... लेकिन देश सेक्युलर और एकजुट रहे

**-लोकतंत्र कायम रहे और चुनाव निष्पक्ष होने चाहिए**

इंदौर (एजेंसी)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री कोई भी बने लेकिन देश सेक्युलर और एकजुट रहना चाहिए। लोकतंत्र कायम रहे और चुनाव निष्पक्ष होने चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका लड़ाई इस बात की नहीं है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें या नहीं। मध्य प्रदेश के इंदौर में सोनिया गांधी के दामाद वाड्रा ने कहा कि यदि बिहार में बैलेट पेपर से फिर से चुनाव कराया जाए, तब परिणाम बदल जाएंगे।



राबर्ट वाड्रा ने कहा कि यदि बैलेट पेपर से फिर चुनाव कराए, तब नतीजा बदल जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसा होगा नहीं। राहुल गांधी के जीजा राबर्ट वाड्रा ने ईवीएम से चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाकर कहा, 'मैं कुछ कह रहा हूं वह लोगों के बीच रहकर अनुभव से है। यदि आज हम बैलेट पेपर से (चुनाव) करते हैं, तब परिणाम अलग आएंगे। यदि फिर चुनाव हो...पर मुझे पता है कि दोबारा चुनाव कभी नहीं होगा। अब वे तैयारी कर रहे हैं, दूसरे राज्यों में चुनाव है, जो उनकी टीम है, बीजेपी, चुनाव आयोग और एजेंसियां, वह अगले चुनाव की तैयारी करेगी।' प्रियंका गांधी के पति वाड्रा ने कहा कि इस तरह की जो सरकार होगी कुछ ही लोगों को फायदा होगा जैसे अंबानी-अडानी। सारे बंदरगाह, सारे एयरपोर्ट, सब जगह अडानी-अडानी दिख रहा है। कोई जवाबदेही होनी चाहिए कि कितना पैसा खर्च हो रहा है। गौरतलब है कि राहुल गांधी भी देश के दो उद्योगपतियों का नाम लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर होकर आरोप लगाते हैं कि देश के संसाधन इन्हें दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'हम लोग लड़ते रहने वाले हैं, लोकतंत्र के लिए, देश के लोगों के लिए, देश के हित के लिए, चाहे राहुल प्रधानमंत्री बनें या नहीं, हमारा मकसद वह नहीं है। देश को सेक्युलर रखना है, एकजुट रखना है।

## पीके पार्टी ने 238 उम्मीदवार किए खड़े, 236 की जमानत जब्त

**- 35 सीटों ने बदल दिए रिजल्ट, एनडीए को मिला फायदा**

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम ने सबसे ज्यादा प्रशांत किशोर की उम्मीदों पर पानी फेरा है। उन्होंने 238 उम्मीदवार उतारकर बिहार में सरकार बनाने तक का दावा किया था। वहीं उनके 236 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। करीब 35 सीटें ऐसी थीं जिनपर उनके प्रत्याशियों की वजह से समीकरण बदल गए। इन सीटों में से 19 एनडीए के खाते में गईं और 14 महागठबंधन को मिलीं। इसके अलावा एआईएमआईएम और बीएसपी ने एक-एक ऐसी सीट जीती।

इन 35 सीटों पर प्रशांत की जनसुराज पार्टी को जीत-हार के अंतर से ज्यादा वोट मिले। अब यह नहीं कहा जा सकता है कि अगर प्रशांत ने अपने उम्मीदवार को ना उतारा होता तो ये वोट किस तरफ जाते। 115 सीटों पर जनसुराज पार्टी तीसरे स्थान पर थी और एक सीट पर यह दूसरे नंबर पर थी। इन 35 सीटों में से प्रशांत किशोर की पहले की पार्टी जेडीयू जीत गई। एक सीट चिराग पासवान और एक उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के खाते में गई।



वहीं महागठबंधन में इन सीटों में से 9 पर आरजेडी, एक पर सीपीएम, एक पर सीपीआई माले और एक पर आईआईपी ने जीत दर्ज की। बता दें प्रशांत किशोर को लेकर पहले भी आलोचक यही भविष्यवाणी करते थे कि वे कोई भी सीट जीत नहीं पाएंगे। कुछ लोगों का कहना था कि ब्राह्मण होने की वजह से वह बीजेपी के वोट काटेंगे। वहीं अन्य लोगों का कहना था कि पलायन और रोजगार को मुद्दा बनाने की वजह से युवा उनकी तरफ झुक सकता है। हालांकि नतीजों के बाद कहा जा सकता है कि वह किसी भी वर्ग को अपनी ओर खींचने में सफल नहीं हो पाए।

जनसुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के ''जंगलराज'' की आशंका के कारण जनसुराज के मतदाता अंतिम समय में एनडीए के पक्ष में चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए को मिला भारी बहुमत ''खरीदा हुआ'' है। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले राज्य की एनडीए सरकार ने वोट हासिल करने के लिए 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।

# इसरो का बड़ा रोडमैप: चंद्रयान-4 को मिली मंजूरी, 2027 में पहला मानव मिशन

**-2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा**

नई दिल्ली (एजेंसी)।भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन आने वाले वर्षों में अभूतपूर्व उपलब्धियों की ओर बढ़ रहा है। वैज्ञानिक क्षमता, तकनीकी मजबूती और उद्योग सहयोग के बल पर इसरो ने अपना विस्तृत रोडमैप साझा किया है। इसमें चंद्रमा से सैंपल लाने वाला महत्वाकांक्षी चंद्रयान-4 मिशन, 2027 तक भारत का पहला मानव-सहित अंतरिक्ष मिशन और 2035 तक अपना स्वतंत्र अंतरिक्ष स्टेशन शामिल है।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, कि संगठन इस वित्तीय वर्ष में कुल सात लॉन्चिंग करने की तैयारी कर रहा है। इनमें एक कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट, कई पीएसएलवी और जीएसएलवी मिशन शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसरो पहली बार पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित पीएसएलवी परीक्षण के लिए तैयार कर रहा है, जो आत्मनिर्भर अंतरिक्ष कार्यक्रम की दिशा में बड़ी उपलब्धि होगी।

सरकार ने अब चंद्रयान-4 मिशन को औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह मिशन चंद्रमा की सतह से सैंपल पृथ्वी तक लाने वाला अत्यंत जटिल अभियान होगा। इसरो 2028 तक इसे लॉन्च करने का लक्ष्य बना रहा है। इसके साथ ही जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जेक्सा के साथ मिलकर लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन मिशन (लुपेक्स) पर भी काम तेजी से बढ़ाया जा रहा है। नारायणन ने बताया कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसरो अपनी अंतरिक्षयान निर्माण क्षमता को अगले तीन वर्षों में तीन गुना तक बढ़ाएगा। इससे भारत को अधिक मिशन कम समय में लॉन्च करने में मदद मिलेगी।

भारत के दीर्घकालिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में सबसे अहम परियोजनाओं में से एक है- भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन। इसरो 2035 तक अपने अंतरिक्ष स्टेशन को पूर्ण रूप में स्थापित करने की योजना पर काम कर रहा है। पांच मॉड्यूल वाले इस स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 तक कक्षा में भेज दिया जाएगा। इसके साथ भारत अमेरिका और चीन के बाद अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन रखने वाला तीसरा देश बन सकता है। इसी तरह मानव-सहित गगनयान मिशन पर कार्य तेज़ी से जारी है। योजना के अनुसार 2027 तक भारत अपना पहला मानव अंतरिक्ष यान भेज देगा, जो देश के अंतरिक्ष इतिहास में एक बड़ा मोड़ साबित होगा। इसरो अध्यक्ष के अनुसार, आने वाले दशक में भारत अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी देशों की श्रेणी में शामिल होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

## 10 दिनों की एनआईए कस्टडी में भेजा गया आमिर राशिद अली, उमर से सीधा संपर्क

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली धमाका मामले में दिल्ली से गिरफ्तार किए गए आरोपी आमिर राशिद अली को 10 दिन की एनआईए की हिरासत में भेजा गया है। एनआईए ने राशिद को सोवार को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप है कि आत्मघाती हमलावर डॉक्टर उमर उन नबी के साथ मिलकर आतंकी हमले की साजिश रची।



इसके पहले जांच एजेंसी एनआईए ने आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के करीबी आमिर राशिद अली को गिरफ्तार कर लिया है, जो कश्मीरी निवासी है। हमले में इस्तेमाल कार आमिर के नाम पर ही रजिस्टर्ड है। ऐसा बताया जा रहा है कि आमिर ने उमर के साथ मिलकर ही आतंकी साजिश को अंजाम दिया था। वह जम्मू-कश्मीर के संबूरा, पंपोर का रहने वाला है। सबसे खास बात यह है कि जिस कार में आईईडी लगाकर धमाका किया गया था, वह कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी। एनआईए ने दिल्ली में छापा मारकर आमिर को पकड़ा।

आमिर के परिवार ने बताया कि वह प्लंबर का काम करता है और उसके भाई को भी गिरफ्तार किया है, जिसका नाम उमर है। उमर इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। परिवार का कहना है कि आमिर कभी दिल्ली गया ही नहीं। सिर्फ कार इनकी है और उसका भी रजिस्ट्रेशन जम्मू-कश्मीर का है। इनके पिता की मौत कुछ साल पहले ही हुई थी। एनआइए ने बताया कि इस पूरी साजिश को आमिर राशिद अली ने कथित आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के साथ मिलकर अंजाम दिया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशन्स एलएलपी की ओर से शिवसाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नंदन कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902